दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — कांग्रेस सदस्य की टिप्पणी से...
4 अभिव्यक्ति — कनक तिवारी की गांधी दृष्टि...
9 मनोरंजन/व्यापार — करीना संग काम करना वाइल्ड पिकनिक...
11 खेल — न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को पारी से दी...

www.navpradesh.com
बिलासपुर, मंगलवार 26 नवम्बर, 2019, मार्गशीर्ष अमावस्या, विक्रम संवत-2075 वर्ष-05 अंक-224 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

बेटी बचाओ आंदोलन की तर्ज पर विधायक बचाओ आंदोलन भी चलाया जाए। इसका खर्च सरकार वहन करें। बेचारे गरीब राजनैतिक दलों को आखिर कब तक अपने विधायकों को फाइव स्टार होटलों में ऐश कराने का खर्च उठाना पड़ेगा? विधायक जनता का प्रतिनिधि बाद में है पहले वह राजनीतिक पार्टियों की संपत्ति होता है। दो कौड़ी की लोग करोड़ों में जो बिकते है। वैसे कितने भी परदे में रखो बिकाऊ माल बिक ही जाता है। वो गाना है-रहे कोई सौ परदों में डरे शरम से, लाख चुराए नजरे अपने सनम से, आ ही जाता है न जिस पर दिल आना होता है...।

नगरीय निकाय चुनाव की तारीखें मुकर्रर होने के साथ ही प्रदेश में लागू हो गई आचार संहिता

30 नवंबर नामांकन, 9 दिसंबर नाम वापसी, 21 को चुनाव और 24 को फैसला

पहली बार पार्षद भरेंगे ऑनलाइन फॉर्म, वोटर लिस्ट भी ऑनलाइन तैयार

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने सोमवार 25 नवंबर को प्रदेश में निकाय चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। उनकी घोषणा के साथ ही प्रदेश में आचार संहिता लागू हो गई है।

वोटर प्रभावित न हो इसलिए जब तक शहरी सरकार निर्वाचित नहीं हो जाति तब तक राज्य में नीतिगत फैसले नहीं लिये जा सकते। अब राज्य सरकार नगरीय निकाय क्षेत्र में लोकार्पण एवं भूमिपूजन नहीं कर सकेगी। ठाकुर रामसिंह ने बताया कि नगरीय निकाय का चुनाव दिसंबर में होगा। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आयोग का ये है चुनावी आंकड़ा

10	39	103
नगर निगम	नगर पालिका	नगर पंचायत

2840 वार्डों में वोटिंग, 40 लाख वोटर्स हैं

5406 कुल मतदान केंद्र | 21000 हजार सुरक्षाकर्मी

बड़ी चुनौती खर्च का हिसाब रखना

प्रशासनिक स्तर पर आयोग ने कई दफा समीक्षा की है और पूरा यकीन है कि चुनाव निर्विरोध संपन्न होगा। चुनाव खर्च का हिसाब रखना बड़ी चुनौती थी, 3000 वार्ड के प्रत्याशियों के राशि का हिसाब रखना था, हर वार्ड में 5 प्रत्याशी खड़ा होता है तो ये संख्या 15 हजार होती है।

महाड्रामा पर सुप्रीम फैसला आज

फ्लोर टेस्ट 30 को या पहले, आज 10:30 बजे आएगा निर्णय

नवप्रदेश संवाददाता

नई दिल्ली/मुंबई। महाराष्ट्र में चल रहे सियासी ड्रामे पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला मंगलवार को आएगा। फडणवीस सरकार को विश्वासमत कब पेश करना होगा, इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट सुबह 10:30 बजे फैसला सुनाएगा। गौरतलब है कि शनविार की सुबह महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने भाजपा को सरकार बनाने का न्योता देकर देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री व अजित पवार को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई थी। साथ ही फडणवीस को विश्वास मत (फ्लोर टेस्ट) के लिए 30 नवंबर तक का समय दिया था। लेकिन इस चिट्ठी पर सवाल उठाते हुए शिवसेना, कांग्रेस व एनसीपी ने शपथ ग्रहण के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इस पर रविवार से सुनवाई जारी है।

सोमवार को तीन जजों-जस्टिस एनवी रमन, जस्टिस अशोक भूषण व जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने सभी की दलीलों व मंगाए गए दस्तावेजों पर गौर करने के बाद बाद कहा कि मामले ■ शेष पृष्ठ 8 पर

एनसीपी, सेना व कांग्रेस के पास 162 विधायक, ली शपथ

एनसीपी, शिवसेना व कांग्रेस ने यह साबित कर दिया कि उनके पास बहुमत है। तीनों दलों के नेता होटल हयात में अपने शीर्ष नेताओं के सामने एकत्र हुए। एनसीपी, कांग्रेस व शिवसेना के विधायकों ने महाविकास आघाड़ी के प्रति निष्ठा की शपथ भी ली। इस दौरान शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे, एनसीपी चीफ शरद पवार व महाराष्ट्र कांग्रेस के शीर्ष नेता भी मौजूद रहे। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ये कहा तीन जजों की बेंच ने

- मामले के हर पहलू पर विचार करना होगा
- राज्यपाल के अधिकारों में हस्तक्षेप नहीं कर सकते
- ऐसे मामलों में 24-48 घंटे का ही दिया जाता है समय

किसने क्या दी दलील : सुप्रीम कोर्ट लाइव

भाजपा: वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि राज्यपाल को अजित पवार की ओर से दिया गए पत्र में एनसीपी के 54 विधायकों के भाजपा को समर्थन संबंधी हस्ताक्षर हैं। राज्यपाल का काम पत्र की जांच पड़ताल करना नहीं है। अजित महाराष्ट्र विधानसभा में एनसीपी के विधायक दल के नेता हैं तो उनकी ओर से दिया गया पत्र ही अधिकृत हैं।

कोर्ट : इस पर सुप्रीम कोर्ट ने रोहगी से कहा कि यदि आपके पास बहुमत है तो उसे सिद्ध क्यों नहीं करते। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी जानना चाहा कि क्या आप आज फ्लोर टेस्ट के लिए तैयार हैं। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि ऐसे मामलों में 24 से 48 घंटे का समय ही दिया जाता है।

भाजपा: रोहतगी ने कहा कि राज्यपाल ने जो 30 नवबंर की तारीख दी है उसी दिन फ्लोर टेस्ट कराया जाए। कोर्ट तारीखों के फेर में न जाए। विधानसभा के कामकाज में हस्तक्षेप न करें। सिर्फ5 दिन का समय बचा है तो फिर इतनी जल्दी क्यों।

उपमुख्यमंत्री : अजित पवार की ओर से पेश वकील मनिंदर सिंह ने भी रोहतगी वाले ही तर्क दिए। यह भी कहा कि कहा अजित पवार यानी ही एनसीपी।

गठबंधन के तीनों दलों को लगी फटकार

शिवसेना : वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा 24 घंटे में फ्लोर टेस्ट होना चाहिए। 22 नवंबर को शिवसेना, कांग्रेस व एनसीपी ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। तीनों दल एकसाथ हैं। सिब्बल ने सवाल किया कि सुबह 5 बजे राष्ट्रपति शासन क्यों हटाया गया और 8 बजे शपथ क्यों दिलाई गई। शपथ ग्रहण प्रक्रिया का खुलासा होना चाहिए।

एनसीपी: एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि फ्लोर टेस्ट के लिए पांच दिन क्यों चाहिए। यह 24 घंटे में हो जाना चाहिए। जो पत्र अजित पवार ने दिया है उसमें सिर्फ विधायकों के हस्ताक्षर हैं लेकिन वे एनसीपी के साथ नहीं हैं।

कोर्ट : रोकते हुए कहा कि अब बाकी का कुछ मत बताइए, फ्लोर टेस्ट पर बात करें। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

2500 नहीं 1850 रु. में होगी धान खरीदी : सीएम

■ बोले 2500 रु.प्रति क्विंटल के लिए उपसमिति की रिपोर्ट के बाद फैसला

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बड़ा ऐलान किया है। इस साल केंद्र सरकार के निर्धारित समर्थन मूल्य पर ही धान की खरीदी हो गयी है। केंद्र सरकार ने अभी 1850 रुपये प्रति क्विंटल पर धान की खरीदी होगी। हालांकि 2500 रुपये प्रति क्विंटल पर खरीदी के लिए राज्य सरकार ने एक मंत्रिमंडलीय उप समिति बना दी है। जो 2500 रुपये प्रति क्विंटल पर खरीदी के लिए अध्ययन करेगी और राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट देगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा में मीडिया से ये बातें कही है। सीएम भूपेश बघेल ने जो मंत्रिमंडलीय ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नेताप्रतिपक्ष की अहंकार न करना कविता पर सीएम ने कहा

आपकी कविता मेरे लिए नहीं आपके पड़ोसी के लिए है, प्रणाम

धान पर चर्चा के दौरान नेताप्रतिपक्ष की एक कविता का जवाब अपने ही अंदाज में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिया। कविता सुनकर जब सीएम मुस्कुराते हुए जवाब दिये और प्रणाम कर बैठे तो जवाब सुनकर नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक भी मुस्कुराते हुए उन्हें प्रणाम करते दिखे। सदन में शीतकालीन सत्र के पहले दिन की कार्रवाई में भोजनावकाश के बाद का यह सीन है। दरअसल धान पर स्थगन प्रस्ताव के दौरान सदन में बोल रहे नेताप्रतिपक्ष धरमलाल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

धान पर सदन में विपक्ष का चढ़ा पारा

धान पर स्थगन ला चर्चा के लिए अड़ी बीजेपी ने पॉइंट ऑफ आर्डर उठाया

विधानसभा में धान ख़रीदी के मसले पर विपक्ष जिसमें भाजपा तथा छजकां के 16 सदस्यों ने सदन में स्थगन प्रस्ताव पेश किया, जिसे आसंदी ने ग्राह्य किया। काफी गरमागर्म बहस और नारेबाजी के बाद आसंदी को व्यवस्था देनी पड़ी। धान पर स्थगन को लेकर विपक्ष काफी गुस्से में दिखा। दरअसल धान पर स्थगन और चर्चा के लिए लालायित विपक्ष तब नाराज हुआ जब इस अहम मुद्दे पर सरकार की तरफ से सीएम भूपेश बघेल, कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खास खबर

लोकसभा में कांग्रेस सांसदों और मार्शल के बीच धक्का-मुक्की

नई दिल्ली ए.। महाराष्ट्र के मुद्दे के विरोध के दौरान कांग्रेस सांसदों और मार्शल के बीच टकराव पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि यह पहली बार है जब मैंने सदन को हंगामे के बाद स्थगित कर दिया है। मैं हमेशा चाहता हूं कि सदन चले और बहस होनी चाहिए। लेकिन इस तरह के कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों ने महाराष्ट्र के राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर संसद के दोनों सदनों में जोरदार हंगामा किया जिसकी वजह से कई बार के स्थगन के बाद कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करना पड़ा।

दिल्ली में आतंकी साजिश नाकाम, 3 संदिग्ध गिरफ्तार

नई दिल्ली ए.। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को बड़े आतंकी मोड्यूल का भंडाफोड़ किया गया है। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने आतंकी हमले की साजिश को नाकाम कर दिया है। स्पेशल सेल ने तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने संदिग्धों के पास से आईईडी भी बरामद किया है। स्पेशल सेल के डीसीपी प्रमोद कुशवाहा ने बताया है कि असम के गोलपारा से तीन व्यक्तियों इस्लाम, रणजीत अली और जमाल को गिरफ्तार किया गया है।

व्यापम केस : 1 दोषी को 10 साल की सजा

भोपाल। मध्य प्रदेश में 2013 में हुए पुलिस भर्ती घोटाले (व्यापम) में दोषी पाए गए लोगों को सजा सुना दी गई है। दोषी पाए गए 31 लोगों में से 30 को साल साल की कैद और एक दोषी को 10 साल की कैद की सजा सुनाई गई है। सभी आरोपियों को सीबीआई की विशेष अदालत ने 21 नवंबर को दोषी करार दिया था।

सिंधिया ने बदला ट्वीटर स्टेटस, कयासबाजी तेज

नई दिल्ली ए.। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस महासचिव ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपना ट्वीटर स्टेटस बदल दिया है, और इस बदलाव के साथ ही मध्य प्रदेश के सियासी गलियारों में एक बार फिर कयासबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस की ओर से इस पर सफाई दी गई है, तो भाजपा ने नए अध्याय की शुरुआत का दावा किया है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ट्वीटर स्टेटस में बदलाव कर वहां अपने परिचय में 'जनसेवक और क्रिकेट प्रेमी' लिख दिया है। जबकि इससे पहले सिंधिया के प्रोफाइल में 'पूर्व लोकसभा सदस्य गुना (2000-2019), पूर्व मंत्री (उर्जा) स्वतंत्र प्रभार और पूर्व मंत्री वाणिज्य व उद्योग दर्ज था।

अजित के खिलाफ केस बंद नहीं : एसीबी

मुंबई। महाराष्ट्र ऐंटी करप्शन ब्यूरो ने डेप्युटी सीएम अजित पवार को सिंचाई घोटाले में राहत मिलने की खबरों को अफ्वाह बताया है। कांग्रेस द्वारा आरोप लगाए जाने के बाद एसीबी ने कहा कि अजित पवार के खिलाफ आज कोई मामला बंद नहीं किया गया है। एसीबी ने कहा कि सिंचाई घोटाले से जुड़े करीब 3 हजार टेंडरों की भी जांच चल रही है। उधर, इस पूरे मामले को लेकर कांग्रेस ने बीजेपी पर हमला बोला है। बताया जा रहा है कि 9 मामलों में अजित पवार के खिलाफकोई सबूत नहीं मिला है।

महाराष्ट्र का सिंचाई घोटाला

एसीबी ने यह भी कहा कि अगर कोर्ट जांच के आदेश देगा या कुछ नए सबूत सामने आते हैं तो हम जांच करने के लिए तैयार हैं। एसीबी के डीजी परमबीर सिंह ने कहा, 'हम सिंचाई घोटाले से जुड़े 3 हजार टेंडरों को लेकर हुई शिकायतों की जांच कर रहे हैं। ये रोजमर्रा की जांच है जो बंद हुई है। जिन मामलों में पहले से जांच चल रही है, वे आगे भी जारी रहेंगी।

खाएंगे और खिलाएंगे भी : सुरजेवाला

कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने बीजेपी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, बीजेपी-अजित पवार द्वारा महाराष्ट्र के प्रजातंत्र चीरहरण अध्याय की असलियत उजागर। एक नाजायज़ सरकार द्वारा एसीबी को सब मुकदमे बंद करने का आदेश। खाएंगे और खिलाएंगे भी, क्योंकि यह ईमानदारी के लिए जीरो टोलरेंस वाली सरकार है। मोदी है तो मुमकिन है।

आपराधिक लोगों के चुनाव लड़ने पर फैसला करे चुनाव आयोग : सुको

नई दिल्ली ए.। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से कहा कि आपराधिक रेकॉर्ड वाले व्यक्तियों को पार्टी टिकट देने से राजनीतिक दलों को रोकने के बारे में पेश प्रतिवेदन पर सुविचारित आदेश पारित करें। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति बी आर गवई की पीठ ने बीजेपी नेता और अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए यह आदेश दिया। उपाध्याय ने याचिका में निर्वाचन आयोग को ऐसी व्यवस्था करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था जिससे कि राजनीतिक दलों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

तल्ख टिप्पणी — प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब सरकार को लगाई कड़ी फटकार

'दम घोंटने से अच्छा बारूद से सबको उड़ा दो'

सुप्रीम कोर्ट ने राजधानी में प्रदूषण को लेकर केंद्र और दिल्ली सरकार दोनों को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने जल प्रदूषण के मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए कहा है कि राजधानी दिल्ली की हालत नरक से भी खराब है।

दिल्ली की हालत नरक से भी खराब है। आपकी नजर में किसी की जान की क्या कीमत है? आप लोगों से कितनी कीमत लेना चाहते हैं? आपको दिल्ली की कुर्सी पर रहने का अधिकार नहीं है। भारत में लोगों को जीवन इतना सस्ता नहीं है।

जस्टिस अरुण मिश्रा

नई दिल्ली (वार्ता)। बेहद खफा नजर आ रहे सुप्रीम कोर्ट ने यहां तक कह डाला कि दम घोंटकर मारने से अच्छा है सबको एक साथ ही बारूद से उड़ा दिया जाए। यही नहीं कोर्ट ने कहा कि पंजाब, हरियाणा, यूपी और दिल्ली की सरकारें बताएं कि आखिर उन्हें खराब हवा के लिए लोगों को मुआवजा क्यों नहीं देना चाहिए। बता दें की बीएसआई ने देश के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोर्ट ने कहा है कि 10 दिन के अंदर शहर में एयर प्योरिफायर लगाने को लेकर खाका प्रस्तुत किया जाए

15 बोरे बारूद ला उड़ा दीजिए सबको

सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, 'लोगों को गैस चैंबर में रहने के लिए क्यों मजबूर किया जा रहा है? इससे अच्छा है कि लोगों के एक साथ ही मार दिया जाए। 15 बोरों में बारूद ले आइए और उड़ा दीजिए सबको। लोगों को इस तरह क्यों घुटना पड़े? जिस तरह से यहां ब्लेम गेम चल रहा है, मुझे आश्चर्य है।' कोर्ट ने जल प्रदूषण के मामले का भी संज्ञान लेते हुए कहा है कि केंद्र और राज्य दोनों जांच करें कि दिल्ली का पानी पीने योग्य है या नहीं और उसके बाद सारे आंकड़ें कोर्ट के सामने पेश किए जाएं।

पंजाब और हरियाणा को कड़ी फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के चीफ सेक्रेटरी से कहा हम लोगों के साथ ऐसे व्यवहार कैसे कर सकते हैं और लोगों को मरने के लिए कैसे छोड़ा जा सकता है। बताइए कि हमारे आदेश के बाद भी पराली जलाने में बढ़ोतरी क्यों हुई है? क्या यह आपकी विफलता नहीं है? कोर्ट ने सख्ती से कहा पंजाब के चीफ सेक्रेटरी महोदय, हम राज्य में प्रदूषण के लिए उत्तरदायी सारे क्रियाकलाप रुकवा देंगे। आप लोगों को ऐसे मरने नहीं दे सकते। दिल्ली की सांस फूल रही है। आप नियमों को लागू करने में सक्षम नहीं हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि दिल्ली के लोग कैंसर से मर जाएं।

पंजाब और हरियाणा कुछ नहीं कर रहे हैं

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार से भी कहा कि पराली जलाने के मामले कैसे बढ़ गए। एससी ने कहा, 'आपने पराली जलाने को रोकने के लिए अच्छा काम किया तो ये मामले बढ़ कैसे गए? पंजाब और हरियाणा दोनों ही कुछ नहीं कर रहे हैं। बेहद तल्ख नजर आ रहे सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के चीफ सेक्रेटरी से ■ शेष पृष्ठ 8 पर

महाराष्ट्र में अब नया ट्विस्ट, तीनों दलों ने दावा किया कि उनके पास 162 विधायकों का समर्थन

- कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी के नेता राज्यपाल कोश्यारी के पास विधायकों का समर्थन पत्र लेकर पहुंचे
- इन दलों के नेताओं ने सरकार बनाने का दावा पेश किया, बोले- वर्तमान सरकार के पास बहुमत नहीं है

मुंबई (ए.)। महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट कम होने के आसार नहीं दिख रहे हैं। अब कांग्रेस, शिवसेना और एनसीपी के नेता राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के पास विधायकों के समर्थन का पत्र लेकर पहुंचे हैं और सरकार बनाने का दावा पेश किया है। राजभवन अधिकारी को दिए पत्र में तीनों दलों के नेताओं ने कहा है कि वर्तमान सरकार के पास आंकड़े नहीं हैं। तीनों दलों ने दावा किया कि उनके पास 162 विधायकों का समर्थन है। दिलचस्प है कि एनसीपी के अजित पवार पहले ही बीजेपी के साथ सरकार बनाकर डेप्युटी सीएम बन चुके हैं और दावा था कि उन्हें एनसीपी के ज्यादातर विधायकों का समर्थन मिला हुआ है।

शिवसेना के विधायक दल के नेता एकनाथ शिंदे ने कहा, 'हमने 162 विधायकों के समर्थन का एक पत्र राज्यपाल को सौंपा है। लोकतंत्र में जिसके पास बहुमत होता है उसे ही प्राथमिकता दी जाती है। हमारी मांग है कि 23 नवंबर को गठित अल्पमत की सरकार इस्तीफा दे क्योंकि वे बहुमत नहीं साबित कर सकते। जिनके पास बहुमत है उन्हें मौका दिया जाना चाहिए।'

इन तीनों दलों के राज्यपाल के पास पहुंचने के बाद राजनीतिक परिदृश्य और दिलचस्प हो गया है। दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट में देवेंद्र फड़णवीस सरकार के गठन को चुनौती देने वाली कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना की याचिका पर सोमवार सुबह 10:30 बजे सुनवाई हुई।

शिवसेना-बीजेपी के अलग होने के बाद शुरू हुई सत्ता की रेस

बता दें कि बीजेपी और शिवसेना ने पिछले महीने गठबंधन में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ा और दोनों ने क्रमशः 105 और 56 सीटों पर जीत दर्ज की। बहरहाल, शिवसेना ने मुख्यमंत्री पद के बंटवारे को लेकर बीजेपी के साथ अपना तीन दशक पुराना संबंध तोड़ लिया था। कांग्रेस और एनसीपी को विधानसभा चुनावों में क्रमशः 44 और 54 सीटें हासिल हुई थीं।

शरद पवार ने बीजेपी के साथ गठबंधन से खुद को किया अलग

शिवसेना के बीजेपी से अलग होने के बाद से ही राजनीतिक खींचतान जारी थी। शनिवार सुबह अजित पवार ने एनसीपी की तरफ से बीजेपी से गठबंधन कर सरकार बना ली, जिससे विवाद में नया मोड़ आ गया। एनसीपी चीफशरद पवार ने खुद को इस गठबंधन से अलग बताया और कहा कि बीजेपी के साथ जाने का अजित पवार का फैसला उनका निजी फैसला है।

चोरों ने विस्फोट कर एटीएम उड़ाया, मिले सिर्फ 10 हजार

भोपाल/जबलपुर। मध्य प्रदेश के कटनी में तीन चोरों के गैंग ने शुरुआत तो धमाके से की लेकिन आखिर में उनके मंसूबे टांय-टांय फिस्स हो गए। दरअसल चोरों का गिरोह एक एटीएम से कैश लूटने के लिए पहुंचा था। चोरों ने पहले डेटोनेटर का इस्तेमाल करते हुए एटीएम को तोड़ डाला लेकिन मशीन के अंदर से उन्हें महज दस हजार रुपये ही मिले।



जून से तीसरी बार ऐसी वारदात: शनिवार दोपहर चोरों ने बकाल गांव में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एक एटीएम को निशाना बनाया। दोपहर तकरीबन दो बजे वे चोरी को अंजाम देने के लिए पहुंचे। मध्य प्रदेश में इस साल जून से ऐसा तीसरी बार हुआ है जब एटीएम मशीन को खोलने के लिए चोरों ने विस्फोटक और डेटोनेटर का इस्तेमाल किया है।

चौथी मंजिल से लिफ्ट की शाफ्ट में गिरा नौ साल का लड़का, मौत

हैदराबाद। हैदराबाद के रायदुर्गम इलाके में एक बहुमंजिली इमारत की चौथीं मंजिल से लिफ्ट की शाफ्ट में गिरने पर एक 9 साल के लड़के की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि लिफ्ट की बाहरी सेफ्टी ग्रिल के ठीक से काम न करने की वजह से यह हादसा हुआ है।

इस साल बच?चों के लिफ्ट में गिरकर मरने की हैदराबाद में यह तीसरी घटना है। पुलिस के अनुसार यह घटना पंचवटी कॉलोनी के सात मंजिला टीवीएस लेक व?यू अपार्टमेंट में रविवार शाम 5 बजे के आसपास हुई। सर्कल इंस?पेक?टर ए रविंदर ने बताया, '9 साल का बच?चा धनुष चौथे फ्लोर पर अपने अपार्टमेंट के सामने खेल रहा था। उस समय उसकी बहन भी उसके साथ थी। घटना के समय धनुष ने लिफ्ट में अंदर जाने के लिए पैर रखा लेकिन तब तक लिफ्ट नहीं आई थी इसलिए वह लिफ्ट की शाफ्ट में गिर गया और बाद में नीचे आती हुई लिफ्ट के नीचे दबकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई।'

क्या समय यात्री हैं ग्रेटा? ट्विटर पर 1898 की एक तस्वीर को लेकर हो रहे सवाल

नई दिल्ली। 121 साल पुरानी एक तस्वीर इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। इस तस्वीर को लेकर कई तरह के चुटकुले भी चल रहे हैं। इनमें से कई में कहा गया है कि ग्रेटा थनबर्ग एक समय यात्री हैं और 'सेव द प्लैनेट' मिशन पर आई हैं।

यह तस्वीर 1898 की है, जिसमें तीन बच्चे कनाडा की खदान में काम कर रहे हैं। इनमें एक लड़की एक टोपी के साथ दिखाई दे रही है, जिसकी शक्ल 16 साल की क्लाइमेट चेंट कार्यकर्ता से बहुत ज्यादा मिलती है। एक ट्विटर यूजर सायमन बिन्स ने ट्विटर पर कमेंट किया कि मुझे थ्योरियों के बारे में नहीं पता, लेकिन ग्रेटा निश्चित तौर पर एक समय यात्री है। वास्तविक तस्वीर स्वीडिश-अमेरिकन फ्टॉग्रफर एरिक हेग ने ली है, जिन्होंने सोने की खुदाई करने वाले अभियानों में भाग लिया और साथ ही रोजमर्रा की तस्वीरें भी लीं। इसकी संभावनाएं हैं कि वह लड़की स्विडिश समुदाय का हिस्सा रही हो।

राम मंदिर का जिक्र कर बोले मोदी-संकल्प पूरा

पीएम मोदी ने झारखंड के डाल्टनगंज में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित किया

डाल्टनगंज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को झारखंड के डाल्टनगंज में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित किया। झारखंड की जनता को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर के अनुच्छेद 370 और अयोध्या विवाद की ओर इशारा करते हुए कहा कि बीजेपी जो वादे करती है उन्हें पूरा करती है, जबकि बाकी दल समस्याओं को लटकाए रखकर अपना वोट बैंक साधते हैं। इससे पहले 21 नवंबर को झारखंड में हुई अपनी पहली चुनावी सभा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी राम मंदिर का जिक्र किया था।

पीएम मोदी ने कहा, 'बीजेपी ने जो भी वादे और ऐलान किए हैं, उन्हें हम एक के बाद एक जमीन पर उतार रहे हैं चाहे वे कितने मुश्किल रहे हों। दूसरों के पास समस्याएं हैं हमारे पास समाधान हैं।' मोदी ने आगे कहा, 'कांग्रेस के काम करने का तरीका समस्याएं टालने और उन पर वोट मांगने का रहा है। कांग्रेस ने इसीलिए आर्टिकल 370 का मसला लटकाए रखा। भगवान राम की जन्मभूमि का विवाद भी इन लोगों ने दशकों से लटकाया हुआ था। कांग्रेस चाहती तो समाधान निकाल सकती थी लेकिन उसने ऐसा न करके अपने वोट बैंक की परवाह की। देश और समाज का नुकसान किया।'

नक्सलवाद के लिए पिछली सरकारों पर दोष

मोदी ने झारखंड में नक्सल समस्या का जिक्र करते हुए कहा, 'बीजेपी ने झारखंड को नक्सलवाद और अपराध से मुक्ति दिलाने के लिए, भयमुक्त वातावरण के लिए प्रयास किया है। झारखंड में नक्सलवाद की समस्या इसलिए भी बेकाबू हुई क्योंकि यहां राजनीतिक अस्थिरता थी। यहां सरकारें पिछले दरवाज़े से बनती और बिगाड़ी जाती थीं। क्योंकि उनके मूल में स्वार्थ और करप्शन होता था।

'विपक्षी गठबंधन का अजेंडा सत्ताभोग'

विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए मोदी ने कहा, 'इन स्वार्थी लोगों में झारखंड की सेवा करने के लिए कोई भावना नहीं है। इन स्वार्थी लोगों के गठबंधन का एकमात्र अजेंडा सत्ताभोग और झारखंड के संसाधनों का दुरुपयोग है। इसीलिए ये एक बार फिर आपको भ्रमित कर आपसे वोट मांग रहे हैं।'

सामाजिक न्याय के पांच सूत्र

प्रदेश में सत्तारूढ़ बीजेपी सरकार का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, ' बीजेपी सरकार ने नए झारखंड के लिए सामाजिक न्याय के पांच सूत्रों पर काम किया है। पहला सूत्र है- स्थिरता, दूसरा है- सुशासन, तीसरा है- समृद्धि, चौथा- सम्मान और पांचवां सूत्र है- सुरक्षा।' नरेंद्र मोदी का कहना था कि बीजेपी ने झारखंड को स्थिर सरकार दी है।

'2022 तक सबको पक्का घर का वादा': साल 2022 तक देश में हर गरीब को पक्के घर का वादा दुहराते हुए मोदी ने कहा, 'आज देश में हर गरीब परिवार को अपना पक्का घर मिल रहा है। जिन्हें अभी नहीं मिला है उन्हें मैं विश्वास दिलाता हूं कि काम तेजी से चल रहा है, 2022 में जब आजादी के 75 साल होंगे तो कोई ऐसा परिवार नहीं होगा जिसका अपना पक्का घर न हो।'

महाराष्ट्र सियासत

सियासी घमासान के बीच सीएम फडणवीस ने संभाला कार्यभार

मुंबई(ए.)। महाराष्ट्र में मचे सियासी घमासान के बीच मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने कार्यभार संभाल लिया है। देवेंद्र फड़णवीस ने सोमवार को मंत्रालय पहुंचकर सबसे पहले मुख्यमंत्री राहत कोष के चेक पर हस्ताक्षर किए जिसे मुख्यमंत्री ने कुसुम वेंगुरलेकर को सौंप दिया। इससे पहले देवेंद्र फड़णवीस और डेप्युटी सीएम अजित पवार एक साथ विधानसभा पहुंचे। यहां उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री और दिग्गज नेता यशवंतराज चव्हाण को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उधर, महाराष्ट्र में फ्लोर टेस्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट मंगलवार सुबह साढ़े दस बजे फैसला सुनाएगा। बता दें कि कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना ने देवेंद्र फड़णवीस को सीएम और अजित पवार को डेप्युटी सीएम बनाने के खिलाफशीर्ष अदालत में याचिका दाखिल की थी। तीनों दलों ने कोर्ट में अपनी दलीलों में विधानसभा में तुरंत बहुमत परीक्षण की मांग की थी।

विधायकों को बचाए रखने की कवायद तेज

बहुमत परीक्षण के लिए जहां बीजेपी को एक दिन का समय और मिल गया है। वहीं शिवसेना, कांग्रेस और एनसीपी में अपने-अपने पाले के विधायकों को बचाए रखने की कवायद तेज हो गई है। शिवसेना ने एनसीपी और कांग्रेस के साथ 162 विधायकों का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा वहीं दूसरी ओर अब शिवसेना ने अपने विधायकों का ठिकाना बदलते हुए उन्हें होटल लेमन ट्री प्रीमियर में भेज दिया है। इससे पहले ये विधायक होटल द ललित में ठहरे हुए थे।

बहुमत परीक्षण में जल्दी पहुंच सकें

शिवसेना-एनसीपी-कांग्रेस गठबंधन ने अपने अधिकांश विधायकों को बाहर रखने की बजाय शहर के होटलों में ठहराया है, जिससे बहुमत परीक्षण के दौरान जल्द विधानसभा पहुंचाया जा सके। विधायकों को मुख्य रूप से उपनगरों में स्थित होटलों में रखा गया है, जिनमें दक्षिण मुंबई के होटलों की तुलना में ज्यादा कमरे हैं।

बंगाल उपचुनाव: करीमपुर से बीजेपी उम्मीदवार के साथ मारपीट

- पश्चिम बंगाल की तीन विधानसभा सीटों पर जारी उपचुनाव के बीच वहां हिंसा की खबर सामने आई है

कोलकाता (वार्ता)। पश्चिम बंगाल की तीन विधानसभा सीटों पर जारी उपचुनाव से हिंसा की खबर सामने आई है। करीमपुर विधानसभा सीट से बीजेपी के उम्मीदवार जय प्रकाश मजूमदार के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की। आरोप है कि मारपीट करने वाले तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं।

घटना का एक विडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें कुछ लोग बीजेपी उम्मीदवार जय प्रकाश के साथ मारपीट करते हुए खदेड़ते हुए सड़क किनारे झाड़ियों में ले जाते दिख रहे हैं। बीजेपी ने जय प्रकाश पर हमले के पीछे तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदार बताया है।

टीएमसी वर्कर्स पर आरोप

बीजेपी ने घटना की शिकायत चुनाव आयोग से की है। बीजेपी नेता मुकुल रॉय ने चुनाव आयोग से इस घटना को लेकर तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने आयोग को लिखे पत्र में कहा, 'आज टीएमसी के 50 गुंडों ने बीजेपी के जय प्रकाश मजूमदार को घेरा, लात-घूंसे मारे और धक्का-मुक्की भी की। हम इलाके के अडिशनल एसपी और एसपी को तुरंत हटाने की मांग करते हैं।' बता दें कि पश्चिम बंगाल में तीन सीटों के विधानसभा उपचुनाव के लिए सोमवार सुबह से वोट डाले जा रहे हैं। भले ही सीटें तीन हैं, लेकिन ये राज्य में टीएमसी और बीजेपी में कौन किससे आगे है, यह तय करने के साथ ही कांग्रेस और सीपीएम का भविष्य भी तय करेंगी। लोकसभा चुनाव के बाद यह टीएमसी और बीजेपी के बीच पहला चुनावी मुकाबला है।

टिकटॉक फ्रेंड से मिलने घर से भागी नाबालिग

लखनऊ। नोएडा निवासी माता-पिता ने ऑनलाइन पढ़ाई के लिए नाबालिग बेटी को स्मार्टफोन खरीदकर दिया। हालांकि किशोरी पढ़ाई से ज्यादा सोशल साइट्स पर समय देने लगी। टिकटॉक पर गोमतीनगर निवासी एक युवक से संपर्क हुआ। युवक के बुलाने पर किशोरी घर से भागकर लखनऊ आ गई। हालांकि चारबाग रेलवे स्टेशन पर किशोरी और युवक को संदिग्ध हालात में घूमता देख जीआरपी जवानों ने रोक लिया। पूछताछ के बाद किशोरी को सीडब्ल्यूसी को सौंप दिया। जानकारी होने पर रविवार को माता-पिता लखनऊ आए और बेटी को साथ ले गए। सीडब्लूसी की सदस्य सुधा रानी के अनुसार 20 नवंबर को जीआरपी टीम ने एक किशोरी को युवक के साथ संदिग्ध हालात में घूमते देख रोका।

बच्चों को बता रही पुलिस दीदी, कैसे समझें आस-पास कौन कर रहा है 'गंदी बात'

नई दिल्ली(ए.)। गलत लोगों के सामने मासूम 'नाजुक' न रहें और गंदे इरादों को तुरंत भांप लें, इसके लिए दिल्ली पुलिस विशेष अभियान चला रही है। पुलिसकर्मी बच्चों और उनके परिवारीजनों के बीच जाकर उन्हें यौन शोषण के खिलाफ जागरूक करते हैं। उन्हें बताया जाता है कि चुप रहने से नहीं, बल्कि बोलने से काम चलेगा। गलत बर्ताव के खिलाफ आवाज उठाएं। परिवार, टीचर या पुलिस से पूरी बात बताएं।

यह ऑपरेशन 'नाजुक' रंग भी ला रहा है। बच्चे अब पुलिस वाले 'अंकल' और 'दीदी' से मन की बात करने से नहीं कतराते। उन जिलों में परिणाम अधिक अच्छे हैं, जहां इस अभियान की कमान महिला पुलिस अधिकारी के पास है। अब तक 1000 से ज्यादा कार्यक्रम हुए हैं, जिनमें 40 हजार लोगों को जागरूक किया गया है।

नॉर्थ-वेस्ट जिला सबसे आगे

ऑपरेशन नाजुक में नॉर्थ-वेस्ट जिला सबसे आगे है, जहां डीसीपी विजयंता आर्या ने यह अभियान शुरू किया था। असर को देखते हुए पुलिस कमिश्नर ने सभी जिलों में इसे चलाने का आदेश दिया है। डीसीपी ने बताया कि बाल अपराध से जुड़े अधिकतर आरोपी परिवार के जानकार या पड़ोसी होते हैं।

घमासान | महाराष्ट्र के कराड में एनसीपी चीफ ने कहा कि अजित के बीजेपी के साथ जाने के पीछे उनका हाथ नहीं

अजीत के पीछे शरद हैं? सवाल पर हंसे पवार

- सरकार गठन में देरी को लेकर शरद पवार ने कहा कि शिवसेना अलग विचारों वाली पार्टी, हर मुद्दे पर चर्चा जरूरी

मुंबई(ए.)। महाराष्ट्र के सियासी हालात को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होने से पहले एनसीपी चीफशरद पवार सतारा के कराड पहुंचे और पत्रकारों के हर सवाल का जवाब दिया। यहां उन्होंने कहा कि अजित पवार ने ऐसा क्यों किया इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। शरद पवार ने यह भी कहा कि अजित पवार की बगावत के पीछे उनका कोई हाथ नहीं है। अजित का बीजेपी के साथ जाने का फैसला उनका अपना था। उन्होंने कहा कि एनसीपी बीजेपी के साथ सरकार में शामिल नहीं होगी। अब जो कुछ भी साबित होगा वह विधानसभा में विश्वासमत के दौरान होगा।

सतारा के कराड में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शरद पवार ने हर सवाल का बेबाकी से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अजित पवार से उनकी अब तक कोई बात नहीं हुई है। वहीं उनके इशारे पर अजित पवार के बीजेपी के साथ जाने के सवाल पर शरद पवार पहले तो मुस्कुराए, इसके बाद उन्होंने कहा, 'अगर ऐसा होता तो कम से कम अपनी पार्टी के लोगों को तो मैं साथ में लेता।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं शिवसेना के साथ इतना आगे आ चुका हूं, तो मैं ऐसा कैसे कर सकता हूं, इस बारे में सोच भी नहीं सकता।'

'कर्जमाफी कहना आसान, होगा कैसे इस पर चर्चा जरूरी'

शरद पवार ने आगे कहा, 'अब जब तीन पक्ष साथ आए तो कई ऐसी बातें थी जिन पर शिवसेना की अलग राय थी।' हमें उसे साइड में रखा और सरकार बनाने का तय किया। शरद पवार ने कहा, 'कर्जमाफी करना कहने के लिए बहुत आसान है लेकिन यह कैसे होगा इस पर भी चर्चा होती है।'

शरद पवार ने आगे कहा, राजनीति में कोई बूढ़ा या जवान नहीं होता, यहां सिर्फपक्ष होते हैं। उन्होंने आगे कहा, 'सरकार संख्या पर चलती है, हम सरकार बनाने में सक्षम हैं हमने यह कर लिया है।'

'शिवसेना के साथ हर चीज पर चर्चा जरूरी थी'

सरकार गठन में देरी को लेकर शरद पवार ने कहा, 'हमें 5 साल के लिए राज्य चलाना है। कांग्रेस और हम साथ थे और शिवसेना अलग विचारधारा वाली थी, इसलिए हमें उनके साथ हर एक मुद्दे पर बात करनी थी। हर एक चीज को स्पष्ट करना था।' शरद पवार ने कहा, 'जॉर्ज फर्नांडिस के साथ भी अटल बिहारी वाजपेयी ने सरकार बनाई थी। वह दौर भी हमने देखा, तब वाजपेयी ने सबको साथ बिठाया जो विवाद था उसे अलग रखा और कॉमन मिनिमम प्रोग्राम तय करके सरकार बनाई।'

अद्भूत! हाथों में 12 और पैरों में हैं 20 उंगलियां

गांव वालों ने 'डायन' घोषित किया

गंजम(ए.)। ओडिशा के गंजम जिले के कड़ापाड़ा गांव की नायक कुमारी (63) को लोगों ने डायन करार दिया है। गांववालों से बचने के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन घर की चारदीवारी के भीतर ही गुजारा है। उनके साथ ऐसा महज इसलिए हो रहा है क्योंकि उनके हाथों में 12 और पैरों में 20 उंगलियां हैं। डॉक्टरों का कहना है कि ऐसा आनुवंशिक गड़बड़ी की वजह से हुआ है।

अपनी हालत से परेशान कुमारी कहती हैं, 'मैं इसी तरह पैदा हुई थी, हम लोग गरीब थे इसलिए इसका इलाज नहीं करा पाए। मेरे आस-पड़ोस के लोग मानते हैं कि मैं डायन हूं और मुझसे दूर रहते हैं।' लोगों की नफरत भरी निगाहों से बचने के लिए कुमारी घर के भीतर ही रहती हैं।

न्यूज गैलरी

घर वाले सोते रहे, चोर नगदी, बाइक लेकर फरार

रायपुर। कमरे के अंदर प्रवेश कर चोर मोटरसाइकिल व नगदी रुपये ले उड़ा। ऊपर कमरे में सो रहे मकान मालिक को सुबह हुई घटना की जानकारी। डगली काम्प्लेक्स बीरगांव उरला निवासी नवीन कुमार पंडा 53 वर्ष पिता श्याम सुंदर पंडा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी डगली काम्पलेक्स बीरगांव में मैनेजर का काम कार्यरत है। 23-24नवंबर के दरम्यानी रात मै अपने घर मे ऊपर कमरे मे सोया था रात्रि 01/00 बजे तक जाग रहा था मेरी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04एमबी 2006 को नीचे कमरे अंदर खड़ी किया था दरवाजा अंदर से बंद था रात्रि 3/00 बजे करीबन सोकर उठा पानी पीने के लिए नीचे कमरा में आया तो देखा घर का दरवाजा खुला हुआ था मोटर सायकल नही थी तथा शर्ट नीचे गिरा हुआ था शर्ट मे रखे नगदी रकम 5 हजार रूपए भी नही था कोई अज्ञात चोर मेरे कमरे का दरवाजा का कुण्डी तोडकर अंदर प्रवेश कर कोई अज्ञात चोर मेरे मोटर सायकल एवं नगदी रकम 5 हजार रू. को चोरी कर ले गया है।

ट्रक की चपेट में आया युवक, मौत

रायपुर। सड़क किनारे खड़े अधेड़ को तेज रफ्तार ट्रक ने ठोकर मार दिया, गंभीर रूप से घायल हो जाने के चलते उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उसकी मौत हो जाने पर ट्रक चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मर्ग कायम कर मामला दर्ज किया गया है। मंदिर हसौद रायपुर निवासी राहुल साहू 26 वर्ष पिता राजेंद्र साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि मोनेट कंपनी में काम करने वाला स्वीपर नारायण सोनी 45 वर्ष पिता भास्कर सोनी 24 नवंबर को एनएच 53 मंदिर हसौद चौक के पास दुकान के पास खड़ा था तभी तेज गति से आ रही ट्रक क्रमांक ओडी 18 डी 6639 ने मृतक को अपनी चपेट में ले लिया। गंभीर अवस्था में मृतक को अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घर के पास खड़ी एक्टिवा पार

रायपुर। घर के सामने खड़ी एक्टिवा को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मी नगर गोल्डन मार्बल के पीछे निवासी श्याम कुमार बजाज 33 वर्ष पिता गुरुमुख दास बजाज ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 22 नवंबर को खड़ी की गई एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमएस 9866 कीमत 40 हजार रुपये को किसी ने चोरी कर लिया।

कांग्रेस सदस्य की टिप्पणी से सदन गरमाया

पक्ष-विपक्ष के बीच तकरार, नाराज विस.अध्यक्ष महंत ने याद दिलाई संसदीय नसीहतें, सदस्य को फटकारा और टिप्पणी विलोपित करवाया

- विपक्ष माफी के लिए अड़े, आसंदी से कहा निंदा हो
- टिप्पणी पर सदस्य मौन, मंत्री चौबे ने कराया शांत

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। सोमवार को शीतकालीन सत्र के पहले दिन ही सदन में सदस्यों का पारा कांग्रेस सदस्य के एक शब्द से इतना चढ़ा कि विपक्ष एकजुट हो निंदा और माफी के लिए अड़ गया। हालांकि सदस्य की टिप्पणी को विधानसभा अध्यक्ष ने भी असंसदीय माना और नसीहत देते हुए कहा वे चाहें तो अपने शब्दों के लिए खेद जता सकते हैं। फिर भी कांग्रेस विधायक खेद जताना तो दूर अपने शब्द वापिस नहीं लेकर खामोश बैठे रहे। इसके बाद कहे गए शब्द पर नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक समेत सभी भाजपा विधायक और विपक्षी दल जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे ने भी कड़ी आपत्ति जताई।

मामला स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा शुरु होते ही ऐसे बनीं की विधानसभा अध्यक्ष नाराज हुए और सत्तापक्ष के एक सदस्य की टिप्पणी विलोपित करने के निर्देश के साथ सत्तापक्ष नवनिर्वाचित विधायकों को शब्दों के चयन की नसीहत दी। अध्यक्ष महंत ने कहा पहली बात तो यह जान लीजिए कि जब मैं खड़ा रहूँ तो आप खड़े नहीं रहेंगे.. वरिष्ठ सदस्य जब बोल रहे हों तो यह उचित नहीं है कि टोका जाए.. आप सब पढ़े लिखे है..शालीन व्यवहार की अपेक्षा है। विपक्ष आसंदी की व्यवस्था से संतुष्ट नहीं हुआ और आसंदी से टिप्पणी पर निंदा करने पर अड़ गया। पूर्व मुख्यमंत्री अजित जोगी ने तंज भरे शब्दों में कहा जो सदस्य ने टिप्पणी की, वे प्रकांड पंडित हैं, विश्वविद्यालय से जुड़े रहे हैं, कृपया खड़े होकर खेद प्रकट कर दीजिये। तब आसंदी ने इस पर कहा सदस्य ने खेद प्रकट कर दिया है। रिकॉर्ड से शब्द विलोपित किया गया है।

इस पर नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा मैं किसानों की बात कहने खड़ा हुआ, तो ऐसे शब्द कहे गए, अगर ऐसा है तो अब मैं कुछ नहीं बोलूंगा। कौशिक के यह कहते ही भाजपा सदस्यों समेत विपक्ष बहिर्गमन के मूड में आ गया। बात बढ़ती देख और वरिष्ठ सदस्यों की नाराजगी बढ़ने से फौरन ही मामला शांत करते हुए संसदीय कार्यमंत्री रविंद्र चौबे ने आग्रह किया कि मैं इस मसले पर संसदीय कार्यमंत्री होने के नाते खेद प्रकट करता हूँ। यह किसानों का मसला है हम आग्रह करते हैं स्थगन पर विपक्ष चर्चा करे। इस पूरे मामले का पटाक्षेप होता देख आखिर में जब कौशिक पुनः स्थगन पर चर्चा के लिए बोलने खड़े हुए तब कांग्रेस सदस्य ने खेद जताने की कोशिश की उसे विपक्ष ने खारिज करते हुए कार्रवाई आगे बढ़ाई।

विधायक अमितेष का सुझाव, राजकीय गीत की तय हो अवधी

विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत में राष्ट्रगीत वंदेमातरम और राजकीय गीत अरपा-पैरी के धार का गान हुआ। सदन में पहली बार छत्तीसगढ़ का अपना राजकीय गीत गुंजा। दोनों गीतों के लिए पूरा सदन खड़ा हुआ था। राजकीय गीत समाप्त होने के बाद जब सभी सदस्य स्थान ग्रहण करने लगे तभी बैठते बैठते पूर्व मंत्री और विधायक अमितेष शुक्ला ने आसंदी को एक सुझाव दे चौंका दिया। उन्होंने कहा राजकीय गीत अरपा-पैरी के धार महानदी है अपार की सम्यावधि को कुछ कम किया जाना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रगीत की तर्ज पर ही राजकीय गीत की अवधि भी तीन मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिए यह सुझाव दिया।

दरअसल राष्ट्रगीत से ज्यादा वक्त राजकीय गीत में उन्हें भी खड़ा होने के लिए लगा और उनके इस सुझाव से साफ हो गया कि इतनी देर खड़ा होना दिक्कतों भरा था। बता दें कि राज्य स्थापना दिवस समारोह पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने डॉ.नरेंद्र देव वर्मा रचित जनमानस में लोकप्रिय इस गीत अरपा पैरी के धार को राज्यगीत घोषित किया था। बाद में इसे कैबिनेट में विधिवत मंजूरी मिली और अधीसूचना भी जारी की जा चुकी है। इसका गान अब हर शासकीय कार्यक्रम की शुरुआत में होना तय किया गया है। ऐसे में कांग्रेसी विधायक अमितेष शुक्ला का आज राजकीय गीत की अवधी को लेकर दी गई टिप्पणी की चर्चा रही।

राष्ट्रगीत और राजकीय गीत के साथ ही शुरु हुआ सत्र

सदन में याद किये गए दिवंगत नेता, सदस्यों ने दी श्रद्धांजलि

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज, अरुण जेटली, पूर्व सीएम कैलश जोशी समेत 6 के निधन पर जताया दुख

छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज सोमवार से शुरु हुआ। विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने राष्ट्रगीत वंदेमातरम और राजकीय गीत अरपा-पैइरी के धार का गान कर सदन के पहले दिन की कार्रवाई का आरंभ करवाया। विस.अध्यक्ष ने दिवंगत 6 राजनेताओं को श्रद्धांजलि देते हुए उनके कार्यों और अनुभवों को सदस्यों को साझा किया। श्री महंत के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, पूर्व मुख्यमंत्री और विधायक डॉ.रमन सिंह, पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल समेत सदन के सभी सदस्यों ने दिवंगत नेताओं के प्रति आदर व संवेदना प्रकट की है। सदन की कार्रवाई 6 दिवंगत नेताओं पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी, बाबू लाल गौर, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली, सुषमा स्वराज और पूर्व सांसद बंशीलाल महतो, पूर्व विधायक मालूराम सिंघानिया को श्रद्धांजलि देने के बाद शुरु हुई।

मुख्यमंत्री भूपेस बघेल ने कहा कि सुषमा स्वराज के निधन से देश की राजनीति में एक अपूर्णीय क्षति हुई है। बाबूलाल गौर हमेशा श्रमिकों के पक्ष में खड़े नजर आए, उनके लिए वे लड़ते रहे। मुख्यमंत्री रहे, विभिन्न विभागों का दायित्व संभाला। अरुण जेटली का संसदीय चर्चा में अमूल्य योगदान बताया। उन्हें सीएम ने कुशल रणनीतिकार और कानूनविद बताया। मालूराम सिंघानिया को मिलनसार व्यक्तित्व का धनी और उनके गौ सेवा के क्षेत्र में किये कार्यों को याद किया। पूर्व सांसद बंशीलाल महतो को किसानों और आदिवासियों के बीच लंबे समय तक काम करते रहने और चिकित्सक के रूप में सेवा करने वाला बताया। सीएम ने कहा उनका अचानक जाना दुखद रहा। सीएम ने पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि कैलाश जोशी के अनेक उद्बोधन हमे सुनने का अवसर मिला है। उनका जाना समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। देश और प्रदेश की राजनीति में इन नेताओं के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। वहीं नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने भी अपने उद्बोधन में सभी दिवंगत नेताओं के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। नेता धरमलाल कौशिक ने कहा- सुषमा स्वराज का छत्तीसगढ़ से गहरा लगाव रहा। जब भी संसद में उनका भाषण होता था, तब लोग उनके भाषण को सुनने बेताब रहते थे। कम उम्र में हरियाणा की मुख्यमंत्री बनीं आज छत्तीसगढ़ में एम्स उन्हीं की देन है। बाबूलाल गौर को मध्यप्रदेश में बुलडोजर मंत्री के रूप में जाना जाता रहा। राजनीति में उन्हें हम अजातशत्रु कह सकते है। अरुण जेटली एक प्रखर वक्ता के रूप में न केवल लोकसभा, राज्यसभा में बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उन्होंने अपनी पहचान बनाई। मालूराम सिंघानिया अंतरराज्यीय व्यक्तित्व थे, अनेक राज्यों में जाकर उन्होंने अपनी छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि बंशीलाल महतो इतनी जल्दी चले जायेंगे ये उम्मीद नहीं थी। उनका संघर्ष हमने देखा है. एक कुशल चिकित्सक थे। उनकी सहजता को सबने महसूस किया है। राजनीति में कटुता का भाव उनमें नहीं था। एक निर्वाचित जन प्रतिनिधि के रूप में लंबे समय तक कैलाश जोशी को हमने काम करते देखा है। राजनीति में यदि किसी को संत की संज्ञा दी जा सकती है, वह कैलाश जोशी हो सेक्टर हैं।

अजीत जोगी ने कहा कि सदन में हम एक दूसरे से बहस करते थे, लेकिन बहस के बाद सदन के बाहर सुषमा स्वराज और हम भाई बहन की तरह थे। बाबूलाल गौर अजेय थे। एक बार मेरी आवाज बनाकर किसी ने बाबूलाल गौर को फोन किया कि 50 हजार रुपये की जरूरत है। उन्होंने उसे 50 हजार रुपये दे भी दिए। अरुण जेटली प्रखर वक्ता थे। हिंदी और अंग्रेजी में उनके भाषण कौशल का हर कोई मुरीद था। बीजेपी के एक के बाद एक एक बड़ी पंक्ति के नेता चले गए लेकिन फिर भी पार्टी मजबूती से खड़ी है। कैलाश जोशी से मेरे निकट के सम्बंध थे।

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के दो सदस्यों का सदन में दिखा ऐसा स्वरूप

रेणु जोगी विपक्ष को कैंडी खिलाती रहीं तो देवव्रत सिंह सत्तापक्ष संग बैठे दिखे

कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने धरमजीत को कहा बी-टीम

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। सोमवार को सदन में सियासत के दो चेहरे दिखे। दोनों ही नजारे देखकर सदन में मौजूद अफसर भी चौंक गए और सदन की कार्रवाई देखने पहुंचे लोग भी। शीतकालीन सत्र के पहले दिन दिवंगत नेताओं को श्रध्दांजलि देने के बाद 5 मिनट के लिए कार्रवाई को ब्रेक किया गया था। विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत के आसंदी से उठते ही जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के दो वरिष्ठ सदस्य उठे और सब के लिए कौतूहल का विषय बन गए। दरअसल 5 मिनट का विराम मिलने के बाद विधायक देवव्रत सिंह पूर्ती से उठे और अपने दल के लिए आसंदी द्वारा दी गई बैठक व्यवस्था छोड़कर फौरन सत्तापक्ष के पाले में चले गए। जबकि जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे की उपनेता श्रीमती रेणु जोगी अपने पर्स में हाथ डालकर मुट्ठी में कुछ लेकर उठीं और सधे कदमों से पहले वे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के पास जा पहुंचीं। विधायक रेणु जोगी को आता देख रमन सिंह कुछ समझ पाते उससे पहले ही श्रीमती जोगी ने उन्हें एक अंजिर कैंडी थमाते हुए अभिवादन किया। पूर्व सीएम ने भी मुस्कुराते हुए तत्काल कैंडी हाथ में लेकर उनके अभिवादन का जवाब दिया। इसके बाद श्रीमती जोगी बीजेपी नेताओं में से पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर और अन्य को आरंज कैंडी थमाकर वापिस अपनी जगह आ बैठीं।

इधर जनता कांग्रेस से खैरागढ़ विधायक देवव्रत सिंह उठे और सत्तापक्ष के मंत्रियों रविंद्र चौबे, फिर वन मंत्री मोहम्मद अकबर से कानाफूसी करते दिखे। सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं का याराना देखते ही बनता था। हालांकि पूर्व में कांग्रेस पार्टी में ही रह रहे देवव्रत सिंह वनमंत्री अकबर के साथ बगल में ऐसे बैठे कि फिर दान पर बवाल और स्थगन पर चर्चा तक वे काफी देर सत्तापक्ष के पाले में ही देखे गए। आज स्थगन की वजह से प्रश्नोत्तर काल में जवाब देने की बारी टीएस सिंहदेव की थी पर चर्चा में वे विपक्ष के घेर में आने से बच गए। इसी तरह कानून व्यवस्था पर भी भाजपा आक्रामक रुख अख्तियार किये है। इसलिए सदन की कार्रवाई जब 5 मिनट के लिए रोकी गई तब गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू विपक्ष के पाले में पहुंचे और अजय चंद्राकर के स्थान पर बैठे चर्चा करते रहे। आमतौर पर सत्ता और विपक्ष के बीच कई मुद्दों में गंभीर मतभेद के बाद भी इस नजारे को देखकर लोग यही कहते रहे सियासत इसे ही कहते है।

शासन ने सात आईएएस अधिकारियों का प्रभार बदला

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगरीय निकाय चुनाव के ठीक पहले अचार संहिता लगने के पूर्व राज्य सरकार ने 8 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। जिनमें नम्रता गांधी उप सचिव कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धमतरी के पद पर पदस्थ किया गया है। सुश्री नुपूर राशि पन्ना को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोण्डागांव को अस्थायी रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुंगेली, कुंदन कुमार मुख्य कार्यपालन अधिकारी कबीरधाम को मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुर्ग, जगदीश सोनकर अपर कलेक्टर बस्तर को अस्थायी रूप से अपर कलेक्टर महासमुंद, विजय दयाराम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धमतरी को अस्थायी रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी कबीरधाम के पद पर तथा प्रबंध संचालक सहकारी शक्कर कारखाना कबीरधाम का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विजय कुमार लंगेह अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)सरायपाली को अस्थायी रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद, कुणाल दुदावत सहायक कलेक्टर बिलासपुर को अस्थायी रूप से अनुविभागीय अधिकारी सरायपाली में अस्थायी रूप से पदस्थ किया गया है। शौरभ कुमार संयुक्त सचिव स्कूली शिक्षा विभाग को संयुक्त सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग के रूप में अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

प्रदर्शन

सीएम भूपेश बघेल ने 25 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर का किया था वादा

संयुक्त किसान मोर्चा का धरना, समर्थन मूल्य पर अड़े

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में धान का समर्थन मूल्य 25 सौ रुपये क्विंटल देने, किसानों का शोषण बंद करने मंडी अधिनियम के साथ किसानों का धान 12 महीनों खरीदने के लिए मंडियों को चालू करवाने एवं व्यापारियों दलालों बिचौलियों द्वारा किसानों को गुमराह करने पर नियंत्रण सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा ने बूढ़ापारा धरनास्थल में एकदिवसीय धरना दिया। आज से ही महासमुंद क्षेत्र के किसानों ने धान खरीदी सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर जेल भरो आंदोलन के तहत हजारों की संख्या में गिरफ्तारी दी।

संघ के संयोजक अनिल दुबे, जागेश्वर प्रसाद, जीपी चंद्राकर, ईश्वर साहू, अशोक ताम्रकार एवं श्रीधर चंद्राकर ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि व्यापारियों से किसानों ने लाखों रुपये का कर्ज लिया है।

धान की खरीदी में हो रहा विलंब किसानों की परेशानी का सबब बन गया है। इधर केंद्र सरकार द्वारा भी 25 सौ रुपये क्विंटल में धान खरीदी के मामले में अब तक निर्णय नहीं हो पाया है जिसके चलते किसान परेशान हो रहे हैं। अनिल दुबे ने बताया कि 11 सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों ने कलेक्टर महासमुंद को ज्ञापन सौंपकर तत्काल मांगे पूर्ण करने का आग्रह किया है। बूढ़ापारा में आयोजित धरने में गिरधारी सिंह ठाकुर लालराम वर्मा, विमल ताम्रकार, चंद्रप्रकाश साहू सहित बड़ी संख्या में किसानों ने शामिल होकर मांगों को लेकर जंगी प्रदर्शन किया। प्रदेश स्तर पर आज रायपुर के अलावा दुर्ग, पाटन, धमधा, बेरला, अभनपुर, धरसीवा, आरंग आदि क्षेत्र के किसानों ने बूढ़ापारा धरनास्थल पर पहुंचकर अपनी प्रभावी स्थिति दी। रायपुर में कलेक्टर रायपुर को ज्ञापन सौंपकर किसान मोर्चा ने 11 सूत्रीय मांगे तत्काल पूर्ण करने की मांग की है।

सेंट्रल पुल से चावल नहीं खरीदने के विरोध में कांग्रेस का महाधरना

रायपुर। धान का समर्थन मूल्य 25 सौ रुपये प्रति क्विंटल खरीदे जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा अब तक दो बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा जा चुका है। केंद्र सरकार द्वारा पत्र को महत्व नहीं देने के आधार पर सेंट्रल पुल से चावल नहीं खरीदने के विरोध में आज कांग्रेस असंगठित क्षेत्र के कामगारों ने फायर ब्रिगेड चौक पर महाधरना देकर किसानों के हित में पीएम मोदी से तत्काल निर्णय लेने की मांग को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर तत्काल धान खरीदी करना का आग्रह किया है। धरने में कांग्रेस के सभी नामचीन नेता मौजूद थे।

आधा दर्जन से अधिक आईएएस अधिकारियों को मिला एक्स्ट्रा चार्ज

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के आधा दर्जन से अधिक अधिकारियों के पदोन्नति उपरांत उन्हें अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अधिकारियों में श्रीमती संगीता पी. विशेष सचिव आवास पर्यावरण को सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग, आर प्रसन्ना विशेष सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग को सचिव, पी अन्बलगन को विशेष सचिव खनिज साधन, विभाग विशेष सचिव पर्यटन विभाग का अति. प्रभार को सचिव खनिज साधन विभाग को पर्यटन विभाग का अति. प्रभार। अलरमेल मंगई डी विशेष सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का अति. प्रभार विशेष सचिव उच्च शिक्षा विभाग का अति.प्रभार को सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का अति. प्रभार, सचिव उच्च शिक्षा विभाग का अति. प्रभार। उमेश कुमार अग्रवाल विशेष सचिव गृह विभाग को सचिव गृह विभाग। धनंजय देवांगन विशेष सचिव सहकारिता तथा पंजीयक सहकारी संस्थाएं का अतिरिक्त प्रभार को सचिव सहकारिता विभाग त था पंजीयक सहकारी संस्थाएं का अति. प्रभार। डॉ. संजय कुमार अलंग यथावत कलेक्टर बिलासपुर रखा गया है। छतर सिंह डेहरे अपर आयुक्त बिलासपुर संभाग तथा सचिव राजस्व मंडल बिलासपुर का अति. प्रभार सचिव छग लोक आयोग का अति. प्रभार को अपर आयुक्त बिलासपुर संभाग तथा सचिव राजस्व मंडल बिलासपुर का अतिरिक्त प्रभार सचिव छग लोक आयोग का अतिरिक्त प्रभार तथा जिनेविवा किन्डो को यथावत अपर आयुक्त सरगुजा संभाग रखा गया है।

राज्य प्रशासनिक सेवा के तीन अफसरों का ट्रांसफर

रायपुर। 3 राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का तबादला आदेश जारी हुआ है जिनमें से गजेंद्र सिंह ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग को अपर कलेक्टर दुर्ग ,हरि शंकर शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुंगेली को उप सचिव मंत्रालय नया रायपुर तथा देवनारायण कश्यप को अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी कौशल उन्नयन रायपुर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोंडागांव में पदस्थ किया गया है।

संपादकीय

महाराष्ट्र में सियासी उठा पटक

महाराष्ट्र में सियासी उठा पटक बदस्तुर जारी है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में देवेन्द्र फडणवीस ने शपथ लेने के बाद अपना कार्यभार भी संभाल लिया है और किसानों के हित में एक बड़ा फैसला ले लिया है। वहीं उप मुख्यमंत्री के रूप में अजीत पवार ने भी पदभार ग्रहण कर लिया है। इधर राज्यपाल के फैसले को लेकर कांग्रेस एनसीपी और शिवसेना ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और आज ही फ्लोर टेस्ट कराने की पुरजोर मांग रखी जिसे सुप्रीम कोर्ट ने अस्वीकार कर लिया और अपना फैसला मंगलवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया। अब मंगलवार को पता चलेगा की इस मामले में सुप्रीम कोर्ट क्या फैसला सुनाता है। फ्लोर टेस्ट तत्काल कराया जाता है या राज्यपाल के मुताबिक दी गई तिथि 30 नवंबर को फ्लोर टेस्ट होता है अब सारा दारो मदार फ्लोर टेस्ट पर ही निर्भर है। क्योंकि राज्यपाल ने देवेन्द्र फडणवीस को मुख्यमंत्री के रूप में शथप दिला दी है उनके साथ बहुमत है या नहीं इसका पता फ्लोर टेस्ट से ही चलेगा। कांग्रेस-एनसीपी और शिवसेना को यह डर है कि यदि फ्लोर टेस्ट में अधिक विलंब होता है तो उनके विधायकों के टूटने का खतरा बना रहेगा। अभी तीनों ही दलों ने अपने-अपने विधायकों को होटलों में एक तरह से कैद कर रखा है। गौरतलब है कि एनसी को अपने टूटने का ज्यादा खतरा है क्योंकि अजीत पवार ने एनसी विधायक दल भाजपा के साथ गठबंधन सरकार बनाने की न सिर्फ घोषणा की है बल्कि राज्यपाल को विधायकों का हस्ताक्षरित समर्थन पत्र भी सौंपा है। सुप्रीम कोर्ट में भी उनके वकील ने यह दावा किया है कि अजीत पवार ही एनसीपी है। जाहिर है एनसीपी में टूट का खतरा अभी भी बरकरार है। भले ही एनसीपी के 52 विधायक शरद पवार के पास चले गए है। लेकिन फ्लोर टेस्ट होने की स्थिति में वे किस के पक्ष में वोट करेंगे इसे लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इधर कांग्रेस और शिवसेना ने आरोप लगाया है कि महाराष्ट्र में लोकतंत्र की हत्या की गई है और राज्यपाल का निर्णय अवैधानिक है। इस मुद्दे को लेकर संसद में भी जबरदस्त हंगामा हुआ है जिसके चलते संसद की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी है। कुल मिलाकर महाराष्ट्र का पेंच उलझता ही जा रहा है।

विचार

प्रदूषण पर बेफिक्री

एक तरफ राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई शहरों में प्रदूषण से लोगों का सांस लेना मुहाल हो रहा है, दूसरी तरफ राजनेताओं के लिए यह सियासी हिसाब चुकता करने का बहाना बन गया है। प्रदूषण की आड़ लेकर वे अपने विरोधियों को चित करने में जुटे हैं। नतीजा यह कि इस बीमारी का इलाज खोजना तो दूर, इस पर ढंग की बात भी नहीं हो पा रही। लोकतांत्रिक राजनीति में किसी मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष का एक-दूसरे की आलोचना करना स्वाभाविक है, लेकिन इसका मकसद कोई रास्ता खोलना होता है। मंगलवार को लोकसभा में प्रदूषण पर हुई बहस तो सिर्फ एक-दूसरे की टांग खिचाई करने की कवायद भर साबित हुई। आम जनता के जीवन से सीधे जुड़े इस मुद्दे का भी हश्र अगर यही होना है तो फिर इस व्यवस्था में दूरदृष्टि के लिए कितनी गुंजाइश खोजी जाए? चर्चा में बीजेपी का सारा जोर दिल्ली की केजरीवाल सरकार को घेरने पर था। हालत यह हुई कि मौजूदा सरकार का विरोध करने के क्रम में बीजेपी सांसदों को कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार का गुणगान करने में भी कोई समस्या नहीं हुई। मामले का दूसरा पहलू यह रहा कि दिल्ली के कुछ सांसदों ने इस चर्चा में शामिल होना भी जरूरी नहीं समझा। हमारे सांसद प्रदूषण को लेकर कितने गंभीर हैं, इसका अंदाजा पिछले हफ्ते ही मिल गया था, जब इस मसले पर बुलाई गई संसद की स्टैंडिंग कमिटी की बैठक में 25 में से कुल 4 सदस्य पहुंचे और अधिकतर एमपी नदारद रहे। बीजेपी की सांसद हेमा मालिनी ने संसद में प्रदूषण पर चली बहस को लेकर सांसदों के अनमनेपन पर कहा कि संभव है बाकी सांसदों के क्षेत्र में प्रदूषण कम होने के कारण वे उपस्थित नहीं हुए और दिल्ली में स्थिति ज्यादा गंभीर है इसलिए यहां के सांसदों को आना पड़ा। दरअसल प्रदूषण को लेकर देश के समूचे राजनीतिक नेतृत्व का रवैया इसी हल्केपन का शिकार है। मीडिया या जुडिशरी से इस मामले में दबाव बढ़ता है तो आनन-फानन कुछ उपाय किए जाते हैं, फिर सब इसे भूल जाते हैं।

टेक ज्ञान

गूगल से मिले नंबर पर की कॉल

नई दिल्ली। साइबर क्राइम के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। आए दिन नए-नए तरीकों से हो रही हैकिंग की खबरें सुनने को मिलती हैं। ताजा मामले में नोएडा की एक महिला भी ऑनलाइन हैकिंग का शिकार हो गई और उनके खाते से जालसाजों ने केवल तीन मिनट में 1 लाख रुपये चुरा लिए। महिला ने इसकी शिकायत दर्ज करा दी है। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला और क्या है इससे बचने के तरीके। बिना अकाउंट नंबर और पिन बताए बैंक खाते से पैसे निकलने की इस घटना ने ऑनलाइन पेमेंट और स्मार्टफोन में मौजूद UPI बेस्ड पेमेंट ऐप्स पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ठगी का शिकार हुई महिला ने दिल्ली के एक गुरुद्वारे की बुकिंग के लिए कॉल की थी।

कनक तिवारी की गांधी दृष्टि

विनोद शाही

> वोट दे कर सत्ता को चुनने की ताकत रखने वाले भारत के नागरिक रेत के कणों की तरह सत्ता के उस पिरामिड की बुनियाद हैं, जो सीधे शिखर को संभव बनाने के लिये खुद किसी गिनती में न आ पाने की हालत में नीचे दफन रहते हैं। इतिहास यहां इतिहास पुरुषों के स्मारकों से ज्यादा अहमियत नहीं रखता। गांधी, नेहरू, पटेल, अंबेडकर, मौलाना आजाद, सुभाष चंद्र बोस और भगत सिंह इस संवैधानिक भारत के नक्शे को स्थापत्य में बदलने वाले पिरामिड के गर्भगृह में समाधिस्थ पड़े रहते हैं, परंतु वे अब किसी के भीतर किसी जीवंत विचारधारा की तरह अंतर्विकास नहीं करते। यह पिरामिड सामान्यजन के लिये उतना ही अजनबी और पवित्र है, जितना कोई पिरामिड या गिरजाघर हो सकता है। हम उसकी तरफ देखते हैं, पर हमेशा संशय से घिरे रहते हैं कि वहां से हमारी पुकार की कोई गूंज, अनुगूंज की तरह लौटेगी भी कि नहीं। वहां हम खुद अपने लोगों को चुन कर अपने प्रतिनिधियों की तरह भेजते है।

हम भारत के कई नक्शों की बात कर सकते हैं। पहला वह जिसे अंग्रेजों ने भारत को अपना गुलाम बनाने की नीयत से बनवाया था। उससे भारतमाता की वंदना करने वाला हिंदुत्ववादी राष्ट्रवाद प्रकट हुआ था। उसने इस्लामपरस्त राष्ट्रवाद को अपना एक अंग काट कर दे दिया और खुद एक अपंग देह की ताजपोशी करा कर बैठ गया। हम उस दूसरे नक्शे की शिनाख्त करने के नजदीक हैं, जिसे हम गांधी के स्वराज का नक्शा कह सकते हैं। फिर भी वस्तुस्थिति यह है कि गांधी ने औपनिवेशिक दासता से मुक्ति की लड़ाई के लिये अपने जिस स्वराज वाले नक्शे को आधार बनाया था, वह जैसे ही लागू होने की स्थिति के करीब आया, उसे स्वयं गांधी के नजदीकी लोगों ने अव्यावहारिक कह कर एक ओर धर दिया। खुद एक तीसरा नक्शा बनाने और लागू करने की जद्दोजहद में लग गये। इसे हम भारत का संवैधानिक नक्शा कह सकते हैं। तीनों में आपस में कोई तालमेल नजर नहीं आता। वे हमें लगातार अनिश्चय की स्थिति में बनाये रखते हैं। समझ नहीं आता, किसे चुने, किसे छोड़ें। भारतमाता के भौगोलिक नक्शे के मंदिर वाले स्थापत्य की तरह आजाद भारत के संवैधानिक नक्शे को मूर्त रूप प्रदान करने की नीयत से कनक तिवारी ने एक अलग स्थापत्य वाले जिस बिंब को हमारे सामने रखा है, वह काबिले गौर है। वे इसे रेत पर पिरामिड बनाने की तरह देखते हैं। वे भारतीय संविधान के व्याख्याता के रूप में अपनी यह धारणा हमारे सामने रखते हैं। अतः इसकी परख पड़ताल अर्थपूर्ण हो सकती है। यह उल्लेखनीय है कि गांधी ने आजाद भारत के बारे में इस के समानान्तर यह परिकल्पना की थी।ऐसे समाज की रचना सत्य और अहिंसा पर ही हो सकती है ।ऐसा समाज अनगिनत गांव का बना होगा ।उसका फैलाव एक के ऊपर एक के ढंग पर नहीं बल्कि लहरों की तरह एक के बाद एक ही शक्ल में होगा ।जिंदगी पिरामिड की शक्ल में नहीं होगी, जहां ऊपर की तंग चोटी को नीचे के चौड़े पाए पर खड़ा होना पड़ता है ।वहां तो समंदर की लहरों की तरह जिंदगी एक के बाद एक घेरे की शक्ल में होगी और व्यक्ति याने कर्म इनका मध्य बिंदु या मरकज होगा। यह व्यक्ति हमेशा अपने गांव की खातिर मिटने को तैयार रहेगा। गांव अपने इर्द-गिर्द के देहात के लिए मिटने को तैयार होगा ।

इस तरह आखिर सारा समाज ऐसे लोगों का बन जाएगा जो घमंडी या मगरूर बनकर कभी किसी पर हमला नहीं करते बल्कि हमेशा नम्र रहते हैं और अपने में समंदर की उस शान को महसूस करते हैं जिसके वे एक जरूरी हिस्सा या अंग हैं। (हरिजन सेवक) (28 जुलाई 1946) जब भारत का संविधान बनाया जा रहा था, भारतीय संसद और संविधान सभा के कुछ सदस्य इस बात से नाखुश थे कि भारत के गांवों को हमारे संविधान की केंद्रीय इकाई के तौर पर स्वीकार क्यों नहीं किया जा रहा था। गांव भारतीय संविधान की सत्ता संरचना की निचली और बुनियादी



पायदान होते। तो इससे यह उम्मीद पैदा हो सकती थी कि हमारी सत्ता नीचे से ऊपर की ओर उठती। स्वरूपतः लोकोन्मुख रहती और अपनी जमीनी जरूरतों के मुताबिक अपना नगरीकरण और औद्योगीकरण कर पाती। परंतु गांवों को भारतीय संविधान ने सत्ता के निर्माता के रूप में इसलिये ताकत नहीं दी, क्योंकि अंबेडकर सहित अधिकांश संविधान निर्माताओं की राय यह थी कि भारत के गांव पिछड़े, अशिक्षित, अज्ञान ग्रस्त, अंधविश्वासी, वर्ण और जातिमूलक भेदभाव और सामंती व कबीलाई आपसदारी वाले पूर्वाग्रह ग्रस्त संबंधों को निभाने की चेतना से इस कदर बंधे हुए हैं कि सत्ता की नकेल या बागडोर उनके हाथों में नहीं दी जा सकती। नतीजतन भारतीय संविधान अपेक्षाकृत विकसित मध्यवर्ग की आकांक्षाओं का आईना बन गया। इससे फायदा यह होता है कि भारत की सत्ता संरचना अखिल भारतीय चरित्र वाली हो जाती है और नुकसान यह होता है कि सत्ता का शिखर केंद्रीकरण की प्रवृत्ति से युक्त होने पर तानाशाही की ओर उन्मुख हो सकता है। इससे शिखर यह तय कर पाता कि वहां ऊपर से नीचे की ओर आने वाली सत्ता विकेंद्रीकृत हो कर वास्तव में लोकतांत्रिक होगी या नहीं। इस तरह हम एक ऐसा संविधान लागू होता देखते हैं , जो कहने को लोकतंत्र है, पर जिसकी लोकतांत्रिकता सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों के रहमोकरम पर ही सांस ले पाती है। भारत के ऐसे संवैधानिक लोकतंत्र के नक्शे का स्थापत्य ही यह रेत पर बना पिरामिड है।

वोट दे कर सत्ता को चुनने की ताकत रखने वाले भारत के नागरिक रेत के कणों की तरह सत्ता के उस पिरामिड की बुनियाद हैं, जो सीधे शिखर को संभव बनाने के लिये खुद किसी गिनती में न आ पाने की हालत में नीचे दफ्न रहते हैं। इतिहास यहां इतिहास पुरुषों के स्मारकों से ज्यादा अहमियत नहीं रखता। गांधी, नेहरू, पटेल, अंबेडकर, मौलाना आजाद, सुभाष चंद्र बोस और भगत सिंह इस संवैधानिक भारत के नक्शे को स्थापत्य में बदलने वाले पिरामिड के गर्भगृह में समाधिस्थ पड़े रहते हैं, परंतु वे अब किसी के भीतर किसी जीवंत विचारधारा की तरह अंतर्विकास नहीं करते। यह पिरामिड सामान्यजन के लिये उतना ही अजनबी और पवित्र है, जितना कोई पिरामिड या गिरजाघर हो सकता है। हम उसकी तरफ देखते हैं, पर हमेशा संशय से घिरे रहते हैं कि वहां से हमारी पुकार की कोई गूंज, अनुगूंज की तरह लौटेगी भी कि नहीं। वहां हम खुद अपने लोगों को चुन कर अपने प्रतिनिधियों की तरह भेजते है। इस संवैधानिक पिरामिड में जो जितनी ऊंचाई हासिल कर लेता है, उतना ही वह हमसे और अधिक अजनबी हो गया मालूम पड़ने लगता है।

वह एक कदम, जो गांधी चले, उसके हमसफर की तरह कनक तिवारी की यह किताब रेत पर पिरामिड हजार कदमों से एक साथ चलने की तरह खुलती है। स्वराज की तरफ गांधी जिस तरह आगे बढ़े , वह इतना बहुआयामी है कि हमारे हजार कदम भी उसे नापने के लिये पर्याप्त नहीं हैं। कनक तिवारी इस लिहाज से अनथक पथिक हैं। शायद ही कोई मोड़, घुमाव, पगडंडी या समांतर पथ ऐसा होगा, जो गांधी की राह पर पड़ने के क्रम में उनकी निगाह से छूटा होगा। लेकिन वे वहीं तक नहीं रह जाते। अपने समय में प्रवेश करते हुए वे जिस तरह गांधी का पुनर्पाठ करते हैं, वह हमें गांधी के अभी तक हासिल न हो सकने वाले स्वराज को नयी शक्ल में हासिल करने के लिये हमें पुकारता है। हम पुकार को सुन सके तो यह इस किताब की बड़ी उपलब्धि होगी।

कर्तव्यों का बोध कराती मूल्यपरक शिक्षा

रमेश पोखरियाल 'निशंक'
केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री, भारत सरकार, नई दिल्ली

> अत्यंत चुनौतीपूर्ण वैश्विक वातावरण में यह हमारा सौभाग्य है कि भारत को अनोखा जनसांख्यिकीय लाभांश प्राप्त है। हम सर्वाधिक युवाओं वाला देश हैं और जहाँ यह हमें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के युग में बढ़त प्रदान करता है वहीं हमारे समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है कि हम अपनी युवा शक्ति को कैसे सकारात्मक और सृजनात्मक रास्ते पर प्रेरित करें। आज हमें अपने विद्यार्थियों को न केवल सवैधानिक कर्तव्यों के प्रति जागरुक करना है, बल्कि एक ऐसा वातावरण निर्मित करना है, जहां हर कोई अपने कर्तव्यों के पालन पूरी तत्परता और गंभीरता से करें. वर्ष 2055 तक भारत में काम करने वाले लोगों की संख्या सबसे ज्यादा रहेगी।

विश्व के सबसे बड़े जनतंत्र के वृहदतम शिक्षा तंत्रों में से एक होने के गौरव के साथ-2 हमें एक बड़ी जिम्मेदारी का भी अहसास है। हमें पता है कि अच्छी शिक्षा के माध्यम से ही हम नव भारत के निर्माण की आधारशिला तैयार कर सकते है। हम बखूबी जानते हैं कि हम लगभग 33 करोड़ विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माण कर रहे हैं और उनके स्वर्णिम भविष्य का निर्माण तभी हो सकता है जब हम उनका परिचय उन शाश्वत मूल्यों से कराएँगे जो मानवता के आधार स्तंभ हैं। मुझे लगता है कि यदि कोई व्यक्ति गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत करना चाहता है तो यह उसका कर्तव्य है कि उसका कोई भी कृत्य ऐसा न हो जो किसी और के गरिमापूर्ण जीवन को बाधित करता हो। अगर किसी को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता चाहिए तो उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जब दूसरा अपनी भावनाओं को उसके समक्ष रखे तो वह धैर्य, सहिष्णुता, सहनशीलता का परिचय दें। सबसे हैरानी वाली बात यह है कि दुनिया के अधिकांश लोकतांत्रिक देश मूल अधिकारों की बात करते हैं, परंतु मूल कर्तव्यों के विषय में मूक हैं। हमारे संविधान में कर्तव्यों का समावेश सोवियत संघ से प्रेरित रहा है। जिस दिन हम अपने विद्यार्थियों को कर्तव्यों का महत्व समझा पाएं हमारी काफी समस्याएं अपने आप ही हल हो जाएगी। जब हम भारत केन्द्रित, संस्कार युक्त शिक्षा की बात करते है तो मुझे लगता है कि हमारे संवैधानिक कर्तव्य प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इसमें शामिल हो जाते है । देश में 33 साल बाद नई शिक्षा नीति देश में आ रही है। नवाचारयुक्त, मूल्यपरक, संस्कारयुक्त, शोधपरक, अनुसंधान को बढ़ावा देती यह नई शिक्षा नीति देश के सामाजिक आर्थिक जीवन में नए सूत्रपात का आगाज करेगी। नई शिक्षा नीति देश को वैश्विक पटल पर एक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए समर्पित है।

आज अपने बच्चों को यह समझाना अत्यंत आवश्यक है कि विविधता से परिपूर्ण भारत एक देश नहीं बल्कि पूरा उपमहाद्वीप है, जिसके विभिन्न भागों में अलग-अलग रीति

रिवाज और अलग- अलग परंपराएं हैं । इस रंग बिरंगी विविधता के जितने दर्शन भारत में होते हैं उतना शायद ही विश्व के किसी अन्य क्षेत्र में होते होंगे। भारतीय संस्कृति ने मानव सभ्यता की आध्यात्मिक निधि में हमेशा ही बहुत बड़ा योगदान दिया है और हमें इसके सरंक्षण के लिए समर्पित होने की आवश्यकता है। यह संस्कृति अध्यात्म की एक निरंतर बहती धारा है, जिसको ऋषियों-मुनियों, संतो और सूफियों ने अपने पवित्र जीवन दर्शन से लगातार सींचा है । इन्हीं के नाम से भारत की बाहुल्य संस्कृति को आधार मिलता है । यहां हर 100 किलोमीटर पर हमारी बोली बदल जाती है, कुछ 200 किलोमीटर दूर जाने पर हमारे खानपान, परिधान बदल जाते हैं, हमारी भाषाएं बदल जाती है और 1000 किलोमीटर दूर जाने पर पूरी जीवन शैली की पृथक रंग उजागर होता है पर इन सब के बावजूद हम सदियों से एकता के सूत्र में समावेशित है । हमारी संस्कृति हमे एकता, समरसता, सहयोग, भाईचारा, सत्य, अहिंसा, त्याग, विनम्रता, समानता आदि जैसे मूल्य जीवन में अपनाकर वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है. आज मनुष्य तन-मन की व्याधियों से जूझ रहा है। ऐसे में ये विचार संस्कार ही बचाव का रास्ता है। विचार से ही हम विश्व गुरु बने और फिर विचारों से विजय हासिल करेंगे। तेजी से बदलते डिजिटल युग में हम किस प्रकार शिक्षा के माध्यम से उपने मूल्यों को सरक्षित संवर्धित करे यह बड़ी चुन्नौती है. नयी शिक्षा नीति से हमने अपने विद्यार्थियों को जड़ों से जोड़ने का प्रयास किया है।

मुझे लगता है कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बचपन में विद्यालय के माध्यम से स्वतः ही हो जाती है. मुझे याद है कि सुदूरवर्ती हिमालय अंचल में स्थित मेरे प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा से पहले, हमें अच्छा नागरिक बनाना सिखाया जाता था। प्रार्थना के दौरान हमें सिखाया गया कि किस प्रकार राष्ट्रीय झंडे का सम्मान करें, राष्ट्रीय गान की गरिमा का ध्यान रखे, किस प्रकार आसपास के स्थान को स्वच्छ बनाए, कैसे सबके साथ प्रेमपूर्वक रहे? हमारे अध्यापकों द्वारा समस्त विद्यार्थियों के भीतर जिज्ञासा का भाव, वैज्ञानिक सोच विकसित करने का प्रयास किया जाता. यह सच है कि उस समय संविधान में वर्णित कर्त्तव्य नहीं थे पर यह जरुर समझाया गया कि अच्छा इंसान या नागरिक बनने के लिए अच्छा मानव बनना परम आवश्यक है। मुझे लगता है कि आज समाज की जितनी भी विकृतियों है उसके लिए मूल्यपरक शिक्षा का अभाव जिम्मेवार है। आने वाले समय में यह एक बड़ी चुनौती होगी जब हम तेजी से बदलते वैश्विक परिवेश में सामान्य नागरिक नहीं बल्कि डिजिटल नागरिक होंगे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

दोस्तो 2019ख़त्म होने में सिर्फ़ 45 दिन बचे

दोस्तो 2019ख़त्म होने में सिर्फ़ 45 दिन बचे हैं.. अगर कोई ग़लती हो गई हो या कुछ ग़लत बोला गया हो तो....आप मुझसे... माफ़ी माँग सकते हैं... आज मेरा मूड अच्छा है। **गुनगुन पटेल**

अदावत खिलाफत बग़ावत से ज्यादा कुछ

अदावत ख़िलाफ़त बग़ावत से ज्यादा कुछ नहीं है ये सब बातें सियासत से ज्यादा कुछ नहीं है। ख़ामख़ा तुम हम पे इल्ज़ाम धर बैठे,, मेरे दिल में मोहब्बत से ज्यादा कुछ नहीं है।
कवि धीरज पचवारिया

खास पाती | जनसमुंदर में बह जा रहे हर

जनसमुंदर में बह जा रहे हर पल जिंदेगियां किसी किसी को मंजिल मिल जाती तो कितने को किनारा भी नहीं मिला! ईश्वर की सृष्टि बड़ी निराली इतनी जीवों का चिरंतन नज़ारा इतनी चेहरे पर चेहरे का पहरा! इंसान भी आज भगवान से कम नहीं.. काश परमात्मा और इंसान दे पाएं.. सबको समान अधिकार और खुशी मिल जाएं। किसी के आंसू से हीरा, किसी के आंसू से पत्थर न गिर पाएं किसी की पैरों तले फुल, और किसी को कांटे न सताएं...!! **मितू घोष**

गिर जाती बिजलियाँ हैं

गिर जाती बिजलियाँ हैं गुजरते जिधर से हम। चिलमन गिरा के इस लिए चलते हैं घर से हम। मिलता भी सिसकियों के सिवा और क्या हमें। दिल को लगा के बैठे हैं जब बे कदर से हम। उनसे सिकायतें हैं हमें यूं तो बहुत मगर। कहते नहीं हैं रूठने के उनके डर से हम। थी शोर में घुटन सी चका चौंद में चुभन गुजरे थे जब कभी भी तुम्हारे शहर से हम। **लक्ष्मी माहौर**

घमंड तोड़ देता है आपकी शख्शियत

घमंड तोड़ देता है आपकी शख्शियत को एक नकली आवरण लपेटना पड़ता है एक बेरुखी व्यवहार जो खुराक है एक घमंड की जो जब जब सर चढ़ बोलता है कभी खुद का विनाश करता है तो कभी परिवार का रावण जैसा बलशाली भी आखिर में टूट गया और कंस का घमंड भी टुटा !!!

सीमा राय द्विवेदी

महाराष्ट्र /मुंबई में ही रुके सारे

महाराष्ट्र /मुंबई में ही रुके सारे विधायक! मुंबई के होटलों में विधायकों का जमावड़ा आओ खेले होटल -होटल !**पुष्पा त्रिपाठी 'पुष्प'**

नोट बंदी की किसी को खबर लगी

नोट बंदी की किसी को खबर लगी क्या? सर्जिकल स्ट्राइक की किसी को खबर लगी क्या? धारा 370 हटाई किसी को खबर लगी क्या? महाराष्ट्र में सरकार बनाई किसी को खबर लगी क्या? इसलिए, भरोसा रखो मोदी है तो मुमकिन है! **रितेश सोनारे**

पथ भटके हैं लोग पर, बनते हैं

पथ भटके हैं लोग पर,बनते हैं मासूम। तुच्छ लाभ पर ठिठकते, शोर मचाते धूम। शोर मचाते धूम, कहे जी परचम फहरा। होते ये नासूर,लगे थे कच्छा लहरा। काटे सबके जेब, बने हैं सबसे छटके। होते अब बदनाम, तभी तो वे पथ भटके। **नवीन कुमार तिवारी**

काम क्रोध मद लोभ मोह

काम क्रोध मद लोभ मोह इनसे घिर गया है आदमी।। कौरवों की तरह घेर लिया। इन्होंने मिलकर इंसान को।। अकेला अभिमन्यु कर रहा। इन विजातीय से कर संघर्ष।। न कोई बचाव करने वाला । न आर्त पुकार सुनने वाला।। नुकीले तीखे अस्त्र - शस्त्र। बस यही दिखते चक्षुओं से।। न कोई सगा न ही सम्बन्धी। केवल तन्हा जाना है वहाँ ।। ये ही धर्मयुद्ध है दुनियां का। जहाँ चक्रव्यूह भेदना होता।। **कवि राजेश पुरोहित**

लघु कथा

सबसे अच्छी मम्मी

नन्हा सोमू बहुत जिद्दी था। जिद चढ़ जाती तो माँ की बाँहों से फिसल-फिसल जाता, हाथ पैर फेंकता, बिल्कुल बेकाबू हो रहता।मम्मी सुंदर, जवान वैसे तो काफी धैर्यवान् थी। अपने दुलारे पर हर माँ की तरह जान छिड़कती लेकिन इंसानी फितरत...एकदम अनप्रेडिक्टेबल। क्या कहा जा सकता है कब क्या कर बैठे। समाज ने उस पर भले लाख अंकुश लगाए हों।

पापा सुबह जाकर देर रात तक काम से लौटते। मम्मी को अकेले ही सोमू की देखभाल करनी पड़ती। आज भी सोमू उखड़ गया था। बरस वो जिद चढ़ी कभी मम्मी के गाल कभी आँखें कभी बाल नोचे,.,.चिल्लाए...एकदम बेकाबू। जाने क्या हुआ मम्मी को पल भी नहीं लगा सोमू को कंस की तरह फर्श पर दे मारा। सोमू सहमकर चुप हो गया। मम्मी वो पल याद करती और रोती। साल दर साल बीते सोमू जवान सुंदर सजीला युवक बन गया। मम्मी देखती, गर्व से भर उठती दूसरे ही पल वो पल याद आ जाता। अगर मेरे सोमू को कुछ हो जाता ? सोमू...मातृभक्त सोमू अपनी मम्मी को दुनिया की सबसे अच्छी मम्मी समझता।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत और विश्व के इतिहास में 26 नवंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार है- 1527- पोप क्लीमेंस सातवें ने सम्राट कैरल प्रथम के साथ समझौता किया। 1688- फ्रांस के राजा लुईस चौदहवें ने नीदरलैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1703- भयानक तूफान में ब्रिटिश नौसेना के 1500 नौसैनिक मरे। 1754- प्रसिद्ध जर्मन लेखक जॉर्ज फॉस्टर का जन्म। 1885- पहली बार उल्कापिंड की तस्वीर ली गयी। 1932- महान क्रिकेटर डॉन ब्रैडमैन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दस हजार रन पूरे किये। 1948- नेशनल कैडेट कोर की स्थापना। 1949- आजाद भारत के संविधान पर संविधान सभा के अध्यक्ष ने हस्ताक्षर किये। 1960- भारत में पहली बार कानपुर एवं लखनऊ के बीच एसटीडी सेवा शुरु। 2008- मुंबई में हुए आतंकी हमले में 164 लोग मरे।

चुनाव प्रचार कर बैंक धोखाधड़ी के आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

■ बिलासपुर पुलिस को मिली सफलता

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । अंतर राजजीय अपराधियो को पकड़ने पुलिस को क्या क्या रूप धारण नही करने पड़ते ।अब नेटबैंकिंग धोखाधड़ी के मामले में बिलासपुर पुलिस को अपराधियों को पकड़ने के लिए झारखण्ड में चुनाव प्रचार करना पड़ गया तब कही जाकर आरोपियों को वे गिरफ्तार कर पाए।

ठगी के और धोखाधड़ी के काम मे माहिर अपराधी नए- नए पैंतरे इस्तेमाल कर रहे हैं तो पुलिस भी उन्हें पकड़ने कई तरह के तरीके अपना रहे है ।नेट बैकिंग की सुविधा ले रखे लोगों से ओटीपी पूछ कर रुपए निकाल लिए जाते हैं। इस साल फरवरी में इसी तरह अलका एवेन्यू में रहने वाले प्रयाग दत्त दीक्षित ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए थे ।पुलिस इस मामले में ठगी करने वाले दो भाइयों को पकड़ने में कामयाब रही है ।पुलिस ने इन्हें झारखंड से पकड़ा ।जहां पुलिस चुनाव प्रचारक बनकर पहुंची और आरोपियों को धर दबोचा । पुलिस ने जानकारी दी है कि हाल के दिनों में ऑनलाइन ठगी के मामलों को देखते हुए आईजी प्रदीप गुप्ता और जिला पुलिस कप्तान प्रशांत अग्रवाल ने विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए थे ।जिसके बाद एडिशनल एसपी ओपी शर्मा और सीएसपी आरएन यादव की

अगुवाई में सभी थाने और चौकी में धोखाधड़ी और ऑनलाइन ठगी के दर्ज मामलों के निराकरण के संबंध में अभियान चलाया जा रहा है। इसी सिलसिले में पिछले 10 फरवरी को अलका एवेन्यू के रहने वाले एनएमडीसी बैलाडीला से रिटायर्ड प्रयाग दत्त दीक्षित के साथ हुई धोखाधड़ी के मामले की भी जांच की गई ।

प्रयाग दत्त दीक्षित का भारतीय स्टेट बैंक मंगला में खाता है। 10 फरवरी को उनके मोबाइल नंबर पर अज्ञात लोगों ने फोन कर ओटीपी की जानकारी ली और उनके खाते से 47,994 रुपए निकाल लिए। इस पर सिविल लाइन पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था।

विवेचना के दौरान थाना प्रभारी मोहम्मद कलीम खान ने अज्ञात आरोपी के मोबाइल सिम के बारे में छानबीन की ।साथ ही मामले की तकनीकी पहलुओं पर जांच की और पाया कि किस तरीके से अपराधियों ने प्रार्थी को झांसे में लेकर एटीएम के ओटीपी संबंधित जानकारी लेकर उनसे ठगी की है। मामले में जानकारी मिलने पर साइबर सेल के प्रभाकर तिवारी, हेमंत आदित्य ,मुकेश के साथ मिलकर संयुक्त रूप से मामले की जांच की गई ।जिससे आरोपी के संबंध में जानकारी इकट्ठी हुई। इसके बाद एएसआई शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल देव मुन, पुहुप , दीपक उपाध्याय, तरुण केसरवानी की टीम बनाई गई ।जिसे झारखंड भेजा गया ।इस टीम ने झारखंड के नवादा , राजमहल ,जामताड़ा , करमाटांड़ इलाके में आरोपियों की पतासाजी शुरू की ।पुलिस वहां झारखंड में चल रहे चुनावी माहौल के बीच अपने आप को ढालते हुए खुद चुनाव प्रचार -प्रसार की टीम का हिस्सा बन गई ।चुनाव प्रचार करते हुए यह टीम थाना करमा तांड के देवोडीह गांव पहुंच गई और संदेहियों के घर के आसपास इलाके का जायजा लेकर सटीक रेकी करते हुए आरोपी शहाबुद्दीन अंसारी उर्फ साहेब और मोहम्मद सफ़रउद्दीन अंसारी के घर पर दबिश देकर हिरासत में लिया। दोनों भाइयों से झारखंड पुलिस की मदद से पूछताछ की गई ।जिन्होंने अपना अपराध मान लिया और बताया कि वह मोबाइल फोन से लोगों को झांसे में लेकर ओटीपी की पूछताछ करने के बाद ठगी करते रहे हैं ।इसके बाद दोनों की गिरफ्तारी कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।

रेलवे फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य फिर शुरू

■ विगत दुर्घटनाओं से रेलवे ने नहीं लिया सबक

■ सुरक्षा इंतजाम के बगैर काम कर रहे मजदूर

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। रेलवे स्टेशन को आधुनिक बनाने के साथ यात्रियों को आवाजाही में सुविधा प्रदान करने के दृष्टिकोण से रेल प्रशासन के द्वारा नया फुटओवरब्रिज बनाया जा रहा है। स्टेशन के इस छोर से नयापारा छोर को जोड़ने वाले इस ब्रिज को बनाने का कार्य प्रारंभ किया गया है। क्योकि आने वाले समय मे स्टेशन के उस तरफ भी विकास के कई कार्य होने है। लिहाज़ा ब्रिज बन जाने के बाद रेलवे के द्वारा उस तरफ़ नया टिकट घर और वेटिंग हॉल बनाए जाएंगे। ब्रिज पर गार्डर लगाने का कार्य शुरू हो चुका है। 140 टन की क्रेन को रेलवे ने गार्डर को पिलर में बैठाने के लिए बुलाया है। रविवार को स्टेशन में दिनभर गार्डर बैठाने का कार्य चलता रहा। जिसके मद्देनज़र रेलवे के अधिकारी दिनभर स्टेशन में डटे रहे। हालाँकि इस दौरान थोड़ी लापरवाही भी देखने को मिली। जब गार्डर चढ़ाने के बाद ऊपर गार्डर की वेल्डिंग कर रहा व्यक्ति बिना किसी सुरक्षा में कार्य को कर रहा था। उस समय रेलवे के साथ निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। लेकिन किसी ने भी उक्त मजदूर को नही रोका। कुछ दिनों पहले हुई फाटक की घटना के बाद भी रेलवे के अधिकारी यह ठेकेदार सबक नही लेना चाहते यही वजह है कि बिना सुरक्षा उपायों के मजदूरों की जान को जोखिम में डाला जा रहा है। ब्रिज को मार्च तक पूरा किया जाना है। लिहाज़ा कम समय बचे होने के कारण अब तेज़ी से कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है।

ज्वेलरी शॉप में लाखों की चोरी

■ मौके पर जांच में जुटी पुलिस

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । पेंड्रा के नया बस स्टैंड इलाके में सनशाइन ज्वेलरी शॉप दुकान में सुबह लगभग 3.00 बजे अज्ञात चोरों ने धावा बोला और लाखों की ज्वेलरी चोरी करके ले गए । दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने सीसीटीवी कैमरा को भी घुमा दिया गया था, मामले की जानकारी दुकान मालिक ने पुलिस को दी, जहाँ पेण्ड्रा पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है और जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार पेण्ड्रा पुलिस जल्द ही फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और डाग स्क्वायड की मदद से अज्ञात आरोपियों की तलाश करेगी, वही आस पास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। बिलासपुर पेंड्रा मुख्य मार्ग पर हुई इस लाखो की चोरी से क्षेत्र के व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है, साथ ही अज्ञात चोरों के खिलाफ आक्रोश भी। मौके पर एसडीओपी सहित पुलिस अधिकारी पहुँच घटना की विवेचना में लगे हुए है।

सरकार बदल गई लेकिन सिम्स की व्यवस्था नहीं बदली

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स में अव्यवस्था का आलम बना हुआ है क्योंकि यहां के डॉक्टर इलाज कम और एक दूसरे को निपटाने में ज्यादा लगे रहते थे।वही बड़े मंत्रियों के इर्द गिर्द रहकर अपने ट्रांसफर बचाते रहते थे , हाल यह है कि सिम्स में मरीजों को ले जाने व्हील चेयर स्ट्रेचर तक उपलब्ध नही रहता है । सरकार बदलने के बाद उम्मीद की जा रही थी कि सिम्स की बदहाली में भी परिवर्तन होगा मगर ऐसा न होकर अस्पताल के कई डॉक्टरों का तबादला किया गया।जिसके बाद तो ऐसा लगा कि यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था सुधर जायेगी।और बेलगाम कर्मचारी लाइन पर आ जायेंगे।मगर सिम्स में ऐसा कुछ भी होता नही दिख रहा है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एक ओर स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने में लगे है।तो सिम्स के कुछ डॉक्टर व कर्मचारी अब भी पुराने रवैये पर चल रहे है।जिसका खामियाजा मरीजों को व उनके परिजनों को भुगतना पड़ रहा है।सिम्स में आने वाले गंभीर मरीजों को केजुअल्टी व वार्डो तक जाने के लिए व्हीलचेयर व स्ट्रेचर तक नही मिल रहे है।ऐसे में मरीजों के परिजनों द्वारा गोद मे हाथ व कंधो के सहारे वार्ड तक पहुचाया जा रहा है।ऐसे नजारे सिम्स में हर दिन देखने को मिलते है।दो दिन पहले ही कोनी में एक अधेड़ ठंड की वजह से बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था।जिसे डायल 112 की टीम उपचार के लिए सिम्स लेकर आयी।लेकिन गेट पर व्हीलचेयर व स्ट्रेचर तक नही मिले।और कोई कर्मचारी भी मरीज को लेने नही आया।ऐसे स्थिति में पुलिस के जवानों ने मरीज की हालत को देखते हुए चादर के सहारे ही उसको उठाकर इमरजेंसी वार्ड तक लेकर गये।तब कही उसका उपचार शुरू हो सका।

स्थानीय निर्वाचन की तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश

बिलासपुर । राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर रामसिंह ने आज कलेक्टोरेट के मंथन सभाकक्ष में संभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर आगामी दिनों में होने वाले स्थानीय नगरीय तथा पंचायतों चुनाव की तैयारियों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। बैठक में बिलासपुर संभाग आयुक्त श्री बी.एल.बंजारे तथा पुलिस महानिरीक्षक श्री प्रदीप गुप्ता सहित बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-चांपा, मुंगेली के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक भी मौजूद थे। राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर रामसिंह ने अधिकारियों को खास तौर पर नगरीय निकायों के चुनाव की तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। ठाकुर ने चुनाव के लिए मतदान दलों के गठन एवं रूट चार्ट तैयार करने और चुनाव में तैनात किये जाने वाले कर्मचारियों के प्रशिक्षण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्वाचन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में पुलिस विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर पुलिस बल की तैनाती के संबंध में चर्चा की। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्धारित मापदंडो के अनुरूप संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर अभी से सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

चखना सेंटर के युवकों ने कैमरा-मैन पर किया जानलेवा हमला

■ गम्भीर अवस्था में युवक सिम्स में जारी है उपचार

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । कल रात शहर के एक लोकल चैनल में कार्यरत कैमरामैन पर चखना सेंटर चलाने वाले युवकों ने प्राणघातक हमला कर दिया जिसमें कैमरामैन सिर पर गंभीर चोट आई है जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत के बाद सकरी पुलिस ने तीन आरोपियो को गिरफ्तार किया है अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं । उसलापुर निवासी राहुल सिंह शहर के एक लोकल चैनल में कैमरामैन है कल की रात करीब 9: बजे वह अपनी बाइक लेकर घूमने निकला था तभी साई नगर से लगी शराब दुकान के पास संचालित चखना सेंटर चलाने वाले कुछ युवकों ने दिन में हुई मारपीट की घटना में शामिल होने का आरोप लगाते हुए राहुल पर प्राणघातक हमला कर दिया और उसके पास रखे नगद रकम को लूट लिया वही हमलावरों ने उसकी बाइक और मोबाइल को तोड़ फोड़ डाला और घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुँचे परिजनों ने तत्काल इलाज के लिए सिम्स में दाखिल कराया , जिसकी हालत अभी भी गम्भीर बनी हुई है।मामले में सकरी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर लिया है वही मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है अन्य अभी भी फरार हैं।

मालगाड़ी का डिब्बा इंजन से हुआ अलग, बड़ा हादसा टला

बिलासपुर । तिल्दा रायपुर से बिलासपुर जा रही मालगाड़ी का डिब्बा इंजन से अलग हो गया। हालांकि बड़ा रेल हादसा होने से टल गया। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर से बिलासपुर की ओर जा रही मालगाड़ी का इंजन से डिब्बा अलग हो जाने के चलते डाउन मेन लाइन पर जोता रेल फ़ाटक के पास घटना हुई। धीमी रफ्तार होने के चलते कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही डीजल इंजन से जोड़कर मालगाड़ी में लगे 59 डिब्बों को स्टेशन तक लाया गया।

चैतन्य देवी की झांकी एवं राजयोग शिविर का आयोजन

कोरबा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वाधान में श्री शतमुख कोटि हरिहरात्मक महायज्ञ मृत्युन्जय धाम कटघोरा परिसर में चैतन्य देवी की झांकी का आयोजन किया गया है, जिसका सैकड़ो श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिया। इसके साथ आयोजित राजयोग चित्र प्रदर्शनी से आत्म दर्शन एवं परमात्म दर्शन भी प्राप्त किया। दूसरी ओर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वाधान में निःशुल्क 5 दिवसीय प्रसन्न मन और आनंदमय जीवन शैली शिविर का आयोजन 26 से 30 नवम्बर 2019 तक प्रातः 8:00 बजे ब्रह्माकुमारी पाठशाला मेला ग्राउण्ड बी. आर. सी. मार्ग में किया गया है।

कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

क्रमांक /आब./स्टोर/2019/4573 बिलासपुर, दिनांक 25/11/2019

-:: वाहन निविदा सूचना ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिलासपुर जिले में आबकारी विभाग द्वारा आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कायम प्रकरणों में जप्तशुदा दो/चार पहिया वाहनों को राजसात किया गया है। राजसात वाहनों का विक्रय करने हेतु मुहरबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 02.12.2019 को अपरान्ह 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा को निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उसी दिवस को 5.00 बजे गठित समिति द्वारा खोली जावेगी। इच्छुक निविदाकार निविदा की शर्तें व प्रारूप एवं वाहनों से संबंधित समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है।

सहायक आयुक्त आबकारी
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

जी-75375/1

ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

(भारत सरकार का उपक्रम)
आरआरएल क्लस्टर : जीत टावर, द्वितीय तल, राजकुमार कालेज के सामने, रायपुर - 492001
टेलीफोन - 0771-4700831, ई-मेल:rri_7661@obc.co.in

अचल सम्पत्ति हेतु कब्जा सूचना (परिशिष्ट-IV)

सेक्यूरीटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेन्शियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट आफ सेक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत् नियम-3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत् प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत् **ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदार को डिमांड नोटिस, नोटिस में दर्शायी राशि, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किया गया। उधारकर्ता द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता और जनसामान्य को यहाँ सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 3 के साथ पठित उक्त एक्ट के धारा 13(4) के तहत् उन्हें प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता/जमानतदार और जनसामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये **ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स** की संबंधित शाखा के [illegible] प्रभार के अध्यधीन होगी।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।

क्र. सं.	ऋणी/गारण्टर का नाम एवं पता	बंधक संपत्ति का विवरण	मांग सूचना की तिथि / कब्जा की तिथि / शाखा का नाम	बकाया धनराशि
1.	श्री सचिन्द्र सिंह पिता- श्री ब्रिज मोहन सिंह प्लॉट नं. 78, संस्कृति विहार, वार्ड नं. 15, नेचर सिटी वार्ड, आसमा सिटी के पास, बिलासपुर (छ.ग.), श्रीमती प्रमिला सिंह पति- श्री सचिन्द्र सिंह, प्लॉट नं. 78, संस्कृति विहार, वार्ड नं. 15, नेचर सिटी वार्ड, आसमा सिटी के पास, बिलासपुर (छ.ग.)	प.ह.नं. 26/45, आर.आई. सर्कल- सकरी, खसरा नं. 317/11, प्लॉट नं. 78 (शीट नं. 56 प्लॉट नं. 1/31), संस्कृति विहार में, आसमा सिटी होम्स, नगर पंचायत- सकरी, वार्ड नं. 15, नेचर सिटी वार्ड, तहसील- तखतपुर, क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) मे स्थित आवासीय परिवर्तित भूमि संपत्ति और अनुमोदित नक्शा। चौहद्दी - उत्तर- प्लॉट नं. 77, दक्षिण- प्लॉट नं. 79, पूर्व- पालीवाल डेवलपर्स की भूमि, पश्चिम- कालोनी रोड। बंधककर्ता का नाम व पता- श्रीमती प्रमिला सिंह पति- श्री सचिन्द्र सिंह, प्लॉट नं. 78, संस्कृति विहार, वार्ड नं. 15, नेचर सिटी वार्ड, आसमा सिटी के पास, बिलासपुर (छ.ग.)	दि. 05.11.2018 / दि. 25.11.2019 / ओरियंटल बैंक ऑफ कामर्स बिलासपुर (छ.ग.)	₹ 20,16,647.95 (रुपये बीस लाख सोलह हजार छः सौ सैतालीस और पंचानवे पैसे मात्र) + 01.11.2018 से ब्याज एवं अन्य खर्च अतिरिक्त
2.	श्री मुकेशराज बघेल पिता- श्री दुर्गाप्रसाद बघेल, ग्राम- धरमपुरा, पोस्ट- धरमपुरा, थाना- जरहागांव, तहसील व जिला- मुंगेली (छ.ग.) 495334 श्री दुर्गाप्रसाद बघेल पिता- श्री टिबलु राम बघेल, ग्राम- धरमपुरा, पोस्ट- धरमपुरा, थाना- जरहागांव, तहसील व जिला- मुंगेली (छ.ग.) 495334	श्री मुकेशराज बघेल के नाम पर ग्राम- मुंगेली, पुराना प.ह.नं. 06, नया प.ह.नं. 29, खसरा नं. 1106/08, प्लॉट नं. 18, क्षेत्रफल 1250 वर्गफुट, आर.आई. सर्कल/ब्लॉक- मुंगेली, दीनदयाल वार्ड नं. 22, दाऊपारा चौराहा, मुंगेली (छ.ग.) में स्थित परिवर्तित आवासीय मकान संपत्ति। चौहद्दी- उत्तर- प्लॉट नं. 17, दक्षिण- प्लॉट नं. 19, पूर्व- 40 फीट प्रस्तावित सड़क, पश्चिम- विक्रेता की भूमि।	दि. 06.08.2019 / दि. 25.11.2019 / ओरियंटल बैंक ऑफ कामर्स मुंगेला (छ.ग.)	₹ 20,86,908.00 (रुपये बीस लाख छियासी हजार नौ सौ आठ मात्र) + 01.08.2019 से ब्याज एवं अन्य खर्च अतिरिक्त
3.	श्री आलोक कुमार बिस्वास (ऋणी) पिता- श्री अश्वनी कुमार बिस्वास प्लॉट नं. जे-189, जनता हाउसिंग बोर्ड, रेसिडेंसियल कालोनी, वार्ड नं. 29, बक्शी कालोनी, राजनांदगांव (छ.ग.) 491441 श्रीमती सपना बिस्वास पति- श्री आलोक कुमार बिस्वास (सह ऋणी) प्लॉट नं. जे-189, जनता हाउसिंग बोर्ड, रेसिडेंसियल कालोनी, वार्ड नं. 29, बक्शी कालोनी, राजनांदगांव (छ.ग.) 491441	श्री आलोक कुमार बिस्वास पिता- श्री अश्वनी कुमार बिस्वास के नाम पर जे-189, जनता हाउसिंग बोर्ड कालोनी, बक्शी नगर, लखोली, राजनांदगांव (छ.ग.) में स्थित भवन व भूमि का ईक्यूएम। चौहद्दी (प्लॉट नं. जे-189) उत्तर- कालोनी साइड रोड, दक्षिण- जे-188 की संपत्ति। पूर्व- कालोनी मुख्य मार्ग, पश्चिम- अन्य की संपत्ति।	दि. 12.09.2019 / दि. 25.11.2019 / ओरियंटल बैंक ऑफ कामर्स राजनांदगांव (छ.ग.)	₹ 2,11,580.00 (रुपये दो लाख ग्यारह हजार पांच सौ अस्सी मात्र) + 01.09.2019 से ब्याज एवं अन्य खर्च अतिरिक्त

दिनांक: 25.11.2019 स्थान- रायपुर प्राधिकृत अधिकारी / ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर

उद्घोषण प्रारूप ख
(नियम दो देखिए)

राप्रक .... /अ/27/19-20
ग्राम तिफरा
बिलासपुर दि 28/11/2019

क्रमांक /क/तह/व-1/ 2019

क्योंकि मौजा तिफरा, तहसील बिलासपुर के सह भू-धारी भूपेन्द्र पाल सिंह वगैरह पिता सुरजीत सिंह भाटिया के निम्न अनुसूचियों में निर्दिष्ट खाते में अपने भाग के बंटवारे के लिए आवेदन किए हैं तथा क्योंकि उक्त खाते का विभाजन किया जाना प्रस्तावित किया गया है और सुनवाई दिनांक 09-12-2019 को 11 बजे तहसील कार्यालय बिलासपुर में नियत किया गया है, उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वयं या किसी अभिवक अथवा प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। उक्त दिनांक तथा स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां प्रस्तुत न कर पाने की दिशा में किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

खाते का विवरण

खसरा क.	रकबा	लगान
22	3.890	

सील
तहसीलदार
बिलासपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता ग्रामवासी ग्राम सक्ती तहसील सक्ती जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण त्रिवेणीबाई पति स्व. हरिचरण व अन्य 3 निवासी ग्राम सक्ती वार्ड नं. 13 तहसील सक्ती जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पेश कर बताया है कि सक्ती स्थित भूमि नजूल शीट नं. 21 बी भूखण्ड का चलता नं. 55 पुराना ख.नं. 434/3 ख क्षेत्रफल 78 वर्गमीटर नजूल रिकार्ड में दर्ज है। आवेदित भूमि को अंतराम के द्वारा अपने पुत्र हरिचरण को पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर प्रदान किया गया है। अंतराम एवं उसका पुत्र हरिचरण की मृत्यु हो गई है। मृतक हरिचरण के विधिक वारिसानों का नाम नजूल रिकार्ड में दर्ज किए जाने हेतु निवेदन किया गया है।

उक्त कार्यवाही के संबंध में जिस किसी व्यक्ति व संस्था को यदि कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति स्वयं अथवा जरिए अधिवक्ता के सुनवाई दिनांक 27.11.2019 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06.11.2019 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्ती

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

क्रमांक/पु.अ./सूरज/निविदा/एम/15/2019 सूरजपुर, दिनांक 23.11.2019

छ.ग. शासन के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से **प्रपत्र ''अ''** में प्रतिशत दर पर छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामी विकास विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा रायपुर द्वारा सामान्य निर्माण कार्य हेतु एसओआर दर अनुसुची दिनांक 01.06.2015 के आधार पर इकाई अंतर्गत थाना चांदनी में बैरक निर्माण मय आंतरिक विद्युतीकरण कार्य के लिए दर्शित तिथि अनुसार अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में पंजीकृत / स्पीड पोस्ट के माध्यम से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :-

:: निविदा आमंत्रण हेतु सूचना ::

निविदा कार्यक्रम :-

(01) निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 07 दिसम्बर 2019 सायंकाल 17.30 बजे तक।
(02) निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अतिम तिथि :- 13 दिसम्बर 2019 दोपहर 15.00 बजे तक
(03) निविदा खुलने की तिथि :- 16 दिसम्बर 2019 प्रातः 11.00 बजे।
(04) प्राक्कलित राशि :- 1950000.00 (राशि शब्दों में - उन्नीस लाख पचास हजार रुपए मात्र)
(05) अमानत राशि :- 14625.00 रुपए

नियम व शर्तें :-

- निविदा से संबंधित आवश्यक नियम व शर्तें तथा अन्य विस्तृत जानकारियां कार्यालयीन अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
- पुलिस अधीक्षक सूरजपुर को अंतिम अधिकार होगा कि वे बिना कारण बताए निविदा निरस्त कर सकते हैं एवं निविदा की तिथि में संशोधन कर सकते हैं या पुनः निविदा आमंत्रित कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक
सूरजपुर

जी-75355/3

ट्रायबल डांस फेस्टिवल से आदिवासियों को अपनी कला-संस्कृति का प्रदर्शन का मिला मौका : मंडावी

■ जिला स्तरीय नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल आयोजित, पांच दलों ने किया प्रदर्शन

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल 2019 के अंतर्गत राजनांदगांव के पद्मश्री गोंविदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय डांस फेस्टिवल का आयोजन किया गया। मोहला-मानपुर के विधायक इन्द्रशाह मंडावी तथा कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर जिला स्तरीय ट्रायबल डांस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जिला स्तरीय डांस फेस्टिवल में आदिवासी मांदरी नृत्य, हरेखा पायली द्वारा मांदरी नृत्य, जय बजरंदल डंडा नृत्य दल मंजियापार द्वारा डंडा नृत्य, जय बूढ़ा देव सांस्कृतिक मंच, आदिवासी नाचा पार्टी खेड़ेगांव द्वारा आदिवासी नृत्य, आदिवासी जय लिंगों नृत्य आंको द्वारा गोंडवाना जागृति नृत्य तथा जय ईशर गौरा नृत्य, मां कर्मा दल सांकरी गातापार द्वारा कर्मा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत में राज्यगीत 'अरपा पैरी के धार' का गायन किया गया।

विधायक इन्द्रशाह मंडावी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्रायबल डांस फेस्टिवल के जरिए आदिवासियों को अपनी कला-संस्कृति का प्रदर्शन करने का मौका दिया है। श्री मंडावी ने कहा कि आदिवासी समाज के सभी लोगों को अपनी कला संस्कृति, खान-पान, रहन-सहन पर गर्व होना चाहिए। इस समाज को अपनी पहचान हमेशा बनाई रखनी चाहिए। श्री मंडावी ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने हम सबके लिए लड़ाई लड़ी है। उन्होंने अपने मजबूत इरादों से संविधान में व्यवस्था करके हमें आगे बढ़ने का अवसर दिया है। श्री मंडावी ने कार्यक्रम में उपस्थित युवा छात्र-छात्राओं से कहा कि आपके परिजन उम्मीदों के साथ पढ़ने-लिखने के लिए भेजे हैं। परिजनों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए लगन और मेहनत से पढ़ाई करें। जीवन में उतार-चढ़ाव तो आते रहते हैं। लेकिन हमें सफलता के लिए लगातार कोशिश करनी चाहिए और कभी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए।

■ न्यूज गैलरी

पूर्व विधायक सिंघानिया आज बिलाईगढ़ में

बिलाईगढ़ । कसडोल विधानसभा के पूर्व विधायक राजकमल सिंघानिया का आज दिनांक 26 नवंबर को एक दिवसीय प्रवास पर बिलाईगढ़ आगमन हो रहा है। प्राप्त समाचार के अनुसार अविभाजित विधानसभा कसडोल के पूर्व विधायक राजकमल सिंघानिया आज मंगलवार दिनांक 26 नवंबर को अपने एक दिवसीय प्रवास पर बिलाईगढ़ नगर पहुंच रहे हैं। श्री सिंघानिया दादी भक्त एवं श्याम भक्त बिलाईगढ़ के तत्वावधान में आयोजित भव्य दादी मंगल पाठ श्याम भजनों उत्सव के आयोजित कार्यक्रम के दादी मंगल पाठ श्याम भजन उत्सव में शामिल होकर पूजा अर्चना के पश्चात आयोजक मंडल एवं उपस्थित जनों से भेंट मुलाकात करेंगे ।

कलेक्टर ने ली सेक्टर अधिकारियों की बैठक

महासमुन्द। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निकाय) श्री सुनील कुमार जैन ने आज यहां जिला पंचायत के सभा कक्ष में नगर पालिका निर्वाचन 2019 के सफल संपादन के संबंध में जिले के सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी अपने-अपने सेक्टर के अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों का तत्काल भ्रमण कर उनकी वस्तु-स्थिति का जायजा ले। मतदान केन्द्रों के भवन की स्थिति, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, छाया की व्यवस्था सहित रैम्प आदि की स्थिति देख ले। कोई भी कमी होने पर इसकी तत्काल सूचना देवें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र शुक्ल विशेष रूप से उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सेनिटेशन पार्क का किया निरीक्षण

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने स्वच्छता अभियान के तहत बजरंगपुर नवागांव वार्ड में सेनिटेशन पार्क का आकस्मिक निरीक्षण किया। सेनिटेशन पार्क में राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र से डोर-टू-डोर कचरा इक्कठा कर रिसाईकलिंग की जाती है। कचरे में से उपयोग लायक सामग्री को अलग कर रिसाईकलिंग की जाती है। शेष कचरे से खाद बनाई जाती है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री मौर्य राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र की साफ-सफाई की व्यवस्था देखने हर सुबह विभिन्न वार्डों में पहुंच रहे हैं।

प्याज की कीमत ने रूलाया, बिगाड़ा बजट

■ गरीबों की रसोई और खाने की थाली से प्याज गायब

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। प्याज के बढ़ते दामों ने एक बार फिर रसोई का जायका बिगाड़ दिया है। प्याज के कीमतों में बेतहासा बढ़ोतरी का आलम यह है कि गरीबों के लिए प्याज के सपने देखना तो दूर मध्यम वर्गीय परिवार के लिए भी इसे खरीदना मुश्किल हो गया है। लवन के साप्ताहिक बाजार में प्याज विक्रेता पप्पु साहू ने बताया कि प्याज का आवक कम होने की वजह से सस्ती प्याज 60 रूपये, अच्छी प्याज 80 रूपये की दर से इन दिनों बिक रही है। जो ग्राहक पहले एक किलो प्याज लेते थे। अब वे ग्राहक आधा किलो ही प्याज लेकर काम चला रहे है। प्याज की कीमत पिछ्ले दो-तीन माह से बढ़ी हुई है। पहले यही प्याज 40 रूपये की दर से मिलता था। अब वही प्याज को ग्राहक 80 रूपये की दर से खरीद रहे है। प्याज की कीमतें आम लोगों के आंसू निकाल रही है। जिस वजह से ग्राहक कम मात्रा में प्याज खरीद रहे है। प्याज विक्रेताओं की माने तो यह वृद्धि अभी जारी रहेगी। कारण उत्पादन कम होने की वजह है। आवक में कमी से कीमतों में उछाल देखने को मिल रहा है।

13 बिजली बिल बकायदारों के विरुद्ध धारा 138 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध

लवन। बलौदाबाजार संभाग के अंतर्गत बकाया राशि वसूली में कार्यवाही करते हुए बलौदा बाजार क्षेत्र के बकायेदारों के कनेक्शन निरंतर काटे जा रहे हैं। विभाग द्वारा वसूली हेतु सख्ती बरतना शुरू कर दिया है इसी कार्रवाई के तारतम्य में बलौदा बाजार ग्रामीण वितरण केंद्र शहर वितरण केंद्र लवन एवं अर्जुनी वितरण केंद्रों के 315 उपभोक्ताओं का 3280095,00 रुपए बकाया का भुगतान नहीं करने के कारण लाइन काटा गया। वही 217 उपभोक्ताओं द्वारा 2413960,00 रुपया का भुगतान किया गया।13 उपभोक्ता ऐसे पाए गए जिनका बकाया राशि होने के कारण लाइन विच्छेद कर दिया गया था। इन उपभोक्ताओं के द्वारा स्वयं हूकिंग कर बिजली चोरी करते पाए गए।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के संबंध में समिति प्रबंधकों एवं ऑपरेटरों का प्रशिक्षण

■ जिले के सभी पंजीकृत किसानों का धान खरीदा जायेगा - कलेक्टर

गरियाबंद। खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के संबंध में आज वन विभाग के ऑक्सन हॉल में समिति प्रबंधकों, कम्प्यूटर ऑपरेटर, खाद्य, सहकारिता, मंडी एवं विपणन विभाग का संयुक्त प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर श्याम धावड़े ने कहा कि जिले के सभी पंजीकृत किसानों का धान समर्थन मूल्य पर खरीदी जायेगी। उन्होंने कहा कि किसान किसी बिचैलियें व व्यापारी के बहकावे में न आये और अपना ऋण पुस्तिका किसी भी व्यापारी और बिचैलियों को न देवें।

कलेक्टर ने कहा कि सीमावर्ती इलाकों में अवैध धान परिवहन और संग्रहण पर सख्ती से रोक लगाई जाए। इस तरह के मामला संज्ञान में आने पर संबंधित तहसीलदार व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को तत्काल जानकारी देंवे। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर मुझे भी अवगत करा सकते हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि संवेदनशील उपार्जन केन्द्रों में अतिरिक्त निगरानी करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 13 चेकपोस्ट के माध्यम से सतत् निगरानी की जा रही है। ऐसे मामलों में अभी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी तथा जरूरत पड़ने पर संलिप्त बिचैलिये व अधिकारी-कर्मचारियों पर एफआईआर भी किया जायेगा। उन्होंने प्रशिक्षण में अधिकारी-कर्मचारियों को कहा कि किसानों को धान बेचने के लिए पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर ही टोकन जारी करें। श्री धावड़े ने इलेक्ट्रॉनिक तौल, बारदाना, चबूतरा, परिसर की साफ-सफाई, कम्प्यूटर, इंटरनेट आदि की पुख्ता इंतजाम कर लेने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने धान खरीदी के संबंध में ग्रामसभा में भी जानकारी देने के निर्देश दिये हैं।

26 को संविधान दिवस मनाया जायेगा

गरियाबंद। भारत सरकार द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जायेगा। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। ज्ञात है कि डॉ. अम्बेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। भारतीय संविधान को 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया था। इस अवसर पर जिले के सभी शैक्षणिक संस्थाओं एवं सभी शासकीय कार्यालयों में भारतीय संविधान के उद्देशिका को पढ़ा जायेगा। इसके अलावा छात्रों में संविधान तथा मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता के लिए निबंध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं व्याख्यान व सेमीनार आयोजित किये जायेंगे।

विशेष ग्रामसभा का आयोजन भी होगा

इसी कड़ी में कलेक्टर श्याम धावड़े ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) और सभी जनपद सीईओ को परिपत्र जारी कर 26 नवम्बर 2019 को संविधान दिवस के दिन ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा का आयोजन करने कहा है। परिपत्र में यह भी कहा गया है कि विशेष ग्रामसभा में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी एवं अन्य महान व्यक्तियों के योगदान को आम जनता के समक्ष बताया जाए। इस विशेष ग्राम सभा में भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण विशेषता मौलिक कर्तव्यों के पालन का शपथ लिया जावे। इसके अतिरिक्त सरकार

आचार संहिता के लगते ही पंचायत कर्मियों ने हटाये बैनर पोस्टर

गंडई पंडरिया। सोमवार को नगरीनिकाय चुनाव की घोषणा और आचार संहिता लागू होने के साथ ही प्रशासन अलर्ट हो गया है। आचार संहिता लागू होते संबन्धित विभाग को क्षेत्र में राजनीतिक दलों के बैनर, पोस्टर, होर्डिंग को हटाने और वाल पेंटिंग को पुतवाने के निर्देश जारी कर दिए हैं क्षेत्रो में होने वाले नागरी निकाय चुनाव के लिए चुनाव आयोग द्वारा निर्वाचन तिथि घोषित करने और आचार संहिता लगते ही सार्वजनिक स्थानों पर लगे राजनीतिक दलों के नेताओं और पार्टी के प्रचार सहित जनता के लिए बनाई गई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने वाले पोस्टर और बैनर को हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी गई।आदर्श आचार संहिता लागू होते ही जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम ने शहर भर में सार्वजनिक स्थानों पर लगे भाजपा और कांग्रेस पार्टी का प्रचार करने वाले पोस्टर और बैनरों को हटाने की कार्यवाही अमल में ला दी है। शहर के बस स्टेंड, गांधी भवन चौराहा, आगरागेट, सावित्री चौराहा, स्टेशन रोड सहित सार्वजनिक स्थानों पर सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी और प्रचार करने के लिए लगाए गए होर्डिंग्स को हटाने की कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है। क्षेत्रों में जाकर अलग-अलग स्थानों से 15 वार्डो के वाल पेंटिंग की पुताई का कार्य कल तक पूरा हो जाएगा।

सतनामी समाज की बैठक में बंजारे बने अध्यक्ष

गरियाबंद। रविवार को ज़िला सतनामी समाज गरियाबंद का बैठक समापन हुआ। जिसमें ज़िला अध्यक्ष सर्वसम्मति से दुजलाल बनजारे को बनाया गया। वही उपाध्यक्ष दीनदयाल टंडन, कोषाध्यक्ष नरेश लहरें, सचिव नामदाश मरकंडे, संरक्षक लक्ष्मीदास सोनवानी, अमित मिरी प्रमुख सलाहकार, अलख कोश्सरे संरक्षक,प्रेम लाल अदिल संरक्षक, तिलकतंडन , महासचिव गौकरन गृतलहरे, इस्वर रातरे सलाहकार, जोहन मरकंडे, देवशिंग रतरे संरक्षक ,उपाध्यक्ष मोहनलाल अदिल, महामंत्री नारायण अदिल , संरक्षक प्रेमलाल अदिल ,आरक्षक कपुरचंद सोनवानी,नेमिचंद बनज़रे सहसचिव , सनत चेलक सहसचिव, मुन्ना कुर्रे संरक्षक,तुलेश्वर गृतलहरे संरक्षक , खेलन कोश्रे मीडिया प्रभारी काशीराम सोनवानी, उक्त बैठक में ग्रामीण शामिल हुए शामिल रहे।

निगरानी दलो की कार्यवाही तेज

महासमुन्द। जिले में धान के अवैध रूप से भण्डारण एवं परिवहन की रोकथाम के लिए कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन के निर्देश पर निगरानी दलों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। निगरानी दलों की कार्यवाही में अब तक कोचिए एवं बिचौलिए के साथ धान के अवैध परिवहन और भण्डारण के 130 प्रकरण दर्ज किए गए है। जिसके अंतर्गत 24 हजार 686 बोरे धान 9851.49 क्विंटल धान जब्त किया गया है। इसके अलावा कुल छह वाहन भी जब्त किए गए है।

कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन धान के अवैध परिवहन एवं भण्डारण रोकने के लिए गठित संयुक्त टीमों को लगातार निगरानी एवं चौकसी बरतने के लिए कहा है, इसके अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों के स्थापित चौकिया भी लगातार कार्य कर रही है और धान के अवैध परिवहन पर रोक लगाने की कार्यवाही की जा रही हैं।

जिला खाद्य अधिकारी श्री अजय यादव ने बताया कि धान के अवैध परिवहन एवं भण्डारण के लिए की गई कार्यवाही में आज पांच प्रकरण दर्ज किए गए वहीं 1388 बोरे धान अर्थात 555.20 क्विंटल धान जब्त किए गए। धान के अवैध भण्डारण एवं परिवहन में लगे लोगों के खिलाफकार्यवाही की गई उनमें कमल विशाल, पिता रामलाल विशाल ग्राम अंकोरी, बसना से 65 कट्ठा (26 क्विं.) धान, खाखाराम साव, पिता चैतराम साव, ग्राम पोटापारा, बसना से 70 कट्ठा (28 क्विं) धान, महेश सिन्हा, ग्राम भिलाईदादर, बागबाहरा से 912 कट्ठा (368.8क्विं) धान , ब्रिजेश चन्द्राकर, ग्राम मोखा, बागबाहरा से 65 कट्ठा (26 क्विं.) धान, श्री दुर्गा राईस मिल जोगनीपाली, सरायपाली - 276 कट्ठा (110.40 क्विं.) धान जब्त किया गया।

धूमधाम से मनाया गया 71वां एनसीसी दिवस

राजनांदगांव। राष्ट्रीय कैडेट कोर ने अपना स्थापना दिवस समारोह स्थानीय स्टेट स्कूल के प्रांगण में मनाया गया। स्थानीय राजनांदगांव की समस्त एनसीसी इकाईयां ने संयुक्त रूप से 71वां एनसीसी दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीएस ध्रुव रहे। वरिष्ठ अतिथि के रूप में 38 छग बटालियन एसीसी राजनांदगांव के कमान अधिकारी कर्नल आरके अग्रवाल थे। कार्यक्रम की शुरूवात एनसीसी ध्वजारोहण से की गई। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। पश्चात परेड कमांडर जूनियर अंडर ऑफिसर कोमलकांत साहू के नेतृत्व में मार्चपास्ट किया गया, जिसमें दिग्विजय महाविद्यालय, कमलादेवी महिला महाविद्यालय, स्टेट हाई स्कूल, म्युनिस्पल स्कूल, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र उच्चतर माध्यमिक शाला के कुल 9 आर्मी पूर्व नेवल प्लाटूंस ने भाग लिया। तत्पश्चात् समीक्षा क्रम में परेड ने जगह ली तथा मुख्य अतिथि द्वारा एनसीसी की शपथ दिलाई गई। साथ ही विशिष्ट अतिथि कर्नल आरके अग्रवाल ने स्थापना दिवस के अवसर पर प्राप्त राष्ट्रपति एवं पूर्व प्रधानमंत्री का संदेश वाचन किया। एनसीसी गतिविधि पर अधारित वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन मेजर किरण दामले द्वारा किया गया, जिसमें गतिविधियां इस वर्ष की राष्ट्रीय केम्प में सम्मिलित कैडेटों का उल्लेख किया गया। कै डेट क्लब द्वारा आयोजित, प्रतियोगिताओं एंव समय-समय पर कैडेटों को दी जाने वाले मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन का उल्लेख किया गया।

चेतावनी | विलंब से पहुंचने वालो का कटेगा वेतन

जिला समन्वयक ने किया औचक निरीक्षण

गरियाबंद। गरियाबंद विकासखण्ड के संकुल आमदी व दर्रीपारा का जिला मिशन समन्वयक श्याम चन्द्राकर द्वारा औचक निरीक्षण किया हैं, अनुपस्थिति शिक्षक का एक दिन वेतन कटौति व विलम्ब से आने वाले शिक्षक को स्पष्टीकरण दिया गया, सन्तोषप्रद न होने पर वेतन कटौति की जाएगी, जोब प्राथमिक, माध्यमिक, हाइस्कूल देवसिंग नेताम, के जी सिन्हा, चम्पा देवदास, जिनेश्वरी घोघरे,लता बेले मोगरे प्राथमिक शाला कोसमी अखिलेश महार माध्यमिक शाला खरता अपने प्रधान पाठक मनोज मेरसा को मोबाईल से अवकाश की जानकारी दिए, प्रशांत डबली शाला में उपस्थित नही होने पर जानकारी मिला मतदाता कार्य हेतु संलग्न हैं, अधिकांश स्कूल के शिक्षक 7:30 बजे के बाद ही शाला में उपस्थित हुए, कुछ स्कूल की बेहतर मैनेजमेंट मिला, प्रभारी प्राचार्य गिरघर ठाकुर, हाईस्कूल रावण डिग्गी ने रंगरोगन, स्कूल की स्वच्छता, सभी कक्षा में अध्यापन की सूचारू व्यवस्था, आमदी संकुल में आयोजित बैठक में सभी शिक्षक को निर्देशित किये, प्राप्त अनुदान की राशि का उपयोग जो गत वर्ष की, रंगरोगन (गुलाबी व नीला) प्लास्टिक पेंट, कक्षा अनुरूप कक्ष की सजावट, टी एल एम का कक्षा में सजावट, डेली डायरी व पाठ्यक्रम का संधारण, हर माह एस एम सी की बेठक, स्मार्ट क्लास बनाना, पाठ्यपुस्तक में क्यु आर कोड का अनिवार्य रूप से उपयोग, समेटिव प्रथम की तैयारी, मध्यान्ह भोजन में मात्रा मेनू के अनुसार हो, प्रतिदिन जांच करके छात्रों को परोसा जाये, बैठक में उपस्थित बी आर सी सी एस के नागे व सी ए सी मोती राम त्रिवेन्द्र ने शिक्षकों को समय पर उपस्थित होने की जानकारी दिए, साथ ही सभी कॉम्पोनेंट को स्कूल स्तर पर लागू करने की निर्देश दिए।

पुरूष नसबंदी पखवाड़ा 4 दिसंबर तक

राजनांदगांव। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग राजनांदगांव द्वारा लैंगिंक समानता को ध्यान में रखते हुए 21 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2019 तक पुरूष नसबंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल कुमरे द्वारा 23 नवम्बर 2019 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से पुरूष नसबंदी प्रचार-प्रसार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रथ के माध्यम पुरूष नसबंदी पखवाड़े के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनसंख्या स्थिरिकरण के संबंध में जन समुदाय को प्रेरित किया जाएगा। प्रचार-प्रसार रथ विभिन्न ग्रामीण अंचलों, मंजरों, टोलों, पारा, मोहल्लों में भ्रमण कर पुरूष नसबंदी के फायदों एवं कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में जन समुदाय बताया जाएगा।

पखवाड़े के अंतर्गत 21 से 27 नवम्बर तक दम्पतियों से संपर्क कर नसबंदी के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। 28 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक पुरूष नसबंदी एवं अस्थायी साधन विभिन्न स्थास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध कराए जाएगें। पखवाड़े के अंतर्गत परिवार नियोजन में पुरूषों की सहभागिता को बढ़ाने के लिए मोर संगवारी, मोर मितान चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

72 किलो गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

■ अवैध गांजे की सूचना मिली तो अलर्ट पुलिस

■ तीन लाख रुपए कीमत आंकी गई

■ स्विफ्ट डिजायर वाहन भी जब्त

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। बीती रात मुखबिर की सूचना के आधार पर छत्तीसगढ़ से सटे राज्य ओडिशा से मध्यप्रदेश के दो युवकों द्वारा गांजे की अवैध तस्करी किए जाने की सूचना मिली ।जिस पर पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौड़ अनुविभागीय पुलिस तस्लीम आरिफ़ के नेतृत्व में थाना कोतवाली के प्रभारी मोरध्वज देशमुख को उक्त गाँजा तस्करों को पकड़ने विशेष टीम गठित कर शहर के चेकपोस्ट पर तैनात किया गया ।जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने आधी रात दो गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफल साबित हुई है।पुलिस ने शहर के चेकपोस्ट पर पॉइंट बनाकर रखा था ।जिसके बाद दुधावा चौक के पास वाहनों की चेकिंग के दौरान कार से 3 लाख 60 हजार रुपये कीमत का जांगा जब्त किया है. सूचना के बाद पुलिस ने 72 किलो गांजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तारदोनों आरोपी ओडिशा के रहने वाले बताये जा रहे हैं. जो गांजा की खेप लेकर मध्यप्र देश जा रहे थे. इसी दौरान कांकेर पुलिस के हाथ लग गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ओडिशा के मलकानगिरी से एक कार क्रमाक 0ष्ठ 30८ 7026 में गांजा लेकर कांकेर के रास्ते मध्य प्रदेश जाने की सूचना मिली थी।जिसके बाद पुलिस ने चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दिया ।इस दौरान उक्त कार क्रमांक 0ष्ठ 30८-7026 की तलाशी पुलिस द्वारा लिया गया ।तलासी के दौरान उक्त वाहन स्विफ्ट डिजायर की डिक्की से 72 किलो गांजा मिला. जिसे जब्त करते हुए पुलिस ने दो युवक एंथोनी और प्रशांत मंडल को गिरफ्तार किया है।आरोपी ने गांजा मध्य प्रदेश की ओर ले जाने की बात बताई है. पुलिस का दावा है कि आरोपी इसके पहले भी कई बार गांजा की तस्करी में शामिल रहा है।

इनका कहना है

प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस की घेराबंदी के चलते उक्त आरोपी दोनों युवकों से पूछताछ जारी है।आरोपियों से गांजा तस्करी के संबंध में और भी अहम सुराग हाथ लगने की आशंका जताई जा रही है।

-कीर्तन राठौर
एडिशनल एसपी

केबीजी का फाईनल एक्जाम सम्पन्न

कांकेर। सरस्वती कला मंच द्वारा आयोजित कौन बनेगा गूगल गर्ल/बॉय का फाईनल टेस्ट आज दोपहर योग विद्या साधन केन्द्र सिविल लाईन कांकेर में सम्पनन हुआ। जूनियर वर्ग में 72 छात्र प्री टेस्ट में चयनित हुए थे जिसमें 70 उपस्थित हुए भानुप्रतापपुर ब्लाक के चिल्हाटी, सेलेगांव, कांकेर ब्लाक के पटौद, पुसवाड़ा, बेवरती, नारा, मुड़पार, बागोडार व शहर के अनेक शासकीय एवं प्राईवेट स्कूल की छात्र/छात्राएं शामिल होकर फाईनल हेतु अपनी दक्षता प्रस्तुत किये है । सीनियर वर्ग में 51 छात्र/छात्राओं का चयन हुआ था जिसमें 45 छात्र उपस्थित थे । जागरूकता तो तब जाहिर हुआ जब गांव के अधिकांश पालक अपने बच्चों को लेकर फाईनल परीक्षा हेतु आये थे । सरस्वती कला मंच के अध्यक्ष मोहन सेनापति ने बताया कि परीक्षा में पारदर्शिता लाने पालकगण को भी परीक्षा हाल में शांति पूर्वक बैठाया गया ।

भाजपा ने की लोकतंत्र की हत्या : पोटाई

नवप्रदेश संवाददाता

■ महाराष्ट्र में चल रही राजनीति को लेकर आदिवासी नेता नितिन का भाजपा पर कटाक्ष

कांकेर। महाराष्ट्र में एक नाटकीय घटनाक्रम में फडनवीस सरकार के गइन के तीव्र आलोचना करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के उपाध्यक्ष एवं वनोपज संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई ने इसे भारतीय लोकतंत्र के लिये दुर्भाग्यजनक बताया है । जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष नितिन पोटाई ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने संविधान की धज्जियां उड़ाकर यह सरकार बनायी है इसलिए राष्ट्रपति को इस मामले में हस्तक्षेप कर संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करनी चाहिए । भाजपा सत्ता पाने के लिए किस हद तक गुजर सकती है यह महाराष्ट्र में देखने को मिला लोकतंत्र की दुहाई देने वाली भाजपा लोकतंत्र की हत्या करने पर उतारू हो गई। श्री पोटाई ने आगे कहा कि महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन लगाया जाता है फिर सुबह-सुबह बिना मंत्री मण्डल के सिफारिश के राष्ट्रपति शासन हटाया जाता है और फिर मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यंत्री पद की शपथ भी ले लेते है और महाराष्ट्र की जनता को इसके बारे में भनक तक नहीं लगती क्या यही लोकतंत्र है ।

महाराष्ट्र के मामले में किसी को बहुमत सिद्ध करने का अवसर नहीं दिया गया और जिनको बुलाया गया रात के अंधेरे में चुपके-चुपके चोरी छुपे मुख्यमंत्री पद की शपथ ले लिये । यह देश के इतिहास में पहला मौका है जब अंधेरी रात में राज्यपाल ने कानून की धज्जियां उड़ाई और अवैध रूप से महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी की सरबार बनाने की प्रक्रिया पूरी की । यह सारा खेल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर राज्यपाल भगत सिंह कोशियारी ने पूरी की है । भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 23 नवम्बर शनिवार का दिन काला दिन के रूप में जाना जायेगा जबकि सत्ता के लिये अंधी भाजपा ने अवसरवादी अजीत पवार को भेज की सलाखों का डर दिखाकर जनादेश के साथ विश्वासघात किया है । श्री पोटाई ने आगे कहा कि पिछले पांच सालों से भाजपा ने राज्यपाल के पद का दुरूपयोग करके उत्तराखण्ड, गोवा, मणीपुर, नागालैण्ड, कनार्टक तथा अन्य राज्यों में इस तरह सरकार काा गठन करके लोकतंत्र को धक्का पहुंचाया है ।

उन्होंने कहा कि जिस चोरी छुपे तरीके से मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजीत पवार ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली उससे सिद्ध हो गया कि भाजपा सत्ता के लिये कुछ भी कर सकती है और किसी हद तक गिर सकती है । गोवा, कनार्टक एवं पूर्वोन्तर राज्यों में किया यह दुर्भाग्यजनक बात है कि राजनीतिक इस्तेमाल के लिये राष्ट्रपति एवं राज्यपाल कार्यालय का दुरूपयोग किया जा रहा है ।

ट्रेकिंग में आए छात्र-छात्राओं को तम्बाकू के रोकथाम की दी गई जानकारी

अम्बिकापुर। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तम्बाकू के दुष्प्रभाव के संबंध में जन-जागरूकता लाने हेतु स्वास्थ्य विभाग अम्बिकापुर द्वारा जिला स्तरीय स्काऊट गाईड हेतु ग्राम मोहनपुर पिलखा पहाड़ में आयोजित ट्रेकिंग में आये हुए शिक्षण संस्थान के छात्रों को तंबाकू से संबंधित उत्पाद की पहचान व सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी दी गई। संबंधित छात्रों को बताया गया कि तम्बाकू खाद्य पदार्थ ना होकर जहरीला पदार्थ है जिसके सेवन से गंभीर बीमारी कैंसर, उच्च रक्त चाप, नपुसंकता व असमय पीड़ादायक मौत भी हो सकती है। 18 साल से कम छात्रों को तंबाकू उत्पाद बेचने या खाने दोनों पर प्रतिबंध है। स्कूल के आस-पास तंबाकू उत्पाद बिकने पर पास के थाने में इसकी सूचना दें जिस पर कोटपा एक्ट 2003 व बच्चों की देखभाल और संरक्षण किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत तंबाकू विक्रेता को 1 लाख का जुर्माना या 7 साल तक की जेल की सजा हो सकती है। कार्यक्रम में सरगुजा के विभिन्न क्षेत्रों से आए कुल 42 शैक्षणिक संस्थान के लगभग 1200 छात्रों को इस बाबत शपथ दिलाई गई कि वे ना तो कभी भी तंबाकू का सेवन करेंगे और ना ही किसी को तंबाकू का सेवन करने देंगे।

जागरूकता रैली का आयोजन

अम्बिकापुर। संविधान दिवस के अवसर पर आज 26 नवम्बर 2019 को प्रातः 10 बजे जागरूकता रैली का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जाएगा। रैली जिला न्यायालय परिसर से गांधी चौक, घड़ी चौक, कलाकेन्द्र होते हुए वापस न्यायालय परिसर में समाप्त होगी। जिला न्यायालय परिसर से प्रातः 10 बजे से शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्रों, न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण द्वारा जागरूकता रैली प्रारंभ किया जाएगा।

लोकवाणी में इस बार 'आदिवासी विकास हमारी आस' विषय पर होगी बात

अम्बिकापुर। आपकी बात-मुख्यमंत्री के साथ क्रम में लोक वाणी के अगली कड़ी का प्रसारण 8 दिसम्बर को प्रातः 10:30 से 10:55 बजे तक छत्तीसगढ़ के आकाशवाणी के सभी केन्द्रों तथा एफएम चैनलों से किया जायेगा। लोक वाणी में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल समाज के हर वर्ग के भावनाओं, सवालों, सुझाओं से अवगत होते हैं तथा लोक इस कार्यक्रम में अपने विचार साझा कर सकते हैं। पांचवे प्रसारण का विषय है आदिवासी विकास हमारी आस।

राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सरगुजा के तीन खिलाड़ियों का चयन

अम्बिकापुर। 65 वीं राष्ट्रीय शालेयक्रीड़ा प्रतियोगिता (संगरूर) पंजाब में 4 से 8 दिसम्बर 2019 तक आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में सरगुजा जिले के तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। कन्या क्रीड़ा परिसर के प्रभारी ने बताया है कि कन्या क्रीड़ा परिसर के कक्षा 7वीं की छात्रा कुमारी संजू, 400 मीटर दौड, कक्षा 9वीं की छात्रा श्री संध्यानंद 80 मीटर बाधा दौड़ तथा कक्षा 10वीं की छात्रा कुमारी संजना, त्रिकुट में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि चयनित तीनों खिलाडियों को कोंचिग कैम्प जगदलपुर में 30 नवम्बर 2019 से सम्मिलित कराने हेतु संस्था की खेल प्रभारी श्रीमती ए.टोप्पो व्यायम शिक्षिका खिलाड़ीयों के साथ जाएगी।

रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर्स का प्रशिक्षण सम्पन्न

महासमुन्द। नगर पालिका निर्वाचन 2019 की प्रक्रियाओं को समुचित ढ़ंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन के उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में आज जिला पंचायत के सभा कक्ष में जिले के समस्त रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर्स का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारीगण इस प्रशिक्षण को गंभीरता से ले और इसके समस्त प्रवधानां को ठीक से समझे। इस दौरान एस.डी.एम. सरायपाली श्री विनय कुमार लंगेह, अपर कलेक्टर श्री शरीफ मोहम्मद खान, श्री आलोक पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित थे।

यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक से मिले-नितिन पोटाई

■ समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। जिले में लगातार हो रहे अपरधों एवं शहर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्थ किये जाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं वनोपज संघ के अध्यक्ष नितिन पोटाई अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ कांकेर जिले के नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक भोजराज पटेल से मिले । श्री पोटाई एवं उनके सार्थियों ने पुलिस अधीक्षक का आत्मीय स्वागत किया । परिचय पश्चात नितिन पोटाई ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि कांकेर जिले के निवासियों को आपसे बहुत आशाएं है और निश्चित तौर पर आपके मार्गदर्शन में पुलिस प्रशासन में कसावट आऐंगी और अपराध कम होंगे । नितिन पोटाई ने पुलिस अधीक्षक का ध्यान आर्किषत करते हुए कहा कि जिले में जुंआ, सट्टा, चोरी, धोखा-घड़ी, छेड़छाड़, बालात्कार जैसी घटनाएं आये दिन देखने सुनने एवं समाचार पत्रों में पढ़ने को मिलता है। कभी-कभी हत्या जैसे गंभीर अपराध भी हो रहे हैं। जिले में पहाड़ी क्षेत्रों में धड़ल्ले से जुआ का व्यवसाय चल रहा है एवं गांव गांव में सट्टे के खाईवाल सक्रिय है जिससे गांव में आमजनों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है जिले के गांव-गांव में अवैध शराब बनाया जा रहा है और शहर में भी अंग्रेजी शराब लाकर अवैध बिक्री की जा रही है जिससे गांव का माहौल दूषित हो रहा है । शराब के कारण आये दिन लड़ाई झगड़ा, मारपीट जैसी घटनाएं घट रही है।

मुरमुन्दा में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

डोंगरगढ़। स्वामी विवेकानंद युवा संगठन राका एवं ग्राम माटेकाटा के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम मुरमुंदा में परीक्षा केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला - पूर्व माध्यमिक शाला - उच्चतर मद्यामिक शाला और संत प्रयाग विद्यालय में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ । इस आयोजन में डोंगरगढ़ तहसील के आसपास के 35 गांव के लगभग 1000 ग्रामीण छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया । आयोजन दो स्तर में विभक्त किया गया था जिसमे प्रथम स्तर कक्षा 6 वी से 8 वी व द्वितीय स्तर कक्षा 9वी से 12 वी रखा गया था ,प्रतियोगिता में दोनों ही वर्गों में पृथक पृथक प्रथम से दसवें स्थान तक विद्यार्थियों को धन राशि - स्मृति चिन्ह और प्रशस्ती पत्र से सम्मानित किया जाएगा तथा सभी प्रतिभागियो को प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया जाएगा । समिति के सदस्यो ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देशय ग्रमीण अंचल की प्रतिभाओं को विकास की मुख्य धारा में जोड़ना - बौद्धिक व सर्वांगीण विकास करना है, शिक्षित ग्रामीण - विकसित भारत के इस सामाजिक विकास कार्यक्रम में कई सामाजिक समितियों का सहयोग मिला जिसमे मुख्य रूप से जसवंत जी एस एकेडमी , लायनेश क्लब डोंगरगढ़ ,फिट सिटी जिम,लक्ष्य क्लासेस, डी जे क्रांति का सहयोग प्रताप हुआ।

फरारी काट रहे लॉज संचालक को पुलिस ने दबोचा

नवप्रदेश संवाददाता

डोंगरगढ़ । नगर के श्याम रिसोर्ट लाज संचालक पुलिस को चकमा देखर फरारी काट रहे मधुसूधन अग्रवाल को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । लाज संचालक मधुसूदन अग्रवाल पर लाज में ही काम करने वाली महिला कर्मचारी ने दुष्कर्म करने का आरोप है । लाज संचालक पुलिस में एफआरआई दर्ज होने की भनक लगते ही फरार हो गया था । एफआरआई दर्ज होने के 5 माह बाद पुलिस मधुसूदन को पुलिस ने राजनांदगांव कोर्ट परिसर में गिरफ्तार किया । लाज संचालक मधुसूदन फरारी काटने के बाद अग्रिम जमानत की अर्जी लेकर कोर्ट पहुँचा था, लेकिन सरेंडर करने के पहले ही पुलिस ने मधुसूदन को धर दबोचा और कोर्ट में पेश किया । गत 5 माह से मामला दर्ज होने बाद पुलिस कई बार उसके घर पर दबिश दी गई, लेकिन फरार आरोपी को पकड़ने में असफल रही । आरोपी लॉज संचालक को पकड़कर पुलिस ने कोर्ट में पेश कर 90 दिनों की न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है । 23 जून को पीड़िता महिला कर्मचारी की रिपोर्ट पर डोंगरगढ़ थाने में एफआरआई दर्ज हुई थी । लेकिन एफआरआई होने के पहले ही आरोपी लॉज संचालक फरार हो गया था । लॉज में काम करने वाली महिला कर्मचारी ने संचालक पर शादीशुदा होने के बाद भी लंबे समय से दबाव बनाकर शारिरिक संबंध बनता रहा, आरोपी पर धारा 376 व एक्ट्रोसिटी मामला दर्ज था ।

कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम का निरीक्षण

कांकेर। कलेक्टर श्री के.एल. चैहान ने आज जिला मुख्यालय कांकेर में निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया तथा अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देष लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दी, साथ ही शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की बाउण्ड्रीवॉल को बारबेट वायर से सुरक्षित करने तथा समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देष दिए। इस अवसर पर आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त विवेक दलेला, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता यू.के मेश्राम, अनुविभागीय अधिकारी विघनेष कुमार एवं सब इंजीनियर उमेष ठाकुर सहित ठेकेदार उपस्थित थे।

तैयारियां नगर से फ्लैक्स, बैनर और पोस्टरों को निकालने का अभियान शुरू

शांतिपुर्ण चुनाव कराना पहली प्राथमिकता : कलेक्टर

■ जिले में आदर्श आचार संहिता लागू

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। सोमवार को नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा होने के साथ ही काँकेर कलेक्टर के एल चौहान ने शाम 4 बजे नगरीय निकाय चुनाव को लेकर पत्रवार्ता आयोजित किया गया था ।जिसमे कलेक्टर ने चुनाव की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है । काँकेर जिले में 1 नगरपालिका और 4 नगर पंचायत में चुनाव सम्पन्न कराया जाएगा । काँकेर नपाप के अलावा अंतागढ़ पंखाजूर चारामा भानुप्रतापपुर में निर्वाचन किया जाना है। कुल मतदाता महिला पुरूष 45530 है ।मतदान केंद्रों की कुल संख्या 83 है। पालिका चुनाव के दौरान सेक्टर अधिकारी की संख्या 17 सेक्टर मजिस्ट्रेट 5 रिटर्निंग ऑफिसर 5 सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी होंगे। इस तरह प्रत्याशी के नामांकन की अंतिम तारीख 6 दिसम्बर और नाम वापसी 9 दिसम्बर निर्वाचन की परिणाम की घोषणा 24 दिसम्बर को किया जाएगा ।सोमवार से आदर्श आचार संहिता लागू कर दिया गया है।अब किसी भी जनप्रतिनिधियों के लिए शासकीय भवनों में प्रवेश प्रतिबधित किया गया है।इसके अलावा आचार संहिता लागू होने के साथ ही राजनीतिक पार्टियों के लगे फ्लैक्स होडिंग को निकालने की प्रक्रिया शुरू किया जा चुका है। राज्य निर्वाचन आयोग के आदेश के बाद तत्काल प्रभाव से आचार संहिता लगने के बाद सोमवार को नगर पालिका की टीम के द्वारा शहर में लगे फ्लैक्स व बैनर पोस्टरों को निकालने का अभियान शुरू कर दिया गया। विदित हो नगर निकाय चुनाव के तिथि की घोषणा होने के बाद आज शाम से ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। 21 दिसम्बर को पहले चरण में मतदान होना है व 24 दिसम्बर को चुनाव परिणाम भी आ जाएंगे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल अपर कलेक्टर सी एल मार्कण्डेय यू एस बन्दे सहित प्रशासनिक अफसर उपस्थित रहे।

जरूरतमंद लोगों को वितरित किया जायेगा कंबल और गर्म कपड़े

■ अघोरेश्वर प्रभु भगवान राम के महानिर्वाण दिवस पर 29 नवंबर को अघोर पीठ जनसेवा अभेद आश्रम पोड़ी दलहा में कई आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर। अघोरेश्वर प्रभु भगवान राम के महानिर्वाण दिवस 29 नवंबर को अघोर पीठ जनसेवा अभेद आश्रम पोड़ी दलहा में अखंड संकीर्तन, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य परीक्षण तथा भंडारा का आयोजन रखा गया है। इसके अलावा आश्रम ट्रस्ट की ओर से गरीब व जरूरतमंद सैकड़ों लोगों को कंबल का वितरण आश्रम के संस्थापक पूज्य कपालिक धर्मरक्षित राम के हाथों से किया जावेगा।

भगवान राम के महानिर्वाण को लेकर आश्रम परिवार तैयारियों में जुटा हुआ है, जिसके लिए आसपास के गांवों में मुनादी कराकर आश्रम पहुंचने की अपील पोस्टर बांटकर किया जा रहा है। विदित हो कि अघोर पीठ जनसेवा आश्रम आश्रम अपने स्थापना से ही क्षेत्र में अनेक समाजसेवी कार्यों में जुड़ा हुआ है, जिसमें स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, नशा उन्मूलन प्रमुख रूप से शामिल है, इसी के तहत आश्रम में समय-समय पर जरूरतमंदों की सेवा के लिए आयोजन किया जाता है । 29 नवंबर को भी अघोर पीठ आश्रम में सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया जाएगा। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा, बलौदा एवं जिला चिकित्सालय जांजगीर में भर्ती मरीजों को कंबल, दूध, फल, ब्रेड आदि का वितरण आश्रम परिवार के द्वारा किया जावेगा।

शराब खोरी के साथ नशीली दवाओं ने भी पैर पसारा

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। नगर में अवैध रूप से नशीली दवाओं सहित शराब खोरी के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। पुलिस पेट्रोलिंग के माध्यम से अपराधो पर अंकुश लगा पाने में असफल नजर आ रहा है। किंतु खेल मैदान सार्वजनिक जगहो पर नदी किनारे मंदिर जैसी जगहो पर अवैध शराब खोरी करते लोगो को आसानी से देखा जा सकता है।

नगरो में अवैध शराब खोरी के साथ नशिली दवाईयों का सेवन जुआ सट्टा आम बात हो गई है। छोटे छोटे बच्चे भी अब इसकी गिरफ्त में आने लगे है। जिसके चलते ये किसी भी आपराधिक धटनाओं को अंजाम देने से बाज नहीं आते, नदि किनारे एवं गिलियों में इनको आसानी से झुण्ड बना कर बैठे देखा जा सकता है। शाम ढलते ही ये सक्रिय हो जाते है। गलियों एवं सकडों में खुलेआम जाम छलकाते है जिससे मुहल्ले वासी परेशान नजर आ रहे है , पुलिस द्वारा मुख्यमार्गो पर ही पेट्रोलिग कर अपनी औपचारिक्ता पुरी कर लेती है। किसी भी घर के सामने इन असमाजिक तत्वों को जाम छलकाने से मना करने पर ये लोगो की जानलेवा हमला करने के सभी बाज नही आते जिसका उदाहरण विगत कुछ महिनों पहले कुछ नाबालिगो द्वारा एक 70 वर्षिय बुजुर्ग की हत्या कर दी थी, जिसका खुलासा पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए महज कुछ ही घंटो में कर दिया था । इसी तरह की परिस्थियां कई जगहो पर निर्मित हो रही है। जिसके चलते ऐसे असमाजिक तत्व कभी भी कोई बडी घटना को अंजाम दे सकते है। जिस कदर जिले के आपराधिक मामलो में लगतार बढोत्तरी होते जा रही है। उसको देखते हुए पुलिस के आलाधिकारियों के निर्देश पर पेट्रोलिंग तेज कर दी गई है जिसके चलते कुछ हत तक अपराधियों में भय व्याप्त होने लगे है। परंतु अभी भी अपराधिक गतिविधियों में कमी नजर नही आ रही है,नगर के चैक चैराहो और मंदिर परिसरों में असमाजिक तत्वों के जमवाडों के चलते महिलाओं और बच्चियों को आने जाने में परेशानियां महसूस होती है, आये दिन असमाजिक मजनूंओं द्वारा उनपर फब्तिया कसी जाती है। नगर के आस पास के इलाको में आपराधिक घटनाओं में तेजी से इजाफा हुआ है, नगर में और नगर के आस पास के सुनसान इलाको में जुआ सट्टा, ताश, शराब खोरी जोरो से चल रही है, ऐसे लोग मंडियों, कालोनाइजरों द्वारा काटे गये खाली प्लाटों को , खेल मैदानो, पुल के आस पास खर्राघाट का सुनसान जगहो को चुनते है। जहा ये लोग आसनी से शराब खोरी या अन्य नशिली वस्तुओं का आसानी से इस्तेमाल कर सके ।

पुलिस भी होने लगी सक्रिय

पुलिस के आलाधिकारियों के निर्देश पर अब जगह जगह पेट्रोलिंग हो रही है। आने वाले चुनावों को देखते हुए पुलिस द्वारा चाक चैबंध व्यवस्था किया जा रहा है। लोगो की शिकायत तुरंत दर्ज कर उसको तुरंत निराकरण के निर्देश दिये गये है जिसके चलते आपराधिक मामलों में नियंत्रण पाया जा सके । कल हुए मर्डर के खुलासे के कुछ समय बाद ही पुलिस डी एस पी मोनीका परिहार ने तत्परता दिखाते हुए एक और बडी कामयाबी हासिल की, जिसमे लगभग 5 माह पुर्व नाबालिक दैहिक शोषण के मामले में पास्को एक्ट के फरार आरोपियों में से 1 अपराधी सूर्या उर्फराकेश को बिलासपुर के तोरवा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, ज्ञात हो उक्त मामले में नाम आने से 1 ने आत्महत्या कर ली थी, और बाकी आरोपी फरार हो गये थे जो अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

न्यूज गैलरी

नेशनल ट्राइबल डांस फेस्टिवल 30 को

मुंगेली। जिले के युवाओं को विशेष अवसर एवं मंच प्रदान करने, सांस्कृतिक गतिविधियों से युवाओं को जोड़ने एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 29 नवम्बर को और एवं आदिम जनजाति की सांस्कृतिक परम्परा, लोकशैलियों, कलात्मक अभिव्यक्तियों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दृष्टिकोण से 30 नवम्बर को जिला स्तरीय नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल का आयोजन किया जायेगा।

स्पोर्ट्स इवेंट 3 दिसम्बर को

मुंगेली। राजीव गांधी शिक्षा मिशन के जिला मिशन समन्वयक ने आज यहां बताया कि समग्र शिक्षा के समावेशी शिक्षा अंतर्गत वार्षिक कार्य योजना एवं बजट में स्वीकृत स्पोर्ट्स इवेन्ट गतिविधि अंतर्गत प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षा पहलीं से बारहवीं तक के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने हेतु 3 दिसम्बर को विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर स्पोर्ट्स इवेन्ट का आयोजन किया जायेगा।

संविधान दिवस आज

दंतेवाड़ा। जिले में आगामी 26 नवंबर को सभी स्कूल कॉलेजों और शासकीय कार्यालयों में संविधान दिवस मनाया जाएगा। यह दिन भारत रत्न डॉक्टर बी आर अंबेडकर की 125 वीं जयंती के अवसर पर मनाया जाएगा। डॉक्टर अंबेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप निर्माण समिति के अध्यक्ष थे भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया गया था। इस दिन जिले के सभी शैक्षणिक संस्थाओं एवं सभी शासकीय कार्यालयों में भारतीय संविधान के प्रस्तावना उद्देशिका का वाचन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्री टोपेश्वर वर्मा ने शैक्षणिक संस्थाओं के सभी प्राचार्य और जिला प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

नगरीय निकाय निर्वाचन अफसर नियुक्त

दंतेवाड़ा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी टोपेश्वर वर्मा ने नगरपालिका निर्वाचन नियम 1994 के तहत नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2019 के संचालन हेतु रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर्स नियुक्त किया है।

वास्तविक रकबे से अधिक धान खरीदी पर होगी कार्रवाई: कलेक्टर

- **एक दिसंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की तैयारी की समीक्षा बैठक**

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर ने कहा कि एक दिसबंर से प्रारंभ हो रहे सर्मथन मूल्य पर प्रत्येक किसान के वास्तविक रकबे के आधार पर ही धान की खरीदी की जाए, धान खरीदी हेतु किसानों के पंजीयन में दर्ज रकबे और भुईयां में दर्ज रकबे का मिलान कर खरीदी सूची में वास्तविक रकबा दर्ज करने की शीघ्र कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि किसी भी किसान से उनके रकबे से अधिक धान की खरीदी पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरूद्ध पुलिस कार्यवाही होगी।

वे आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जांजगीर, चांपा और पामगढ़ के एस.डी.एम. तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, कम्प्यूटर आपरेटर, धान खरीदी प्रभारियों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमती पारूल माथुर, जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री तीर्थराज अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्रीमती लीना कोसम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह एवं खाद्य अधिकारी भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि जिले में गत वर्ष और इस वर्ष नए पंजीयन सहित कुल 2.23 लाख किसान है। उन्होंने किसान पंजीयन सूची में दर्ज प्रत्येक किसान की भूमि के रकबे से राजस्व रिकार्ड ''भुईयां'' में दर्ज रकबे से मिलान कर किसान पंजीयन सूची में सुधार कर वास्तविक रकबा दर्ज करने कार्यवाही 2-3 दिन में सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने तहसीलदार राजस्व निरीक्षकों से यह कार्य युद्धस्तर पर करने और एस.डी.एम. को इस कार्य की मानिटरिंग करने के निर्देश दिये।

तीन छात्रों का राष्ट्रीय खेल हेतु हुआ चयन

नारायणपुर। जिला मुख्यालय नारायणपुर के समीप गरांजी में संचालित शासकीय बालक बुनियादी आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 3 छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर के खेलों में होने पर जिला कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा ने शुभकामनाएं देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। बता दें कि छात्र लेखूराम का का चयन अंडर 19 व्हालीबॉल के लिए हुआ है। वहीं राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में छात्र राजेन्द्र गोटा कक्षा 11वीं का अंडर 17 में टेनिस बॉल क्रिकेट तथा रैयसिंह का अंडर 14 रग्बी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है।

ग्राम पंचायतों में सभा का आयोजन आज

नारायणपुर। जिले के दोनों विकासखंडों ओरछा और नारायणपुर की सभी ग्राम पंचायतों में कल 26 तारीख को ग्रामसभा का आयोजन किया जायेगा। ग्रामसभा की बैठक हेतु कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा ने नोडल अधिकारी, दल प्रभारी एवं सदस्य की ड्यूटी लगाकर जिम्मेदारी सौंपी है।

सर्दी बढ़ते ही गर्म कपड़ों का नगर में सजा बाजार

- **स्टायलिश और गरम कपड़ों की विभिन्न रेंज आ रही लोगों को पसंद**

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। सर्दी यानी रंग-बिरंगे कपड़े पहनने का मौसम। ठंड का पारा बढ़ते ही युवाओं ने अपने पहनावें में बदलाव कर दिया है। कड़कड़ाती ठंड से बचने के साथ स्टाइलिश कपड़ों का फैशन जोरों पर है। जिसके साथ लांग कोट या लेदर जैकेट युवाओं की पहली पसंद बनी हुई है, तो सतरंगी कार्डिगन युवतियों को लुभा रही है। कूल सीजन के कूल फैशन को भांपते हुए बाजार भी नई वैरायटियों के गर्म कपड़ों से सज गए है। मौसम के साथ-साथ फैशन भी बदल गया है। ऊनी गर्म कपड़े अब पुराने दौर की बात हो गई है। आज कल बाजार लेदर जैकेट और फेब्रिक के गर्म कपड़ों से पटा हुआ है। बड़े शहरों के तर्ज पर छोटे शहर के युवा भी नई फैशन को अपना रहे है। इसे देख यहां के गारमेंट शोरूम नई वैरायटियां लेकर आए है। इसमें जिंस के साथ लांग कोट तो अलग-अलग रंगों में लेदर जैकेट है। वहीं महिलाओं के लिए भी गर्म कपड़ों में अच्छी रेंज बनी हुई है।

लांग बूट बना रहे स्टाइलिस : सर्दी के मौसम में गर्म कपड़ों के साथ फैशनेबल जूते भी बाजार में आए है। लांग बूट हमेशा की तरह पहली पसंद बने हुए है। वहीं टी-कट बूट और स्पोर्ट शू की आकर्षक डिजाइन युवाओं को भा रही है।

साफ्ट टॉय मटेरियल और लेदर जैकेट बनी पसंद: स्टाइलिश लुक के लिए युवतियां साफ्ट टॉय मटेरियल से बने कार्डिगन और लेदर जैकेट को अहमियत दे रहे है। साफ्ट टॉय मटेरियल के गर्म कपड़े बजट में होने के साथ आकर्षक भी दिखते है। मुरलीवाला केराजेश भोजवानी ने बताया 300 से 600 की रेंज में अच्छे कार्डिगन आए है।

बिलासपुर विश्वविद्यालय की बालिका हॉकी टीम में जांजगीर के 9 खिलाड़ियों का चयन

जांजगीर-चांपा। विगत दिनों बिलासपुर में अन्तर महाविद्यालयीन बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में ठाकुर छेदीलाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जांजगीर व जाज्वल्यदेव कन्या महाविद्यालय जांजगीर की टीम ने भाग लेकर उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। शानदार खेल प्रदर्शन के कारण 9 खिलाड़ियों का चयन जौनपुर उत्तर प्रदेश में आयोजित अंतर विश्वविद्यालयीन हॉकी प्रतियोगिता के लिए किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में शासकीय ठा. छेदीलाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय जांजगीर से कु. श्यामता सिंह, शशि चौरसिया, सुमन साहू, पुष्पलता और राजकुमारी खुंटे, जाज्वल्यदेव शासकीय कन्या महाविद्यालय जांजगीर से ममता बघेल, सम्पत्ति कुमारी, नीरा भैना, नंदिनी कुर्रे के नाम शामिल है। शशि, श्यामता व सुमन राष्ट्रीय खिलाड़ी है। सभी खिलाड़ी जौनपुर में हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हो गये है।

ईश्वर की प्राप्ति के लिए विश्वास, विवेक और विचार आवश्यक है: रामकृष्णाचार्य

जांजगीर-चांपा। हमारी बुद्धि की सीमा से ईश्वर हट नहीं सकता कारण कि हमारी बुद्धि ससीम और ईश्वर असीम है पहले ईश्वर का श्रवण करें, फिर दर्शन करें, बिना सुने दर्शन करना चाहें तो हम उसे देख नहीं पाएंगे, भगवान किसी रूप में आपके सामने साक्षात आ भी जाएं तो उन्हें आप पहचान नहीं पाएंगे - यह बातें निकुंज आश्रम श्री धाम अयोध्या से पधारे हुए जगतगुरु श्री रामानुजाचार्य श्री स्वामी रामकृष्णाचार्य जी महाराज ने शिवरीनारायण मठ महोत्सव के द्वितीय दिवस व्यासपीठ की आसंदी से अभिव्यक्त की उन्होंने कहा कि शिव जी ने राम जी को देखा और सती ने भी लेकिन एक के हृदय में हर्ष और दूसरे के हृदय में संदेह उत्पन्न हुआ इसीलिए यदि कथा सुनकर के ईश्वर को देखोगे तो हर्ष उत्पन्न होगा और बिना सुने दर्शन हो भी जाए तो संदेह उत्पन्न हो जाएगा। जगत पर आप संशय कर सकते हैं लेकिन जगदीश पर किया गया संशय आपके जीवन के लिए विनाशकारी होगा।

खुर्द में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

नवप्रदेश संवाददाता

सक्ती। ग्राम पंचायत पतरापाली खुर्द में 25 नवंबर को निशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता एवं आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन आयुर्वेद ग्राम अमलडीहा के द्वारा किया गया जिसमें वात रोग, उदर रोग, चर्म रोग बवासीर ,श्वास ,कास दुर्बलता, स्त्री रोग, उच्च रक्तचाप आदि रोगों का मरीजों का उपचार किया गया । शिविर में 93 मरीजों को निशुल्क आयुर्वेदिक औषधियां प्रदान की गई। शिविर में ग्राम के सरपंच श्रीमती रत्ना देवी साहू और पंचों का विशेष योगदान रहा शिविर में शासकीय आयुर्वेद औषधालय अमलडीहा के स्टाफ श्रीमती शशि कला चंद्रा, मनोहर लाल राज का विशेष योगदान रहा। शिविर प्रभारी डॉ उत्तम कुमार गबेल के द्वारा शीत ऋतु में बीमारियों से बचाव और रोकथाम के उपाय बताए गए ठंड से बचने के उपाय ठंड में स्वस्थ रहने का आहार विहार आदि के बारे में जानकारी दी गई शिविर में अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

30 नवम्बर नामांकन....

इसके बाद पंचायत चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने आज सोमवार को कार्यालय सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस में निकाय चुनाव की तारीखें मुकर्रर करते हुए कहा है कि 30 नवंबर से चुनाव लड़ने के इच्छुक नामांकन फार्म भर सकते हैं। पार्षद प्रत्याशियों के लिए पहली बार नामांकन ऑनलाइन भरने की व्यवस्था की गई है। इसी तरह प्रदेश में पहली बार ही राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि पहली बार ही ऑनलाइन वोटर लिस्ट तैयार की गई है। चुनाव आयोग की टीम ने वेबसाइट बनाई है। उन्हों ने कहा कि निकाय चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 30 नवंबर से शुरु होकर अंतिम तारीख 6 दिसंबर तक होगी। नामांकन पत्रों की छंटनी का कार्य 7 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। फिर 9 दिसंबह तक उम्मीदवार अपना नाम वापिस ले सकते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि उसी दिन कंडीडेट की सूची का प्रकाशन कर दिया जायेगा। मतदान एक ही चरण में 21 दिसंबर को पूरे प्रदेश में होगा, वहीं 24 दिसंबर को मतगणना होगी। उसी दिन शाम में विजयी प्रत्याशी के नाम का ऐलान हो जायेगा। ठाकुर राम सिंह ने कहा है कि इस बार आयोग ने कई नये प्रयोग किये हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार राज्य में नगरीय निकाय चुनाव में प्रत्याशी आनलाइन नामांकन फार्म भर सकेंगे। आयुक्त ने कहा है कि चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गयी है।

वोटिंग के राज्य में दो अलग समय

0 नक्सल प्रभावित जिले दंतेवाड़ा, कोंडागांव, कांकेर, नारायणपुर, बीजापुर और सुकमा में मतदान सुबह 7 से 3 बजे तक होगा।

0 मैदानी इलाके में चुनाव सुबह 8 से 5 बजे तक निकाय चुनावों में मतदान का समय तय करते हुए इलाकों को चिन्हांकित किया।

2500 में नहीं 1850 में...

उप समिति बनायी है। उनमें मंत्री मोहम्मद अकबर, उमेश पटेल, रविंद्र चौबे, अमरजीत भगत और प्रेमसाय सिंह शामिल हैं।

आपको बता दें कि कांग्रेस ने चुनाव के वक्त 2500 रुपये प्रति क्विंटल पर धान खरीदी का वादा किया था, लगातार राज्य सरकार केंद्र सरकार से सेंट्रल पूल में इसे लेकर चावल खरीदने का अनुरोध भी कर रही थी, लेकिन केंद्र से सकारात्मक जवाब नहीं मिलने की वजह से अब राज्य सराकर ने केंद्र के द्व्हाश्च पर ही धान खरीदी का फैसला लिया है। मतलब 1850 रुपये प्रति क्विंटल में अभी धान की खरीदी होगी, जबकि 2500 रुपये प्रति क्विंटल पर खरीदी के लिए एक मंत्रीमंडलीय कमेटी बनायी गयी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मंत्रीमंडलीय कमेटी अध्ययन कर इसकी रिपोर्ट देगी और उसके बाद फैसला लिया जायेगा।

आपकी कविता मेरे लिए...

कौशिक ने एक कविता पढ़ी। उन्हों ने कविता सीएम भूपेश बघेल की ओर देखते हुए पढ़ी, बोले..अहंकार ना करना जिंदगी में...तकदीर बदलती रहती है, शीशा वही रहता है, तस्वीर बदलती रहती है। उनकी इस कविता पाठ का अंदाज देख सीएम भूपेश बघेल भी मुस्कुराते हुए उठे और बोले सुनिए नेता जी, मुझे कोई अहंकार नहीं, यह पंक्तियां तो दरअसल आपके उस पड़ोसी के लिए हैं जो अभी आपके बगल में नहीं है। सीएम का ईशारा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह की ओर था, क्योंकि सीएलपी कौशिक के बगल में वही बैठते हैं। जवाब देने के बाद सीएम अपने अंदाज में नेताप्रतिपक्ष से यह भी बोले कि आपके बगल में वे नहीं हैं शायद इसलिए ही आप बोल पा रहे हैं...मैं आपको प्रणाम करता हूं। यह कहते हुए जब सीएम श्री बघेल बैठ गए तो तो धरमलाल कौशिक भी मुस्कुराते हुए सीएम को हाथ जोड़कर प्रणाम करने वाली मुद्रा में प्रणाम करते दिखे।

धान पर सदन में...

एवं अन्य के रहते जवाब देने सहकारिता मंत्री प्रेमसाय सिंह खड़े हुए। धान पर स्थगन प्रस्ताव के लिए तत्काल चर्चा करवाने में आमादा विपक्ष जब सत्तापक्ष को घेरता नजर आया तब दिलचस्प यह रहा कि सत्तापक्ष स्वंय स्थगन को ग्राह्य करने का आग्रह करने लगा। स्थगन प्रस्ताव में विपक्षी धान के मसले पर सरकार को निशाने पर लिया है। विपक्ष ने आरोप लगाया कि अन्नदाता सरकार की नीतियों से परेशान है, किसानों के साथ बर्बरतापूर्ण व्यवहार सरकार कर रही है। छजकां ने कहा धान ख़रीदी को लेकर सरकार ने कोई स्पष्ट आदेश व नीति जारी नही किया है। इस मसले पर सहकारिता मंत्री प्रेमसाय सिंह ने जवाब देना शुरु किया तो विपक्ष ने आपत्ति की और इस पर व्यवस्था का प्रश्न उठाया। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा हमने स्थगन में जो विषय उठाया है उसमें छ विभाग शामिल हैं। सहकारिता मंत्री कैसे जवाब दे रहे हैं। इस पर हंगामा बरपा हो गया और पक्ष-विपक्ष के बीच जमकर तकरार हुई। काफी हंगामे के बाद संसदीय कार्यमंत्री रविंद्र चौबे ने आसंदी से आग्रह किया और बोले हम इस मसले पर मुकम्मल जवाब रखते हैं, आपसे आग्रह है कि स्थगन को स्वीकार करें। तब तत्काल ही अध्यक्ष चरणदास मंहत ने स्थगन पर चर्चा शुरु करवाई। भाजपा विधायकों ने आसंदी से पॉइंट ऑफ आर्डर का मुद्दा उठाते हुए अपनी बातों को रखा।

महाड्रामा पर सुप्रीम फैसला...

के हर पहलू पर विचार करना होगा, मंगलवार सुबह 10:30 बजे फैसला सुनाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह राज्यपाल के अधिकारों में हस्तक्षेप नहीं कर सकता। यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में 24 से 48 घंटे से ज्यादा का वक्त नहीं मिलता। इसी बीच भाजपा सरकार को 170 विधायकों के समर्थन वाला पत्र भी कोर्ट को सौंपा गया। इसमें भाजपा के 105, एनसीपी के 54 व 11 अन्य निर्दलीय है। रविवार को हुई सुनवाई में कोर्ट ने केंद्र सरकार की ओर से पेश सालीसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा था कि वे राज्यपाल द्वारा भाजपा को सरकार गठन के लिए आमंत्रित करने संबंधी दस्तावेज व मुख्यमंत्री फडणवीस के पास मौजूद विधायकों के समर्थन वाला पत्र उपलब्ध कराएं।

फडणवीस ने कार्यभार संभाला

महाराष्ट्र में जारी अस्थिरता के बीच राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने सोमवार को दफ्तर पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया। फडणवीस ने अपने दूसरे कार्यकाल में मंत्रालय पहुंचते ही मुख्यमंत्री राहत कोष का चेक कुसुम वेंगुरलेकर को सौंप दिया। दादर निवासी वेंगुरलेकर ने मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत वित्तीय सहायता के लिए आवेदन किया था।

अजित पर 'जीत' के एनसीपी के प्रयास जारी :

महाराष्ट्र में जारी राजनीतिक उठापटक के बीच एनसीपी के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल, दिलीप वल्से पाटील और सुनील तटकरे ने सोमवार को राज्य के उप मुख्यमंत्री और पार्टी के बागी नेता अजित पवार से यहां विधान भवन में मुलाकात की। इन नेताओं की पवार के साथ मुलाकात चार घंटे तक चली लेकिन बैठक के बाद किसी ने भी पत्रकारों को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी। राकांपा हालांकि यह कह रही है कि अजित को पार्टी में वापस लाने के प्रयास जारी हैं। एनसीपी का दावा है कि उसके 54 में से 53 विधायक विधायक पार्टी अध्यक्ष शरद पवार के साथ हैं।

गठबंधन के तीनों दलों को...

एनसीपीः सिंघवी ने कहा कि आज ही फ्लोर टेस्ट करावाइए हम अपनी याचिका वापस लेते हैं। उन्होंने कहा कि सदन के वरिष्ठ सदस्य को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त कीजिए और फ्लोर टेस्ट कराइए। सिंघवी यही मांग करते रहे।

कोर्टः (फटकारते हुए) हमें मत बताइए क्या आदेश देना है। यदि आप तीनों दल एक साथ हैं और गठबंधन में हैं तो आपने तीन-तीन वकील क्यों खड़े किए। आप वकीलों पर भी एकमत नहीं है। सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता ने वकीलों को लेकर चुटीला सवाल किया था।

दम घोटने से अच्छा...

21 शहरों के पानी के नमूने जांचने के बाद दिल्ली को फिसड्डी घोषित किया था। इस रिपोर्ट के बाद केंद्र और राज्य सरकार में ठन गई थी।

'दिल्ली की हालत नरक से भी खराब'

जस्टिस अरुण मिश्रा ने कहा, 'दिल्ली की हालत नरक से भी खराब है। आपकी नजर में किसी की जान की क्या कीमत है? आप लोगों से कितनी कीमत लेना चाहते हैं? आपको दिल्ली की कुर्सी पर रहने का अधिकार नहीं है। भारत में लोगों को जीवन इतना सस्ता नहीं है। इसकी कीमत आपको चुकानी पड़ेगी।

पंजाब और हरियाणा...

पूछा कि पराली जलाने की घटनाएं बढ़ी हैं, क्यों आपको और आपकी मशीनरी को दंडित किया जाए? हम आपको छोड़ने वाले नहीं हैं। सबको यह जान लेना चाहिए कि हम किसी को छोड़ने वाले नहीं है। इसपर यूपी के चीफसेक्रटरी ने कहा कि पराली जलाने वाले के खिलाफ करीब 1000 एफआईआर दर्ज की गई है और करीब एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के चीफसेक्रटरी से सकारात्मक कार्रवाई करने को कहा।

मतदाता सूची प्रकाशित

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं के आम निर्वाचन 2019-20 हेतु मतदाता सूची का प्रकाशन 23 नवम्बर को सभी ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों, तहसील कार्यालयों तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालयों में किया गया है।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं GOPAL PRASAD S/O GANESH PRASAD AGRAWAL निवासी 29/01, KERA ROAD, SHIVRI-NARAYAN, JANJGIR CHAMPA (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम GOPAL PRASAD MUKIM S/O GANESH PRASAD MUKIM रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम GOPAL PRASAD MUKIM S/O GANESH PRASAD MUKIM से ही जाना पहचाना जावे।

GOPAL PRASAD MUKIM
29/01, KERA ROAD, SHIVRINARAYAN, JANJGIR CHAMPA (C.G.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2017-2019, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

दोस्ताना 2 का हिस्सा नहीं बनने पर बुरा नहीं लगा: जॉन अब्राहम

मुंबई(वार्ता)। बॉलीवुड के माचो मैन जॉन अब्राहम का कहना है कि उन्हें दोस्ताना के सीक्वल दोस्ताना 2 में काम नहीं करने का बुरा नही लग रहा है।

बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर अपनी सुपरहिट फिल्म दोस्ताना का सीक्वल दोस्ताना 2 बना रहे हैं। खास बात यह है कि सीक्वल में पहली फिल्म का एक भी ऐक्टर नहीं है। इसमें न तो जॉन अब्राहम दिखेंगे और न ही बॉबी देओल, न तो अभिषेक बच्चन और ना हीं प्रियंका चोपड़ा दिखेंगी।

जॉन अब्राहम से पूछा गया कि उन्हें दोस्ताना 2 का हिस्सा न बन पाने पर कैसा लग रहा है, तो उन्होंने कहा कि उन्हें बिल्कुल भी बुरा नहीं लग रहा है। उन्होंने कहा कि दोस्ताना 2 में भी प्रीक्वल जैसा ग्लैमर और एंटरटेनमेंट होगा। करण के दिमाग में सीक्वल को लेकर जरूर ही कुछ दिलचस्प होगा। जॉन ने कहा कि फिल्म के रिलीज हो जाने के बाद वह खुद को कैरेक्टर से बाहर निकालने में विश्वास करते हैं।

करीना संग काम करना वाइल्ड पिकनिक सा अनुभव: अक्षय

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार का कहना है करीना कपूर के साथ काम करना वाइल्ड पिकनिक जैसा एक्सपीरियंस होता है। अक्षय और करीना एक बार फिर फिल्म गुड न्यूज से पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। अक्षय ने बताया कि करीना के साथ काम करना उन्हें हमेशा से काफी पसंद है। अक्षय ने बताया कि करीना के साथ शूटिंग करना पिकनिक मनाने जैसा होता है। अक्षय ने कहा, बेबो के साथ फिल्म करना एक वाइल्ड पिकनिक पर जाने जैसा है। वह

अपने हर काम को शानदार तरीके से करती हैं। यदि कभी उनसे कोई गलती भी हो जाती है तो वो किसी को इस बात का पता नहीं लगने देती हैं। सिर्फ क्लैप के एक साउंड पर ही वो मम्मी और दोस्त से सिनेमा की एक प्रोफेशनल क्वीन में बदल जाती हैं। मुझे पता है हमें साथ में देखने के लिए फैन्स काफी इंतजार कर रहे हैं। गौरतलब है कि गुड न्यूज में अक्षय और करीना के अलावा दिलजीत दोसांझ और कियारा आडवाणी की भी अहम भूमिकायें हैं।

सलमान खान की फिल्मों के बारे में बोले रणदीप हुड्डा

रणदीप हुड्डा ने बताया कि फिल्म 'किक' में मैंने सलमान खान को बदला। फिल्म 'सुल्तान' में मैंने सलमान खान को प्रशिक्षण दिया। अब फिल्म 'राधे' में हम एक-दूसरे का आमना-सामना करते नजर आएंगे। ऐक्टर रणदीप हुड्डा सलमान खान के साथ बड़े पर्दे पर एक बार फिर से वापसी कर रहे हैं। ऐसे में रणदीप हुड्डा का कहना है कि सुपरस्टार सलमान की फिल्म खुद में ही एक शैली है। रणदीप हुड्डा ने बताया कि फिल्म 'किक' में मैंने सलमान खान को बदला। फिल्म 'सुल्तान' में मैंने सलमान खान को प्रशिक्षण दिया। अब फिल्म 'राधे' में हम एक-दूसरे का आमना-सामना करते नजर आएंगे। रणदीप हुड्डा ने कहा कि सलमान खान की फिल्म खुद में ही एक शैली है और मुझे लगता है कि यह एक अलग तरह का माहौल है। एक कलाकार के तौर पर मैं इस बात से पूरी तरह सहमत हूं कि कलाकार को सभी माहौल और काम करने के स्टाइल को अपनाना चाहिए और मैं इसे लेकर काफी उत्साहित हूं।

बंटी और बबली के सीक्वल में काम करेंगे सैफअली खान!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के छोटे नवाब सैफअली खान सुपरहिट फिल्म 'बंटी और बबली' के सीक्वल में काम करते नजर आ सकते हैं। यशराज बैनर तले वर्ष 2005 में प्रदर्शित फिल्म बंटी और बबली का सीक्वल बनाया जाने वाला है। बंटी और बबली में अभिषेक बच्चन ,रानी मुखर्जी और अमिताभ बच्चन ने मुख्य भूमिका निभायी थी। चर्चा है कि

सैफअली खान 'बंटी और बबली' के सीक्वल में रानी मुखर्जी के साथ काम करते नजर आ सकते हैं। सैफअली खान ने अभिषेक बच्चन की जगह इस फिल्म में मुख्य किरदार निभाने का फैसला कर लिया है। माना जा रहा है कि रानी मुखर्जी और सैफअली खान इस फिल्म की शूटिंग अगले हफ्ते बनारस और बुलंदशहर में शुरू करेंगे।

QUIZ TIME

1) कौन-सा वन्यजीव अभ्यारण्य बिहार के ,मुंगेर जिले में स्थित हैं?
   (क) वाल्मीकि (ख) राजगीर
   (ग) भीमबन्ध (घ) गौतम बुद्ध
2) निम्नलिखित में से कौन भूमि रिकॉर्ड अधिकारी है? (पटवारी / लम्बदार)
3) भारत में मतदान के लिए प्रयोग की जाने वाली मशीन वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) का संस्करण क्या है? (एम3 / जेड3)
4) छठी पंचवर्षीय योजना के दौरान कौन-सा कार्यक्रम शुरू किया गया था?
5) फुटवेयर कंपनी का नाम बतायें?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) भीमबन्ध (2) पटवारी (3) एम3 (4) एकीकृत ग्रामीण विकास (5) खादिम

अनजान डेस्टिनेशन के लिए आलिया संग रवाना हुए रणबीर, हाथ में लगी थी चोट

एयरपोर्ट पर आलिया और रणबीर साथ दिखे, जो किसी अनजान डेस्टिनेशन के लिए निकले हैं। रणबीर के हाथों पर चोट नजर आ रहा था। आलिया भट्ट और रणबीर कपूर बॉलिवुड के चहेते कपल में से एक हैं। दोनों अपनी लव स्टोरी को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं। दोनों बीती रात मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए। इन तस्वीरों में रणबीर कपूर के हाथों पर चोट भी नजर आ रहा। रणबीर और आलिया किसी अनजान डेस्टिनेशन पर निकले हैं और एयरपोर्ट पर दोनों साथ नजर आए। रणबीर ब्लैक कैजुअल में थे और उनके हाथों पर स्लिंग लगी थी। ऐसे लगा रहा है कि उनके हाथों को चोट लगी है। आलिया ने वाइट पैंट के साथ ब्लू शर्ट पहन रखी थी और काफी खूबसूरत दिख रही थीं। दोनों अयान मुखर्जी की फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' में साथ नजर आनेवाले हैं। फिल्म की अगली शूटिंग अब मनाली में होनी है। इस फिल्म में रणबीर और आलिया के अलावा अमिताभ बच्चन, मौनी रॉय, नागार्जुन अक्किनेनी और डिंपल कापड़िया भी हैं।

गोविंदा को नहीं भाया अंखियों से गोली मारे का रीमिक्स!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा को अपनी सुपरहिट गाना अंखियों से गोली मारे का रीमिक्स पसंद नहीं आया है। बॉलिवुड में इन दिनों पुराने और सुपरहिट गानों का रीमिक्स बनाने का चलन भी तेजी पकड़ रहा है। जल्द रिलीज होने वाली फिल्म 'पति पत्नी और वो' में गोविंदा और रवीना टंडन पर फिल्माए गए सुपरहिट गाने 'अंखियों से गोली मारे' का रीमिक्स सॉन्ग शामिल किया गया है। इसे फिल्म की लीड कास्ट कार्तिक आर्यन, अनन्या पांडे और भूमि पेडनेकर पर फिल्माया गया है।

नव प्रदेश — व्यापार

ट्रेड वॉर के कारण चीन छोड़ भारत में फैक्ट्री लगा रहे ऐपल सप्लायर्स

- **सैलकॉम्प देगी 10 हजार नौकरी**
- **अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर के कारण ऐपल के सप्लायर्स धीरे-धीरे चीन से अपनी फैक्ट्री हटा रहे हैं। ऐपल का बहुत बड़ा सप्लायर सैलकॉम्प ने चेन्नै स्थित नोकिया की बंद पड़ी फैक्ट्री को खरीदा है। यहां मार्च 2020 तक काम शुरू हो जाएगा।**

नई दिल्ली। अमेरिका और चीन के बीच जारी ट्रेड वॉर का फायदा धीरे-धीरे भारत को मिलता दिख रहा है। विश्व की सबसे बड़ी कंपनी ऐपल को कॉम्पोनेंट सप्लाई करने वाली कंपनी सैलकॉम्प (Salcomp) ने चेन्नै स्थित नोकिया की बंद पड़ी फैक्ट्री को 30 मिलियन डॉलर (करीब 215 करोड़ रुपये) में खरीदा है। यह फैक्ट्री टैक्स विवाद के बाद 2014 में बंद हो गई थी।

दरअसल अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर के कारण चीन में स्थित अमेरिकी कंपनियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन हालात में ऐपल धीरे-धीरे चीन से बाहर अपने लिए जगह ढूंढ रही है। अमेरिका में सैलकॉम्प के अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि पिछले कुछ सालों में कंपनी ने भारत में अपना बहुत बड़ा बेस तैयार किया है। श्रीपेरंबदुर के स्पेशल इकनॉमिक जोन (SEZ) में सैलकॉम्प की दो यूनिट पहले से काम कर रही है। इन दो यूनिट में करीब 7,000 कर्मचारी काम करते हैं।

जानकारी के मुताबिक, सैलकॉम्प मार्च 2020 तक इस फैक्ट्री में काम शुरू कर देगी। अगले पांच सालों में कंपनी करीब 300 मिलियन डॉलर (2100 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी, जिसकी मदद से कंपनी हर साल 2 अरब डॉलर (करीब 14,000 करोड़ रुपये) का निर्यात कर पाने में सक्षम होगी। आने वाले कुछ समय में जब फैक्ट्री का संचालन पूरी तरह शुरू हो जाएगा तो करीब 10,000 लोगों को रोजगार भी मिलेंगे।

यह प्लांट करीब 11 लाख स्क्वेयर फीट में फैला हुआ है। कंपनी के कुल कॉम्पोनेंट प्रॉडक्शन में करीब 60 फीसदी हिस्सेदारी ऐपल की होगी। इसके अलावा फॉक्सकॉन, शाओमी, वीवो और ओप्पो जैसी कंपनियों के लिए भी यहां कॉम्पोनेंट तैयार होंगे।

स्पाइसजेट का अमिरात के साथ कोडशेयर समझौता

गुरुग्राम (वार्ता)। किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने संयुक्त अरब अमीरात की विमान सेवा कंपनी एमिरेट्स एयरलाइंस के साथ कोडशेयर समझौता किया है।

स्पाइसजेट ने सोमवार को बताया कि इस कोड शेयर के तहत एमिरेट्स के यात्री दुबई से अमृतसर, काझिकोड़, मेंगलुरु, मदुरैई, जयपुर और पुणे के लिए स्पाइसजेट की उड़ान ले सकेंगे। इसके अलावा एमिरेट्स की उड़ानें देश के जिन नौ शहरों के लिए हैं वहाँ से आगे की घरेलू उड़ानों के लिए वे स्पाइसजेट की उड़ान ले सकेंगे। इन सभी उड़ानों पर एमिरेट्स का कोड होगा। कोड शेयर के पहले चरण में उड़ानों के लिए 15 दिसंबर से उड़ानें उपलब्ध होंगी और बुकिंग 25 नवंबर से करायी जा सकेगी।

बाद में स्पाइसजेट की उड़ानों से दुबई जाने वाले यात्री आगे की यात्रा के लिए स्पाइसजेट के कोड पर एमिरेट्स की उड़ानों में यात्रा कर सकेंगे। दोनों एयरलाइंस ने इंटरलाइन समझौता भी किया है जिसके लिए सामान चेकइन तथा बोर्डिंग पास जारी करने के लिए वे एक-दूसरे के काउंटर पर सेवा दे सकेंगे।

स्पाइसजेट के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने इस मौके पर प्रसन्नता जाहिर करते हुये कहा कि इससे यूरोप, अमेरिका, अफ्रीका और पश्चिमी एशिया से आने-जाने वाले यात्रियों को ज्यादा विकल्प मिल सकेगा।

शेयर बाजार में लिवाली का जोर

सेंसेक्स 40800 के पार और निफ्टी ने तोड़ा 12050 का स्तर

- **शुरुआती कारोबार में बाजार लिवाली लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है। शुरुआती आधे घंटों में ही सेंसेक्स 200 से ज्यादा अंक ऊपर कारोबार करता दिखाई दिया। धीरे-धीरे लिवाली और बढ़ी और सेंसेक्स ने 450 से ज्यादा अंक जोड़ लिए।**

मुंबई। शेयर बाजार में लिवाली का जोर बरकरार है। दोपहर बाद के कारोबार में सेंसेक्स ने ऑल-टाइम हाई स्तर को छुआ। 100 अंकों से कम क बढ़त के साथ सेंसेक्स अब 450 से ज्यादा अंक जोड़ चुका है और निफ्टी भी 12,000 से काफी ऊपर ट्रेड कर रहा है। दोपहर 1 बजकर 47 मिनट पर सेंसेक्स 464.13 अंक ऊपर 40,823.54 ऊपर ट्रेड करता देखा गया। वहीं निफ्टी 138.95 अंकों की बढ़त के साथ 12,053.35 पर दिखाई दिया।

सेंसेक्स पर भारती एयरटेल, टाटा स्टील, वेदांता, इंडसइंड, एचडीएफसी और हीरो मोटोकॉर्प चढ़ने वाले शेयरों में सबसे आगे दिखाई दे रहे हैं, जबकि निफ्टी पर इन्फ्राटेल, भारती एयरटेल,टाटा स्टील, हिंडाल्को और जेएसडब्ल्यू स्टील में तेजी है। गिरने वाले शेयरों में यस बैंक, ज़ी, ओएनजीसी, एनटीपीसी और गेल आगे हैं।

बाजार खुलने का स्तर

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स 80.25 पॉइंट्स जोड़कर 40,439.66 पर खुला और नैशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी 0.07% ऊपर(8.05 अंक) 11,922.45 पर खुला। शुरुआती कारोबार में बाजार लिवाली लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है। शुरुआती आधे घंटों में ही सेंसेक्स 200 से ज्यादा अंक ऊपर कारोबार करता दिखाई दिया। सुबह 9 बजकर 42 मिनट पर सेंसेक्स 40,548 के आसपास देखा गया। वहीं, निफ्टी भी 54.65 अंक ऊपर 11,969.05 अंकों पर ट्रेड करता देखा गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स के जिन शेयरों में तेजी देखने को मिली उनमें टाटा स्टील, भारती एयरटेल, सन फार्मा, वेदांता लिमिटेड, महिंद्रा ऐंड महिंद्रा और रिलायंस सबसे आगे हैं। वहीं एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, टीसीएस, ओएनजीसी, टाटा मोटर्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में गिरावट दिखाई दी।

सुबह के कारोबार में निफ्टी के जिन शेयरों में बढ़त देखने को मिली उनमें इन्फ्राटेल, भारती एयरटेल, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील और सन फार्मा प्रमुख हैं। वहीं ज़ी लिमिटेड, टीसीएस, विप्रो, एचसीएल टेक, एशियन पेंट गिरने वाले शेयरों में सबसे आगे दिखे।

लैंक्सेस का 2040 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य

नयी दिल्ली (वार्ता)। रसायन कंपनी लैंक्सेस ने जलवायु संरक्षण का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय करते हुये वर्ष 2040 तक कार्बन उत्सर्जन शून्य कंपनी बनने की योजना बनायी है।

कंपनी ने सोमवार को यहां जारी बयान में कहा कि इसके तहत ग्रीन हाउस गैसों के वर्तमान उत्सर्जन करीब 32 लाख टन को समाप्त करना होगा। कार्बन डाइऑक्साइड से पूर्ण उन्मूलन हासिल करना होगा। इससे पहले 2030 तक लैंक्सेस कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के तकरीबन 16 लाख टन के वर्तमान स्तर की तुलना में 50 फीसदी की कमी लाने का लक्ष्य सुनिश्चित कर चुकी है।

लैंक्सेस के अध्यक्ष मैथियास जैशर्ट ने कहा कि पेरिस समझौते के तहत वैश्विक समुदाय जलवायु परिवर्तन की स्थिति पर काबू पाने का निश्चय कर चुका है। इसके लिए हर सहयोगी की तरफसे व्यापक प्रयासों की दरकार होगी। 2040 तक जलवायु-तटस्थता की प्राप्ति के लक्ष्य के साथ एक वैश्विक विशिष्ट रसायन कंपनी के रूप में लैंक्सेस अपना दायित्व निभा रही है। अगले कुछ सालों में लैंक्सेस ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाने के लिए खास परियोजनाओं की शुरुआत करेगी। फिलहाल 2020 से काम करना शुरू करेगी और ग्रीन हाउस गैसों के वार्षिक उत्सर्जन में तकरीबन 150,000 टन कार्बन डाइऑक्साइड के कमी लाएगी।

सोना वायदा भाव 136 रुपये गिरकर 37,759 रुपये प्रति दस ग्राम रहा

नयी दिल्ली। कमजोर वैश्विक संकेतों से सटोरियों के अपने सौदे घटाने से सोमवार को वायदा कारोबार में सोना 136 रुपये घटकर 37,759 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में दिसंबर डिलीवरी के लिये सोना वायदा भाव 136 रुपये यानी 0.36 प्रतिशत घटकर 37,759 रुपये प्रति दस ग्राम रह गया। इसमें 2,684 लॉट का कारोबार हुआ।

एक साल में सबसे महंगा हुआ पेट्रोल

नई दिल्ली। कच्चे तेल की कीमत में तेजी के कारण पेट्रोल का रेट एक साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुका है। पिछले चार दिनों से लगातार पेट्रोल महंगा हो रहा है। आज महानगरों में पेट्रोल करीब 12 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ, जबकि डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पिछले चार दिनों में पेट्रोल करीब 46 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ है।

आज राजधानी दिल्ली में पेट्रोल का भाव 74.66 रुपये प्रति लीटर है। ठीक एक साल पहले 25 नवंबर 2018 को राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल 74.84 रुपये प्रति लीटर था। तेल मार्केटिंग कंपनियों ने सोमवार को फिर पेट्रोल की कीमत दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में 12 पैसे जबकि चेन्नई में 13 पैसे प्रति लीटर बढ़ाई है। हालांकि डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया।

महानगरों का भाव

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नै में पेट्रोल का दाम बढ़कर क्रमशः 74.66 रुपये, 77.34 रुपये, 80.32 रुपये और 77.62 रुपये प्रति लीटर हो गया है। इससे पहले चारों महानगरों में पेट्रोल का भाव 25 नवंबर 2018 को क्रमशः 74.84 रुपये, 76.82 रुपये, 80.38 रुपये और 77.69 रुपये प्रति लीटर था।

ग्रामीणों की मदद से वन अमले ने पकड़ी अवैध इमारती लकड़ी

■ एक पिकअप मौके से फरार

नवप्रदेश संवाददाता

दन्तेवाड़ा। अवैध इमारती लकड़ी तस्करी करते दन्तेवाड़ा रेंज के दुधीरास गांव में ग्रामीणों की मदद से वन विभाग को पकड़ने में सफलता मिली । मिचवार के जंगलो से गादीरास गांव ऑटो में 29 नग साल,सागौन जैसी बेशकीमती तस्कर ले जा रहे थे । इसी सूचना पर वन विभाग दन्तेवाड़ा की टीम ने सूचना पर जप्त कर राजसात की कार्यवाही की तैयारी में जुट गये। ऑटो पर सीजी18एन 3981 नम्बर पड़ा हुआ है। साथ ही ऑटो चालक आकाश कोड़ी व दिनेश कश्यप भी फॉरेस्ट कस्टडी में दन्तेवाड़ा रेंज लाये गये है। दरअसल ऑटो में लोड कीमती लकड़ी को वन विभाग से पहले दुधीरास गांव के ग्रामीणों ने मिलकर पकड़ा। सूचना के बाद वन अमला मौके पर पहुँचा। जहाँ से लकड़ी भरी ऑटो ड्राइवर सहित दन्तेवाड़ा वनपरिक्षेत्र लाया गया।

इनका कहना है

ग्रामीणों की सूचना में वन प्रबंधन टीम ने पकड़ी है। रात को ही सूचना मिल गयी थी अतिसंवेदनशील क्षेत्र होने के वजह से और नक्सली घटना की वजह से आज सुबह लाया गया है। अनुमानित लागत 40 से 50 हजार रुपये लकड़ी की आंकी जा सकती है।

-प्रकाश सिंह ठाकुर,
रेंजर, दन्तेवाड़ा

अम्बिकापुर में फिर पकड़ा गया 39 लाख का धान

अम्बिकापुर। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में किसानों को राहत देने बिचौलियों और जमाखोरों के खिलाफ प्रशासन की जांच-कार्रवाई जारी है। रविवार अवकाश के दिन भी प्रशासनिक टीम ने 39 लाख रुपये से अधिक का 2163 क्विंटल धान जब्त किया। प्रशासनिक टीम द्वारा अब ग्रामीण क्षेत्र के छोटे व्यवसायियों के यहां नहीं बल्कि राइस मिलों में दबिश दी जा रही है। राइस मिलरों द्वारा भी नियम प्रक्रियाओं को ताक में रखकर अवैध तरीके से धान का भंडारण किया जाना पाया जा रहा है। जिला खाद्य अधिकारी रविंद्र सोनी ने बताया कि रविवार को टीम ने बिलासपुर रोड में अमन कोल्ड स्टोरेज में 180 क्विंटल, बीएम फूड में लगभग 199 क्विंटल के अलावा लखनपुर के अग्रोहा राइस मिल से 1650 क्विंटल तथा जय भवानी राइस मिल से 118 क्विंटल धान जब्त किया।

हाईटेंशन तार की चपेट में आने से 5 ग्रामीण झुलसे

नवप्रदेश संवाददाता

अम्बिकापुर। जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र के मंगारी जुनापारा के 5 ग्रामीण हाईटेंशन तार की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गए। जिनमे से एक ही हालत गंभीर बताई जा रही है।

सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अम्बिकापुर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, थाना क्षेत्र के बतौली के समीप मंगारी जुनापारा के 5 ग्रामीण एक बंद पड़े बोर को फिर से शुरू करने के लिए उसमे लगे केसिंग पाईप को बाहर निकाल रहे थे। दो पाइप निकालने के बाद तीसरा पाइप निकाल ही रहे थे। इसी दौरान बोर के ऊपर से गुजरी 11000 वाल्ट की हाईटेंशन तार ने लोहे की केसिन पाइप को खींच लिया। जिससे पाईप को पकड़े पांचों ग्रामीण राजेश वैष्णव, सुखसागर, वाल्मीकि, अभिमन्यु और शंकर दास करंट की चपेट में आ गए और सभी झुलस गए। सभी ग्रामीण एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। घटना के बाद इन्हें तत्काल आनन-फानन में लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली ले जाया गया। जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को अम्बिकापुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। घायलों का मेडिकल कॉलेज अम्बिकापुर में इलाज जारी है।

हाट बाजार क्लिनिक योजना से बाजार में मिल रही ईलाज की सुविधा

■ 82 लोगों ने कराया स्वास्थ्य जांच एवं ईलाज

नवप्रदेश संवाददाता

अम्बिकापुर। राज्य शासन द्वारा सुदूर ग्रामों तक स्वास्थ्य की बुनियादी सुविधा पहुंचाने के लिए गंभीर है। इसी तारतम्य में हाट बाजार में स्वास्थ्य शिवर आयोजित कर ग्रामीणों को ईलाज की सुविधा देने हेतु हाट बजार क्लिनीक योजना प्रारंभ किया गया है। इस योजना से ग्रामीणों को अपने क्षेत्र के हाट बाजार में सर्दी, बुखार, दर्द का ईलाज के साथ ही बीपी, शुगर, मलेरिया, सिकलसेल एवं आंख की जांच निःशुल्क किया जा रहा है। बाजार में निःशुल्क ईलाज की सुविधा मिलने से ग्रामीण खुश हैं। लुण्ड्रा जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम रघुनाथपुर के साप्ताहिक हाट बाजार में 22 नवम्बर को लगाए गए शिविर में 82 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। रघुनाथपुर निवासी कोमल सिंह ने बताया कि उन्हें सर्दी खासी की समस्या थी यहां शिविर सिरप और टेबलेट दिया गया। सिकिलमा निवासी श्री विजय को हाथ-पैर दर्द की समस्या थी जिसे रक्त परीक्षण के बाद दवा दिया गया। इसी तरह से सोनू माली, ईतवारी, लालसाय रामाधार, तापेश्वरी देवी आदि ग्रामीणों का शिविर में उपचार किया गया। ज्ञातव्य है कि कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर के निर्देशानुसार जिले के विकासखण्डों के प्रमुख हाट बाजारों में क्लिनिक लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं ईलाज किया जा रहा है। इन शिविरों में चिकित्सा दलों के द्वारा पर्याप्त दवाई एवं अन्य चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। शिविर प्रभारी डॉ. रहेला समरिन ने बताया कि शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर एवं खून जांच, मुख केंसर की जांच, टीकाकरण, दवाईयां का वितरण, गर्भवती व शिशुवती माता की समस्त जांच, आंख की जांच, पैथोलॉजी एवं एक्सरे की सुविधा टी.बी. एवं कुष्ठ रोग की जांच एवं उपचार सेवा निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है।

साप्ताहिक बाजार में खोई मासूम को पुलिस ने घर पहुंचाया

कोंडागॉव। रविवार साप्ताहिक बाज़ार में खोई 5 वर्षीय मासूम को सूचना मिलते ही कोंडागाँव कोतवाली पुलिस त्वरीत कार्यवाही करते अपने साथबच्ची साप्ताहिक बाजार कोंडा गांव मिली है इस बच्ची के जो भी परिजन है तत्काल थाना कोतवाली के बाल मित्र कक्ष लेकर पहुंची जिसके बाद बच्ची को शांत और मनोरंजक माहौल में रख पतासाजी करते एसआई मनोज नायक ने उसके परिजनों तक पहुच बच्ची को उसके घर तक सकुशल पहुंचाया। मिली जानकारी अनुसार बाज़ार में खोई बच्ची ख़ासिफ़ (5) वर्ष हुसैन पिता इरशाद हुसैन भेलवापदर पारा कोंडागॉव को खोजबीन कर बच्ची को सकुशल घर तक पहुंचाया गया। ज्ञात हो कि बच्ची अपना नाम तक नही बता पा रही थी

तरक्की की प्रक्रिया में सुझाव की भी भूमिका-मण्डावी

■ एल्डरमेन ने ली शपथ, पालिका को सुविकसित करने का संकल्प

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक विक्रम शाह मण्डावी ने कहा है कि तरक्की की प्रक्रिया में सुझाव की भी अहम भूमिका होती है। उन्होंने बीजापुर को अच्छे नगर के रूप में ढलने की उम्मीद जताई । विधायक विक्रम मण्डावी यहां पालिका परिसर में एल्डरमेनों के षपथग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बीजापुर को अच्छा नगर बनाने में एल्डरमेन के भी योगदान की अपेक्षा रखते कहा कि उनका समय और सुझाव दोनों विकास में महत्वपूर्ण है। एल्डरमेन एक महत्वपूर्ण ओहदा है और इस ओहदे का इस्तेमाल अच्छे से करने पर नगर का विकास भी अच्छे से होगा। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य एवं एआईसीसी मेंबर श्रीमती नीना रावतिया उद्दे आषा जताई कि नगर की तरक्की में एल्डरमेनों से उनके बहुमूल्य समय की जरूरत है। वे जरूर पार्षदों से बेहतर तालमेल स्थापित कर नगर के विकास में सहयोग करेंगे। प्रदेष कांग्रेस सचिव अजय सिंह ने कहा कि एल्डरमेन पालिका के विकास में एक टीम में षामिल होकर काम करेंगे। नगर को बेहतर बनाने वे रूपरेखा तैयार कर काम करेंगे।

पांच में से तीन एल्डरमेन आए

पालिका परिसर में हुए शपथ ग्रहण समारोह में एल्डरमेन संतोष गुप्ता, दयाल सिंह ठाकुर एवं श्रीमती सुशीला मांझी आए। एल्डरमेन हरेन्द्र मांझी एवं राजू गांधी मौजूद नहीं थे। इन तीनों ने पद की शपथ ली। एसडीएम डॉ हेमेन्द्र भूआर्य ने एल्डरमेन को शपथ दिलाई। अपरिहार्य कारणों से कार्यक्रम दो घंटे विलंब से शुरू हुआ।

कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम संपन्न

बतौली। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अंतर्गत कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम का विकास खंड स्तरीय आयोजन बतौली के बिलासपुर में किया गया। मौके पर खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के प्रतिनिधि और जिला कांग्रेस महामंत्री अरविंद गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। विज्ञान और गणित पर आधारित माडल का अद्भुत प्रदर्शन ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों ने किया। असुविधाओं के बाद भी बेहतर मडल का प्रदर्शन कर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। चुंबक से बिजली बनाने, टपक सिंचाई पद्धति, नरवा,गरुआ, घुरवा और बाड़ी योजना का माडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम विकासखंड अधीनस्थ 129 प्राइमरी एवं 59 मिडिल स्कूल में अध्ययनरत विधार्थियों द्वारा सर्वप्रथम विकासखंड के सभी 11 संकुलों में संकुल स्तरीय आयोजन के तहत किया गया था। संकुल स्तरीय प्रतियोगिता 20 से 22 नवंबर तक आयोजित की गई ।बेलकोटा, बतौली, चिरंगा में 20 नवंबर, बिलासपुर ,बोदा, बाँसझाल, सरमना, महेशपुर में 21 नवंबर और मंगारी ,सेदम, गोविंदपुर संकुल में 22 नवंबर को आयोजित प्रतियोगिताओं में बच्चों ने हिस्सा लिया। एक प्राथमिक और एक माध्यमिक स्कूल का संकुल स्तर पर चयन विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में किया गया था।

अधिकाधिक किसानों को रबी फसल लेने प्रोत्साहित करें

नवप्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। जिले में विभिन्न मदों के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यो को नियमित रूप से द्रुत गति से संचालित किया जाये। इस दिशा में निर्माण एजेंसीज द्वारा निर्माण कार्यो का निरंतर मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता तथा तकनीकी मापदंडों का परिपालन सुनिश्चित किया जाये और नियत समयावधि में निर्माण कार्यो को पूर्ण कराया जाये। जिले में विभिन्न विभागों द्वारा लोक सेवाओं की सुलभता निर्धारित समय पर सुनिश्चित किया जाये। इस हेतु सम्बन्धित विभाग प्रमुख द्वारा लोक सेवाओं की सुलभता का नियमित रूप से मॉनिटरिंग किया जाये। जिले में रबी फसल को बढ़ावा देने के लिये अधिकाधिक किसानों को रबी पैदावार लेने हेतु प्रोत्साहित कर बीज और अन्य कृषि आदान सामग्री की सुलभता सुनिश्चित किया जाये। उक्त निर्देश कलेक्टर ने कलेक्टोरेट के डंकिनी सभागार में आयोजित समय-सीमा की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सच्चिदानंद आलोक सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी और जिले में पदस्थ एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत तथा नगरीय निकायों के सीएमओ मौजूद थे। कलेक्टर ने बैठक के दौरान राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि नरवा-गरवा, घुरवा एवं बारी योजना सहित सार्वभौम सार्वजनिक वितरण प्रणाली, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना इत्यादि का कारगर क्रियान्वयन किया जाये। उक्त योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु शासन के दिशा-निर्देशों का गम्भीरता के साथ परिपालन किया जाये। कलेक्टर श्री वर्मा ने शासन द्वारा अधिसूचित लोक सेवाओं की सुलभता के लिए पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने पर बल देते हुए अधिकारियों को नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने कहा।

सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

भानुप्रतापपुर। सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा रविवार को शिव गायत्री मन्दिर मे आयोजित किया गया उक्त बैठक में समाज के वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन मे युवा वर्ग ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।जिसमें जिसमे सर्व सम्मति से समाजिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु अध्यक्ष-श्री श्याम शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष-श्री रमेश तिवारी,उपाध्यक्ष-श्री राहुल शुक्ला,संतोष वाजपेयी,राजेश शर्मा कोषाध्यक्ष-श्री पलाश मिश्रा,अंशुल जोशी सचिव-श्री संतोष तिवारी, सहसचिव-श्री रोशन मिश्रा, मिडिया प्रभारी-श्री दीपक शर्मा जय शर्मा(प्रिंट/इलेक्ट्रानिक), नरेंद्र शर्मा,संतोष गर्ग(सोशल), विधिक सलाहकार-श्री राजेश तिवारी,एम एम उप्रेती, वैदिक कार्य प्रभार हेतु श्री दिनेश पण्डा व श्री देवेन्द्र शुक्ला, सम्पर्क समिति- श्री राहुल शुक्ला,पलाश मिश्रा,दीपक तिवारी,विवेक पान्डे,संतोष वाजपेयी,समीर शर्मा,संतोष तिवारी,संतोष गर्ग,दुर्वाषा तिवारी को मनोनीत किया गया सभी पदाधिकारी अनुशासन(संरक्षक) समिति के मार्गदर्शन मे कार्य को सम्पादित करेंगे समिति मे श्री एस पी शुक्ला,अभय पान्डे,सचिन दुबे, राजकुमार दुबे,रवि तिवारी,डाकवर मिश्रा, काशीप्रसाद तिवारी, जीवन तिवारी, सुश्री नलिनी प्रभा वाजपेयी, श्रीमती सरला पान्डे को जगह दी गई। उक्त बैठक मे भानुप्रतापपुर,कोरर, सम्बलपुर के ब्राम्हण जन उपस्थित थे।

बचेली में शासकीय निर्माण कार्यो में आयी तेजी

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। बचेली कई महीनों से बंद पड़े शासकीय निर्माण कार्यो में अचानक ही तेजी देखने को मिली है। आपको बता दे की जब से जिले में कांग्रेस की विधायिका चुनी गई है तबसे विकास कार्यो को गति मिली है कई बंद कार्य शुरू किए जा चुके है। आज सुबह ही नगर पालिका कार्यालय के पास सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य गणेश बर्मन के पार्षद निधि से, वार्ड नं. 09 मे चबूतरा निर्माण कार्य धनीराम ध्रुव के पार्षद निधि से, वार्ड क्र. 13 मे पाइप लाइन विस्तार कार्य फिरोज नवाब के पार्षद मद से, वार्ड क्र. 04 मे आर. सी.सी नाली का निर्माण कार्य एवं वार्ड क्र. 04 मे सरस्वती प्राथमिक स्कूल मे किचन शेड़ का निर्माण कार्य का भूमि पूजन उमेश सिंह द्वारा किया गया। लोगो के मुताबिक नगरपालिका चुनाव निकट है जिसे देखते हुए कार्यो में तेजी देखी जा रही है। बंद पड़े गौरव पथ का निर्माण भी पुनः शुरू किया जा चुका है। कुल मिलाकर लोगो की मूलभूत आवश्यकताओं के कार्यो में तेजी से नगरवासियों में खुशी की लहर है।

टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित

बीजापुर। केरिपु बल 168वी वाहिनी के तत्वाधान में बासागुड़ा में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। प्रतियोगिता 14/11/2019 से 22/11/2019 तक चला, कुल 32 टीमों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच भोपालपटनम् एवं धनोरा के मध्य खेला गया। भोपालपटनम् की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 12 ओवर में कुल 96 रन बनाये जवाब में धनोरा की टीम के सलामी बल्लेबाज योगेन्द्र पुजार 40 रन एवं भोजदेव के 32 रन के महत्वपूर्ण साझेदारी के बदौलत 03 विकेट खोकर 11वे ओवर में विजयी लक्ष्य को पार कर विजेता बनी। मैच के मैन ऑफद मैच योगेन्द्र पुजारी रहे। विजेता टीम धनोरा को प्रथम पुरूस्कार 25000/- नगद एवं ट्राफी एवं भोपालपटनम् को द्वितीय पुरूस्कार 12500/- एवं ट्राफी भेंट किया। मुख्य अतिथि कोमल सिंह उप महानिरीक्षक केरिपु बल, विनय चौधरी कमांडेंट 168 वी वाहिनी, द्वितीय कमान अधिकारी इंद्रनील दत्ता, सहायक कमाण्डेंट चन्दन गिधी, थाना प्रभारी बासागुड़ा निरीक्षक सुरेन्द्र यादव हाथो विजेता टीम एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियां को पुरूस्कृत किया गया।

कार्रवाई 5 हजार क्विंटल से अधिक धान और 8 वाहनें की हो चुकी है बरामदगी

अवैध धान परिवहन व भंडारण के अब तक 61 प्रकरण दर्ज

■ कलेक्टर कोरिया रात्रि में पहुँचे मध्यप्रदेश सीमा चेक पोस्ट

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान परिवहन एवं भण्डारण को रोकने के लिए टीम का गठन किया गया है। यह टीम लगातार छापेमारी कर अवैध परिवहन एवं भण्डारित सामग्री जप्त कर रही है वही कलेक्टर कोरिया रात्रि में भी किसी भी समय इन चेक पोस्ट पर जाच कर जायजा ले रहे कि कही कोई चेक पोस्ट गड़बड़ी तो नही कर रहा गौरतलब है कि खरीफविपणन वर्ष 2019-20 में राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी दिनांक 01 दिसंबर 2019 से किया जाना है, धान खरीदी के दौरान राज्य के बाहर से अवैध रूप से धान मंगा कर शासन को अधिक मूल्य पर बेचकर राजस्व की हानि पहुचाने वालों पर कठोर कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में जिले में कलेक्टर श्री डोमन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक कोरिया के द्वारा सभी संबंधित विभागों के साथ अवैध धान भंडारण व परिवहन करने वालो के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही कराई जा रही है। खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी हेतु जिले के 20 धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी के दौरान अन्य राज्यों से कोचियों-बिचैलियों से अवैध धान आवक पर नियंत्रण रखने हेतु जिले के अन्तर्राज्यीय सीमा से लगे धान खरीदी केन्द्र चैनपुर एवं माड़ीसरई में नाका बनाकर 24 घण्टे डयूटी लगाई गई है एवं अवैध धान के आवक पर सतत जांच एवं कार्यवाही की जा रही है। जिले में अब तक अवैध धान परिवहन के कुल 61 प्रकरण बनाये गये जिसमें 08 वाहन जप्त किए गए हैं। समस्त प्रकरणों में 5017.80 क्विंटल धान जप्ती की कार्यवाही की गई है। अब तक मेसर्स रमेश गुप्ता ट्रेडर्स, सिद्धि विनायक ट्रेडर्स प्रो. नंदकिशोर गुप्ता, जय भोले ट्रेडर्स के व्यापारी प्रो.बृजेश शिवहरे, बिहारी राम साहू फुटकर लायसेंस धारी व्यापारी, निजी संचालकों में राधेश्याम साहू, अमित जायसवाल, संजय साहू, इन्द्रपाल साहू, सतन लाल अहिरवार, दिनेश गुप्ता आदि के गोदाम में औचक निरीक्षण कर जांच दल द्वारा अवैध भंडारित सामग्री की जप्ती की गई है। जिला प्रशासन द्वारा जिले में अवैध धान के आवक पर रोक हेतु राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, परिवहन विभाग, खनिज विभाग द्वारा चेक पोस्ट एवं नाका लगाकर 24 घंटे सतत जांच एवं कार्यवाही की जा रही है। अवैध धान परिवहन व संग्रहण की जानकारी देने हेतु जिला खाद्य अधिकारी द्वारा मोबाईल नंबर 94079- 76812 या 84629-83782 जारी किया गया है, जिस पर सम्पर्क कर इस संबंध में जानकारी दे सकते हैं। कलेक्टर द्वारा सख्त हिदायत दी गयी है। कि अवैध धान का भंडारण व परिवहन करने वालों पर कठोर कार्यवाही जारी रहेगी तथा इस तरह के अवैध कार्यों में लिप्त लोगों पर भी कार्यवाही की जाएगी।

नक्सली उन्मूलन जागरूकता अभियान का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। कमाण्डेंट-199 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल श्री लालचन्द्र यादव के कुशल मार्गदर्शन एवं उनके निर्देषानुसार बटालियन द्वारा चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन के तहत बटालियन के जवाबदारी इलाके में नक्सली उन्मूलन जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है । इस संदर्भ में 199 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल परिसर में ग्राम पातुरपारा, भैरमगढ़, जिला-बीजापुर के वासियों हेतु दिनॉक 24/ 11/2019 को देवेन्द्र सिंह पाल, द्वितीय कमान अधिकारी, सुनील कुमार रंजन, द्वि. कमा. अधि. परिचालन अधिकारी, के.एम. बैजू, उप कमाण्डेंट-199 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, एस.डी.पी.ओ भैरमगढ़ अविनाश मिश्रा तथा थाना प्रभारी, भैरमगढ़ चन्द्रदेव वर्मा की उपस्थिति में प्रेरणादायक/उत्साह-वर्द्धक कार्यक्रम का आयोजन मल्टीमिडिया प्लान के तहत किया गया ।

न्यूज गैलरी

डेविस कप : क्रोएशिया से हो सकती है भारत की भिड़ंत

मैड्रिड। भारतीय डेविस कप टीम अपने आगामी मुकाबले में अगर पाकिस्तान को हरा देती है तो उसे विश्व क्वालीफायर्स ग्रुप के मुकाबले के लिए अगले साल मार्च में क्रोएशिया का दौरा करना पड़ सकता है। रविवार को निकाले गये ड्रा के मुताबिक भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले मैच के विजेता का सामना 2018 के चैम्पियन क्रोएशिया से होगा। यह क्वालीफायर मुकाबला छह और सात मार्च को खेला जाएगा। इस महीने 29 और 30 तारीख को भारतीय टीम कजाखस्तान की राजधानी नूर सुल्तान में पाकिस्तान से भिड़ेगी। इस मुकाबले से पाकिस्तान के बड़े खिलाड़ियों के हटने के बाद भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार होगी।

जब भारतीय टैक्सी ड्राइवर ने पाक क्रिकेटरों से नहीं लिए पैसे

ब्रिसबन ए.। ऑस्ट्रेलिया में एक भारतीय टैक्सी ड्राइवर ने पाकिस्तानी क्रिकेटरों से किराए के रूप में पैसा लेने से मना कर दिया। टैक्सी ड्राइवर का यह व्यवहार पाकिस्तानी क्रिकेटरों को बेहद पसंद आया और उन्होंने इसके बदले टैक्सी ड्राइवर को होटल में अपने साथ ले जाकर खाना खिलाया। भारतीय टैक्सी ड्राइवर की जिस टेक्सी में पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने यात्रा की, उनमें तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी, लेग स्पिनर यासिर शाह और युवा तेज गेंदबाज नसीम शाह शामिल हैं। एबीसी रेडिया की कॉमेंटेटर एलिसन मिशेल ने टेक्सी ड्राइवर द्वारा पैसे न लेने की बात ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिशेल जॉनसन के साथ कॉमेंट्री के दौरान साझा की।

न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को पारी से दी शर्मनाक हार

माउंट मानगनुई, (वार्ता)। विकेटकीपर बीजे वाटलिंग (205 रन) के पहले दोहरे शतक के बाद गेंदबाज़ नील वेगनर (44 रन पर 5 विकेट) की शानदार गेंदबाज़ी की बदौलत न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को पहले क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और आखिरी दिन सोमवार को पारी और 65 रन से करारी शिकस्त दे दी। इंग्लैंड ने मैच के अंतिम दिन अपनी दूसरी पारी की शुरूआत तीन विकेट पर 55 रन से आगे बढ़ाते हुये की थी लेकिन कीवी गेंदबाज़ों ने अपने घरेलू मैदान पर कमाल का प्रदर्शन करते हुये 96.2 ओवर में पूरी टीम को 197 के स्कोर पर समेट दिया और मैच पारी से अपने नाम कर लिया। न्यूजीलैंड ने इसी के साथ दो मैचों की सीरीज़ में 1-0 की बढ़त बना ली है।

इंग्लैंड के लिये कल के नाबाद बल्लेबाज़ जो डेन्ली ने अपनी पारी की शुरूआत कल के 7 रन से आगे की थी और 142 गेंदों की धीमी पारी में तीन चौके लगाकर केवल 35 रन बनाकर वेगनर का शिकार बने। मैच ड्रॉ कराने का लक्ष्य लेकर खेल रहे डेन्ली 75वें ओवर की तीसरी गेंद पर इंग्लैंड के छठे बल्लेबाज़ के रूप में आउट हुये और उनका स्कोर पारी में सबसे बड़ा रहा। इंग्लैंड ने अपने बाकी सात विकेट 128 के स्कोर पर गंवा दिये।

मेहमान टीम के लिये बेन स्टोक्स ने 84 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 28 रन, जोफरा आर्चर ने 30 रन बनाये जबकि सैम करेन ने नाबाद 29 रन बनाये। न्यूजीलैंड की ओर से वेगनर ने 44 रन पर पांच विकेट लिये जबकि मिशेल सेंटनेर 53 रन पर तीन विकेट लेकर दूसरे सफल गेंदबाज़ रहे। टिम साउदी और ट्रेंट बोल्ट को एक एक विकेट मिला। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी को 201 ओवर में नौ विकेट पर 615 रन बनाकर घोषित कर दिया था। पहली पारी में बीजे वाटलिंग ने 473 गेंदों में 24 चौके और एक छक्का लगाकर 205 रन बनाये जबकि आठवें नंबर के मिशेल सेंटनेर ने 269 गेंदों में 11 चौके और पांच छक्के लगाकर 126 रन की पारी खेली। वाटलिंग को उनके करियर के पहले दोहरे शतक के लिये मैन ऑफ द मैच चुना गया।

आर्चर पर नस्ली टिप्पणी, न्यूजीलैंड क्रिकेट मांगेगा माफी

माउंट मानगनुई (वार्ता)। इंग्लैंड के तेज़ गेंदबाज़ जोफरा आर्चर को माउंट मानगनुई में पहले क्रिकेट टेस्ट के दौरान नस्ली टिप्पणी का सामना करना पड़ा है जिसके बाद मेज़बान न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने इंग्लिश क्रिकेटर से माफी मांगने के लिये कहा है। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच माउंट मानगनुई में खेले गये पहले क्रिकेट टेस्ट के आखिरी दिन सोमवार को मेज़बान टीम ने पारी और 65 रन से जीत अपने नाम कर दो मैचों की सीरीज़ में 1-0 की बढ़त बना ली। मैच के बाद इंग्लिश टीम के खिलाड़ी ने ट्विटर पर बताया कि उन्हें मैच के दौरान भीड़ में से दर्शकों की नस्ली टिप्पणियों का सामना करना पड़ा था। यह घटना उस समय की है जब वह अपनी टीम के लिये बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने मैच के आखिरी दिन 50 गेंदों में 30 रन बनाये लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। आर्चर ने लिखा, मैच में मुझे दुखद नस्लीय अपमान का सामना करना पड़ा जब मैं अपनी टीम को बचाने के लिये बल्लेबाजी कर रहा था लेकिन दर्शकों ने पूरे सप्ताह हमारा उत्सावर्धन किया। द बार्मी आर्मी हमेशा की तरह अच्छी थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान जारी कर कहा कि उन्होंने इस तरह की टिप्पणियों को नहीं सुना और आरोपियों की भी पहचान नहीं हो सकी है।

गांगुली से अपील- बदल दो चयन समिति

नई दिल्ली ए.। भारत के सबसे सफल ऑफ स्पिनरों में से एक हरभजन सिंह ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरभ गांगुली से चयन समिति में बदलाव करने की अपील की है। हरभजन ने कहा है कि चयन समिति में मजबूत लोग होने चाहिए। एमएसके प्रसाद वाली चयन समिति ने हाल ही में विंडीज सीरीज के लिए टीम चुनी, जिसमें संजू सैमसन को नहीं चुना गया। इसके बाद चयन समिति की काफी आलोचना हो रही है। संजू को बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज में जगह मिली थी लेकिन वह अंतिम-11 में नहीं खेल पाए थे। सैमसन को टीम से हटाए जाने के बाद तिरुवंनतपुरम से कांग्रेस के सांसद शशि थरूर ने निराशा साधते हुए ट्वीट किया था, 'संजू सैमसन को बिना मौका दिए हटा दिया गया है इस बात से काफी निराश हूं। वह तीन टी-20 मैचों में पानी पिलाते हुए देखे गए थे। क्या वह उसकी बल्लेबाजी देख रहे थे या दिल? हरभजन ने सोमवार को थरूर के ट्वीट का जवाब दिया, 'मुझे लगता है कि वह उसका दिल देख रहे थे। चयन समिति में बदलाव होना चाहिए, वहां मजबूत लोगों की जररूत है। उम्मीद है दादा सौरभ गांगुली ऐसा करेंगे।

डे-नाइट टेस्ट : वर्ल्ड कप फाइनल जैसी हुई फीलिंग

कोलकाता ए.। भारत ने ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स स्टेडियम में अपना पहला दिन-रात प्रारूप का टेस्ट मैच खेला। अगर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरभ गांगुली न होते तो भारत के लिए यह मुमकिन भी नहीं था। यह गांगुली का सपना था और इसे साकार करने के लिए उन्होंने कोई कसर नहीं छोड़ी। टेस्ट मैच के दूसरे दिन के अंतिम सत्र में गांगुली ने एक खास बातचीत में बताया कि उन्हें इस मैच के दौरान वर्ल्ड कप फाइनल जैसी अनुभूति हुई।

पूर्व कप्तान ने कहा, 'आस-पास देखिए (प्रशंसकों को दिखाते हुए)। क्या आपने यह देखा है? आपने कब आखिरी टेस्ट मैच में इतने दर्शक देखे थे? ऐसा लग रहा है कि यह वर्ल्ड कप का फाइनल हो।

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान के चेहरे पर इस मैच के आयोजन के प्रति संतुष्टि देखी जा सकती थी। चेहरे पर संतोष लाने के साथ ही गुलाबी गेंद टेस्ट मैच ने एक और काम किया और वो काम था गांगुली को 2001 में इसी मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के साथ खेले गए ऐतिहासिक टेस्ट मैच की यादों को कुरेदने का, तब वह कप्तान थे।

उन्होंने कहा, 'ओह! यह शानदार अहसास है। अच्छा महसूस होता है। अगर आप मुझसे पूछेंगे तो इसने मेरी 2001 के यादें ताजा कर दी हैं। इसी तरह टेस्ट क्रिकेट होनी चाहिए, खचाखच भरे स्टेडियम।

नडाल ने स्पेन को दिलाई छठी डेविस कप जीत

मैड्रिड, (वार्ता)। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी राफेल नडाल की बदौलत स्पेन ने कनाडा को पराजित कर छठी बार टेनिस का विश्वकप कहे जाने वाले डेविस कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। नडाल ने एकल मुकाबले में कनाडा के डेनिस शापोवालोव को 6-3, 7-6 (9/7) से हराकर स्पेन की जीत सुनिश्चित की। मैड्रिड के काजा मैजिका में खेले गये मुकाबले में स्पेन के लिये राबर्टो बतिस्ता अगुत ने अपने एकल मुकाबले में फेलिक्स ऑगर आलियासिमे को 7-6 (7/3), 6-3 से हराया।

33 वर्षीय नडाल ने टीम की जीत के बाद कहा, मैं अपने वर्ष का समापन इस तरह करके बहुत खुश हूं। नडाल ने इससे पहले स्पेन के ब्रिटेन के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इस मैच को देखने के लिये किंग फेलिप और रियाल मैड्रिड के सर्जियो रामोस के अलावा बार्सिलोना डिफेंडर गेरार्ड पिक भी पहुंचे थे।

नडाल के करियर का यह चौथा डेविस कप फाइनल था। इससे पहले वह वर्ष 2004, 2009 और 2011 में स्पेन को खिताब दिला चुके हैं। नडाल के लिये पिछले 12 महीने काफी सफल रहे हैं जिसमें उन्होंने फ्रेंच और यूएस ओपन जीतने के अलावा विश्व की नंबर एक रैंकिंग भी हासिल की है। स्पेनिश टीम को डेविस कप खिताब के साथ 21 लाख डॉलर की ईनामी राशि भी मिली। कनाडा के बजाय स्पेन ने अपनी टीम में पांचों अहम खिलाड़ियों बतिस्ता अगुत, पाब्लो कारीनो बुस्ता तथा फेलिसियानो लोपेज़ को उतारा जिसमें सभी ने एकल मैच खेले और लोपेज़ तथा मार्सेल गैनोलर्स ने युगल मैच खेला। वहीं स्पेनिश टीम को अपने घरेलू दर्शकों के समर्थन का भी फायदा मिला।

फिटनेस मामले में जडेजा से पीछे हूं : कोहली

नई दिल्ली ए.। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने फिटनेस को नए आयाम दिए हैं। वह सिर्फ प्रशंसकों के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी टीम के लिए भी पैमाना तय कर रहे हैं। कोहली ने हालांकि सोमवार को कहा कि उनके लिए कंडिशनिंग सत्र में हरफनमौला खिलाड़ी रवींद्र जडेजा को पीछे करना लगभग नामुमकिन सा होता है।

भारत ने विराट कोहली की कप्तानी में बांग्लादेश को दूसरे टेस्ट मैच में पारी और 46 रन से हराकर सीरीज 2-0 से अपने नाम की। विराट कोहली ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में पिंक बॉल से खेले गए ऐतिहासिक टेस्ट मैच में 136 रन की शतकीय पारी खेली। जडेजा ने इस मैच में हालांकि 12 रन की पारी खेली और उन्हें कोई विकेट भी नहीं मिला। कैप्टन कोहली ने ट्विटर पर ऋषभ पंत और जडेजा के साथ रनिंग करने का एक फोटो पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा, 'मुझे ग्रुप कंडिशनिंग करना पसंद है। जब जडडू (रवींद्र जडेजा) ग्रुप में हों तो, उसे पीछे करना लगभग नामुमकिन है।

सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय टूर्नमेंट

साइना की नजरें जीत पर

लखनऊ ए.। खराब फॉर्म से जूझ रहीं भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल की नजरें मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय टूर्नमेंट में घरेलू दर्शकों के सामने लय हासिल करने पर होगी जबकि युवा पुरुष खिलाड़ी लक्ष्य सेन सत्र का पांचवां खिताब जीतना चाहेंगे। तीन बार की पूर्व चैंपियन साइना मौजूदा सत्र में बीमारी और चोटों से जूझ रही हैं जिसका असर उनके खेल पर भी दिखा है। इस सत्र के छह टूर्नमेंट में वह पहले दौर से आगे नहीं बढ़ सकीं। उनकी कोशिश निराशा को पीछे छोड़कर सत्र का समापन खिताब के साथ करने की होगी।

हैदराबाद की 29 साल की यह खिलाड़ी अगले सत्र में खुद को तरोताजा रखने के लिए पहले ही प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) से नाम वापस ले चुकी है। इस सुपर 300 टूर्नमेंट के पहले दौर में उनका सामना इंग्लैंड की क्लो बर्च से होगा। विश्व चैंपियन पीवी सिंधु इस टूर्नमेंट में हिस्सा नहीं ले रही हैं। इस साल स्कॉटिश ओपन, सारलोरलक्स ओपन, डच ओपन और बेल्जियम इंटरनैशनल जैसे टूर्नमेंटों में जीत दर्ज करने वाले 18 साल के लक्ष्य की कोशिश पहली बार सुपर 300 टूर्नमेंट जीतने की होगी।

स्कॉटिश ओपन का खिताब जीतने वाला यह भारतीय खिलाड़ी रैंकिंग में पहली बार टॉप-40 में जगह बनाने के करीब है। सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय के पहले दौर में उनका सामना फ्रांस के थॉमस रौक्सेल से होगा। महिला एकल में साइना के अलावा मुग्धा अग्रे भी भारतीय चुनौती पेश करेंगी, पहले दौर में उनका सामना बेल्जियम की लियान्ने तान से होगा। पुरुष एकल में 2016 के विजेता किदांबी श्रीकांत, गत चैंपियन समीर वर्मा और विश्व चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट बी साई प्रणीत खिताब के प्रबल दावेदारो में होंगे।

रूस के व्लादिमीर मालकोव के खिलाफ अपना अभियान शुरू करने जा रहे श्रीकांत की कोशिश दो साल के खिताबी सूखे को खत्म करने की होगी।

परेशानी | चोट से निपटने बड़ी राशि अपनी जेब से खर्च करनी पड़ी

पिछले 6 वर्षों से कोई प्रायोजक नहीं : मनोज

नयी दिल्ली, (वार्ता)। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और जल्द ही बिग बाउट लीग में नज़र आने जा रहे भारतीय मुक्केबाज़ मनोज कुमार ने बताया है कि पिछले छह वर्षों से उनके पास कोई प्रायोजक नहीं है और वह वित्तीय परेशानियों से जूझ रहे हैं। मनोज ने बताया कि खेल के दौरान लगी चोट से निपटने के लिए भी उन्हें बड़ी राशि अपनी जेब से खर्च करनी पड़ी है। ऐसी स्थिति में आगामी बिग बाउट लीग से उन्हें उम्मीद की किरण मिली है जिससे उन्हें अपनी आर्थिक स्थिति को पटरी पर लाने का अवसर मिला है।

अर्जुन पुरस्कार विजेता मुक्केबाज़ दो बार ओलंपिक में भाग ले चुके हैं, लेकिन अभी तक अपने रेल विभाग में क्लास 2 रैंक का इंतज़ार कर रहे हैं। मनोज ने कहा, मेरे पिता और बड़े भाई का सपना रहा है कि मैं ओलंपिक में पदक जीतूं। इस लीग के आयोजित होने से मुझे अपनी तैयारियों का जायज़ा लेने का अवसर मिलेगा। वैसे भी साल भर चोट से दूर रहने के बाद पूरा माहौल चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

मनोज ने कहा कि उनके वजन में चुनौती भी अब काफी बढ़ गया है। बिग बाउट लीग के लिए उनकी तैयारियां ओलंपिक क्वॉलिफाइंग के लिए होने वाले ट्रायल में उनके काम आएंगी और एक तरह से बिग बाउट लीग ओलंपिक पदक जीतने के रास्ते की पहली सीढ़ी है और इसके लिए वह अपने लम्बे अनुभव का पूरा इस्तेमाल करेंगे।

भारतीय मुक्केबाज़ को बिग बाउट लीग में एनसीआर पंजाब ने वेल्टरवेट श्रेणी (69 किलो) में शामिल किया है। इस लीग में उनका मुक़ाबला अडानी गुजरात के दुर्योधन सिंह नेगी से, बॉम्बे बुलेट्स के नवीन बूरा, नॉर्थ ईस्ट राहिनो के अंकित खताना, ओड़िसा वॉरियर्स के उज्बेकिस्तानी मुक्केबाज़ जे होंगिर राखमानोव और बैंगलुरु ब्रवलर्स के नाइजीरियाई खिलाड़ी ओसोबो अब्दुल अफीस से होगा। राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण और कांस्य जीत चुके मनोज ने कहा कि अनुभव उनके पक्ष में है लेकिन किसी भी प्रतियोगिता में किसी भी मुक्केबाज़ को हल्के से नहीं आंका जा सकता। खासकर विदेशी खिलाडियों के खिलाफ खेलने का अनुभव उनके खासा काम आने वाला है।

मनोज दक्षिण एशियाई खेलों के भी चैंपियन हैं जबकि एशियाई चैम्पियनशिप में दो कांस्य पदक उनके नाम हैं। लंदन और रियो ओलंपिक में भाग ले चुके मनोज को पिछले साल इंडिया ओपन में भी कांस्य पदक हासिल हुआ। मनोज का कहना है कि ओलंपिक में अपने दम पर क्वॉलीफाई करके जाने का मज़ा ही कुछ और है। अब उनका लक्ष्य है कि जो काम पिछले दो मौकों पर वह नहीं कर पाए हैं, उसे वह इस बार अंजाम तक पहुंचायें।

तोक्यो ओलंपिक: खिलाड़ियों का डोप टेस्ट नहीं : सरकार

नयी दिल्ली ए.। सरकार ने सोमवार को कहा कि तोक्यो ओलम्पिक के लिए खिलाड़ियों का डोप परीक्षण अभी शुरू नहीं किया गया है तथा किसी भारतीय खिलाड़ी के डोपिंग कांड में शामिल होने का कोई मामला उसके संज्ञान में नहीं आया है।युवा एवं खेल मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उनसे जी सी चन्द्रशेखर ने प्रश्न किया था कि क्या प्रमुख खिलाड़ियों के डोपिंग कांड में लिप्त होने के कारण ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियां प्रभावित होंगी?इसके उत्तर में रिजिजू ने कहा, सरकार के संज्ञान में कोई भी डोपिंग का मामला नहीं आया है। जब भी किसी खिलाड़ी का डोप परीक्षण पाजिटिव पाया जाता है तो उस पर राष्ट्रीय डोप रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा उचित कार्रवाई की जाती है।उन्होंने यह भी कहा, तोक्यो ओलंपिक के लिए खिलाड़ियों का परीक्षण अभी शुरू नहीं हुआ है।उल्लेखनीय है कि अगले ओलंपिक खेलों का आयोजन 2020 में तोक्यो में होगा।डोपिंग से जुड़े एक अन्य प्रश्न में रिजिजू ने कहा कि सितंबर 2018 में वाडा लेबोरेटरी एक्सपर्ट ग्रुप द्वारा अपने दौरे के दौरान पायी गयी कुछ कमियों के कारण विश्व डोप रोधी एजेंसी (वाडा) ने राष्ट्रीय डोप परिक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल) की मान्यता 20 अगस्त 2019 से छह महीने की अवधि के लिए रद्द कर दी।

बालको पर बिजली बिल के 3902 करोड़ रुपए बकाया

ईश्वर चंद्रा

कोरबा। छत्तीसगढ़ में बिजली बिल के बकायादारों में आम जनता व किसान ही नहीं बल्कि करोड़ों-अरबों रुपयों का मुनाफ कमाने वाली कंपनियां भी हैं। इन बकायादार कंपनियों में भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) सबसे आगे हैं। बालको पर 3902 करोड़ की राशि बकाया है। छत्तीसगढ़ राज्य के 81 छोटे, बड़े उद्योगों पर विद्युत शुल्क का कुल सात हजार करोड़ रुपए से भी ज्यादा का बकाया है। इसमें आधे से अधिक रकम सिर्फ बालको से ही (3902 करोड़) वसूल की जानी है। इसके बाद जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड (जेएसपीएल) से 1345 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि वसूल की जानी है। जिंदल का 136.83 करोड़ रुपए की वसूली का एक प्रकरण हाईकोर्ट, बिलासपुर में विचाराधीन है। केएसके महानदी पॉवर प्रोजेक्ट, जांजगीर चांपा पर विद्युत शुल्क के 356.92 करोड़ रुपए बकाया हैं। ये प्रकरण एनसीएलटी में लंबित हैं।

कंपनी राज्य की सबसे बड़ी बकायादार, 81 उद्योगों पर बकाया कुल राशि का आधे से ज्यादा इसी पर

27 उद्योगों के प्रकरण सुप्रीम कोर्ट में

विद्युत शुल्क वसूली के 27 उद्योगों के प्रकरण सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट, एनसीएलटी में हैं। सरकार ने आठ प्रकरणों में रेवेन्यू रिकवरी केस फाइल करने जिलाधीशों को निर्देशित किया है। 46 प्रकरणों में वसूली के लिए नोटिस जारी किया गया है।

बड़े बकायादारों में मोनेट भी शामिल

बड़े बकायादारों में मोनेट इस्पात एंड एनर्जी, रायगढ़ भी शामिल है। मोनेट पर 314.76 करोड़ रुपए बकाया हैं। कंपनी से वसूली के तीन प्रकरण हाईकोर्ट में हैं। एमएसपी स्टील एंड पॉवर लिमिटेड, रायगढ़ पर 139.74 करोड़ रुपए से ज्यादा का बकाया है। कोरबा जिले में स्थित लैंको अमरकंटक पॉवर लिमिटेड से 98.78 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम सरकार को लेनी है, लेकिन इस कंपनी का प्रकरण एनसीएलटी में विचाराधीन है।

बड़ी बकायादार कंपनियां

कंपनी	राशि
बालको	3902,03,34,369
जेएसपीएल	1345,17,13,879
केएसके महानदी	356,92,14,520
मोनेट इस्पात	314,76,77,416
एमएसपीएसपीएल	139,74,79,319
लैंको	98,78,18,484

(स्रोत- छग विधानसभा)

अफसर के खिलाफ वारंट, हाउसिंग बोर्ड ने फोरम में जमा किए 1.27 करोड़ रु.

■ आदेशों की अवहेलना पर संपदा अधिकारी के खिलाफ जिला उपभोक्ता फोरम, दुर्ग ने जारी किया था गिरफ्तारी वारंट

संतोष मिश्रा

दुर्ग। जिला उपभोक्ता फोरम, दुर्ग द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने के बाद एक अधिकारी ने फोरम में 1.27 करोड़ रुपए की राशि जमा कराई है। सोमवार को छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के संपदा अधिकारी द्वारा अपने वकील के मार्फत यह राशि जमा कराई गई। दरअसल अधिकारी ने उपभोक्ता फोरम के पूर्व ओदशों की अवहेलना की थी। ये आदेश छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित तालपुरी इंटरनेशनल कॉलोनी भिलाई के अलग अलग मामलों में जारी किए गए थे। लेकिन इन आदेशों की अवहेलना के मद्देनजर फोरम के अध्यक्ष लवकेश प्रताप सिंह बघेल, सदस्य राजेन्द्र पाध्ये व लता चंद्राकर ने हाउसिंग बोर्ड के संपदा अधिकारी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। जिसके बाद अधिकारी ने उपभोक्ता फोरम में लंबित निष्पादन प्रकरणों में से 42 परिवादियों हेतु अपने अधिवक्ता के माध्यम से 1.27 करोड़ रुपये जमा कराये। हाउसिंग बोर्ड ने शेष प्रकरणों में राशि जमा नहीं करते हुए इसके लिये अवसर मांगा है।

रहवासियों ने की थी शिकायत

तालपुरी इंटरनेशनल कॉलोनी भिलाई के कुछ रहवासियों ने जिला उपभोक्ता फोरम में कुछ शिकायतें की थी। जिनके आधार पर वर्ष 2016 से 2019 के बीच जिला उपभोक्ता फोरम द्वारा हाउसिंग बोर्ड के विरुद्ध आदेश पारित किया गया था। उपभोक्ताओं ने अपनी शिकायतों में कहा था कि हाउसिंग बोर्ड द्वारा किए गए वायदे के मुताबिक उक्त कॉलोनी में ऑडिटोरियम, क्लब हाउस, स्विमिंग पूल जैसी सुविधाओं के लिए राशि मकान की कीमत के साथ अतिरिक्त तौर पर वसूल कर ली थी। लेकिन उन सुविधाओं को उपलब्ध नहीं कराया गया।

व्यवसायिक कदाचरण का आक्षेप भी

रहवासियों ने बोर्ड पर सर्विस टैक्स की अवैध वसूली तथा निर्माण में देरी की शिकायत करते हुए बोर्ड पर सेवा में निम्नता एवं व्यवसायिक कदाचरण किए जाने का आक्षेप लगाया था। इन शिकायतों की सुनवाई में जिला उपभोक्ता फोरम द्वारा वर्ष 2016 से 2019 के बीच अनेकों मामलों में हाउसिंग बोर्ड के खिलाफ आदेश पारित किए गए थे।

रहवासियों को मिलेगी कितनी राशि

1. शीतल प्रसाद सोनकर	-	461033
2. सुरेश चंद्र पटेल	-	644750
3. राकेश तिवारी	-	969048
4. ललित दास वैष्णव	-	121970
5. रश्मि दुबे	-	791922
6. सुनीता देवी	-	555132
7. भानु सिंह साहू	-	657082
8. अभिलाषा ठाकुर	-	127775
9. सुनीता अवचत	-	145000
10. योगेंद्र मोहन खरे	-	219030
11अरुण गुप्ता	-	670130
12. पवन कुमार	-	135196
13. शैल कुमारी	-	180869
14. इंद्रजीत घोष	-	185515
15. एम धनंजय	-	133440
16. जोसेफएम जॉन	-	185515
17. निशा मिश्रा	-	1318910
18. बसंत कुमार	-	184784
19. सुचरिता घोष	-	211520
20. रानू कांदूलकर	-	182405
21. रीना वर्गीस	-	132366
22. रविंद्र कुमार	-	341008
23. अकमू नायडू	-	130600
24. शिवप्रसाद दलाल	-	200800
25. उमा देवी	-	240623
26. नरेंद्र केला	-	132737
27. जगदीश चंद्र	-	129168
28. भक्त बंधु सतपथी	-	184784
29. यमलेश कुमार देवांगन	-	179780
30. प्रकाश चंद विनायक	-	130589
31. समीर काले	-	179688
32. सुनीता	-	176847
33. बनवारी लाल मीणा	-	179688
34. सुनीता डे	-	211337
35. टी सहदेव	-	135014
36. बी. सन्मुख	-	168764
37. मुकेश कुमार अग्रवाल	-	184449
38. बी. लोकराजू	-	159784
39. शरद कुमार बोखड़	-	118315
40. एस मनोज	-	266564
41. मिताली मिश्रा	-	839511
42. एजाज अहमद	-	225645

कुल रुपये - 1,27,29,087

राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग से भी नहीं मिल पाई थी राहत

हाउसिंग बोर्ड ने जिला उपभोक्ता फोरम के आदेशों को राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर एवं राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग नई दिल्ली में चुनौती दी थी। राज्य उपभोक्ता आयोग में हाउसिंग बोर्ड की अपील आंशिक रूप से स्वीकार की गई थी और राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग ने हाउसिंग बोर्ड को कोई राहत नहीं देते हुए मकान मालिकों से लिया गया सर्विस टैक्स वापस करने और मानसिक क्षतिपूर्ति अदा करने का आदेश दिया था। इसके बाद भी छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड द्वारा कई महीने बीतने के बाद भी न ही आदेशित राशि जमा की जा रही थी और ना ही कॉलोनी के बचे हुए कार्यों के संबंध में कोई उचित जवाब दिया जा रहा था। जिसके मद्देनजर जिला उपभोक्ता फोरम बोर्ड के संपदा अधिकारी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करना पड़ा।

सीएम ने आवासीय कॉलोनियों की स्वीकृति के लिए सिंगल विंडो प्रणाली

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज विधानसभा परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में आवासीय कॉलोनियों की स्वीकृति के लिए आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा विकसित ''सीजीअवास'' एकल खिड़की प्रणाली का बंटन दबाकर शुभारंभ किया। इस प्रणाली के माध्यम से कॉलोनियों के लिए भू-व्यपवर्तन प्रमाण पत्र, अनुमोदित अभिन्यास, कॉलोनी विकास की अनुज्ञा एक ही खिड़की से निर्धारित समय-सीमा में मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता आवास तथा पर्यावरण मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने की। आज इस एकीकृत एकल खिड़की प्रणाली का शुभारंभ हुआ है। एक दिसम्बर से इसका ट्रायल होगा और 15 दिसम्बर से आवेदक इसमें आवेदन कर सकेगा।

छत्तीसगढ़ शासन के आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा विकसित इस प्रणाली से अब आवासीय कॉलोनी के अनुमोदन की प्रक्रिया में तेजी आएगी और यह प्रक्रिया सरल तथा सुगम हो

■ आवासीय कॉलोनी के अनुमोदन की प्रक्रिया हुई सरल, सुगम और पारदर्शी

■ एक ही खिड़की में जमा होंगे समस्त दस्तावेज: 100 से 140 दिन में मिलेगी अनुज्ञा

जाएगी। एकल खिड़की में समस्त दस्तावेज जमा होने के उपरांत 100 से अधिकतम 140 दिवस के अंदर विकास अनुज्ञा जारी हो जाएगी। विभिन्न विभागों द्वारा कॉलोनी विकास के लिए आवश्यक अनापत्तियां भी एकल खिड़की पर प्राप्त हो जाएगी। पहले आवासीय कॉलोनी के विकास की अनुज्ञा प्राप्त करने के लिए जहां डेढ़ से दो साल का समय लग जाता था, वहीं अब इसकी समय-सीमा तय कर दी गई है और आवेदकों को 100 से 140 दिन के भीतर विकास की अनुज्ञप्ति प्राप्त हो सकेगी। पहले आवेदकों को प्रकरण की स्थिति जानने के लिए जहां संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, वहीं अब एकल खिड़की प्रणाली से इससे मुक्ति मिलेगी।

इस प्रणाली के लागू होने से एक बार में समस्त अनापत्तियां मिलेंगी। भूमि स्वामित्व के परीक्षण, भूमि नामांतरण, राजस्व विभाग, नगरीय निकाय द्वारा अखबार में विज्ञापन के प्रकाशन, भूमि एकीकरण सम्पूर्ण सर्वे में लगने वाले समय में बचत होगी। एक ही जगह से कॉलोनाईजन को कॉलोनी का अनुमोदन मिलेगा। आवेदन की हर स्तर पर ट्रेकिंग की जा सकेगी। प्रक्रिया में पारदर्शिता आयेगी। आवेदक अब अपने आवेदन की अद्यतन स्थिति मोबाईल में एस.एम.एस. के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उन्हें कार्यालय में सम्पर्क करना नहीं पड़ेगा।

रायपुर (नवप्रदेश)। धान कटाई के बाद ग्रामीण अंचलों में धान की बालियों को बैलगाड़ी में भरकर मिसाई के लिए ले जाते किसान।

समावेशी विकास में छत्तीसगढ़ देश में प्रथम स्थान पर

'इंडिया टूडे' की रैंकिंग : कृषि ऋण माफी, डीएमएफके सदुपयोग और सार्वभौम पीडीएस ने बदली सूरत

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ समावेशी विकास में देश में पहले स्थान पर है। प्रतिष्ठित साप्ताहिक पत्रिका 'इंडिया टूडे' द्वारा जारी समावेशी विकास में सर्वाधिक सुधार वाले 20 बड़े राज्यों की सूची में छत्तीसगढ़ सर्वोच्च स्थान पर है। किसानों की कर्जमाफी, जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) के प्रावधानों में संशोधन कर इसका उपयोग प्रभावितों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाने वाले कार्यों में करने और सार्वभौम पीडीएस के जरिए सभी लोगों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसे व्यापक तथा प्रभावी कदमों से प्रदेश ने यह उपलब्धि हासिल की है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बारी का भी समावेशी विकास में बड़ा योगदान है। इस बहुआयामी योजना से प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि व संबद्ध क्षेत्रों को सुदृढ़ करने, पशुपालन, जल संरक्षण, बारिश के पानी से सिंचाई, रोजगार सृजन, जैविक खेती को बढ़ावा, किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी तथा पोषण जैसे अनेक क्षेत्रों में काम हो रहा है। डीएमएफकी राशि से खासतौर से आदिवासी बहुल और वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों में कल्याणकारी कार्यों का स्थानीय लोगों को सीधे लाभ मिल रहा है। हर वर्ग के किसानों की ऋणमाफी और 2,500 रूपए में धान की खरीदी जैसे फैसलों ने छत्तीसगढ़ के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। जब पूरा देश मंदी की मार से जूझ रहा है, छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है।